You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-166 ❒ गुरुवार, 16 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



आज ब्रुसेल्स में विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद डायलॉग की सह-अध्यक्षता की। हाल के वर्षों में हमारी साझेदारी काफी गहरी हुई है। एस. जयशंकर

मातृत्व विमर्श विषय पर देश की प्रबुद्ध मातृशक्ति के साथ विशेष संवाद करेंगे भागवत 11

पंजाब, कर्नाटक, दिल्ली की एसआईआर तारीखों में बदलाव, अगस्त तक बीएलओ जायेंगे घर-घर 12

## संक्षेप

### एनसीपी (एसपी) के रुख से इंडिया गठबंधन की बढ़ीं धड़कनें

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में चल रही मुलाकातों और बैठकों के दौर ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया गठबंधन) की चिंता बढ़ा दी है। तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) में सांसदों की टूट के बाद अब एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार की महायुति के नेताओं से मुलाकात से घटक दलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने पार्टी नेताओं की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात के बाद लगाए जा रहे कयासों को बुधवार को खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि यह बैठक सियासी राजनीति का हिस्सा नहीं थी। पर परिसीमन विधेयक पर एनसीपी की राय पर इंडिया गठबंधन की उलझन बढ़ गई है। विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि परिसीमन विधेयक पर अभी इंडिया गठबंधन के घटकदलों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में एनसीपी का यह कहना है कि सरकार राज्यों में लोकसभा व विधानसभा सीट की संख्या 50 फीसदी तक बढ़ाने के लिए बिल में संशोधन करती है, तो एनसीपी (एसपी) चर्चा के लिए तैयार है। ऐसे में एनसीपी (एसपी) के रुख से घटक दलों की चिंता बढ़नी स्वभाविक है। क्योंकि, एनपीसी (एसपी) के लोकसभा में आठ और राज्यसभा में एक सांसद हैं। पार्टी नेता मानते हैं कि शरद पवार की पार्टी के सदन में संख्या बल से अधिक अहम उनका साथ होना है। हालांकि, एनसीपी (एसपी) ने दोहराया है कि वह इंडिया गठबंधन के साथ है। रणनीतिकार मानते हैं कि परिसीमन विधेयक में संशोधन की शर्त पर शरद पवार समर्थन करते है, तो इससे विपक्ष के विरोध की धार कमजोर होगी। वह मानते हैं कि एनसीपी (एसपी) को घटक दलों के चर्चा के बाद इस मुद्दे पर कोई बात कहनी चाहिए थी। क्योंकि, इससे घटक दलों के बीच तालमेल को झटका लग सकता है।

### सरकार ने सेना के लिए छह स्वदेशी एम्फीबियस नौकाओं की खरीद के प्रस्ताव मांगे

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सर क्रीक सेक्टर में भारतीय सेना की संचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तेज गति वाली स्वदेशी एम्फीबियस नौकाओं की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। इन नौकाओं से सर क्रीक के कठिन दलदली इलाके में आवागमन, निगरानी और घुसपैठ विरोधी अभियानों में सुधार आने की उम्मीद है।रक्षा सूत्रों के अनुसार इन नौकाओं की खरीद 'खरीदें (भारतीय)' श्रेणी के तहत की जा रही है, जिसमें न्यूनतम 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री अनिवार्य है। खरीद प्रस्तावों के मिलने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 24 महीने के भीतर विजेता कंपनी को इन नौकाओं की आपूर्ति करनी होगी। सूत्रों ने कहा कि अभी 11 नौकाओं की खरीद का प्रस्ताव है और इनमें से ज्यादातर को गुजरात के कच्छ क्षेत्र में तैनाती के लिए भारतीय सेना में शामिल किए जाने की संभावना है।

# 'कुकरैल नाइट सफारी' परियोजना को आगे बढ़ाने की मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार को लखनऊ के कुकरैल वन अभ्याण्य में अपने महत्वाकांक्षी 'नाइट सफारी और जूलॉजिकल पार्क परियोजना' को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस आपत्ति को खारिज कर दिया कि इस परियोजना से पूरे वन अभ्यारण्य क्षेत्र में असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि 'क्या देश रुका रहेगा? चिड़ियाघर अब पुराने हो गए हैं। इस सबको देखने के लिए विशेषज्ञ हैं। सीजेआई ने आगे कहा कि जांच के बाद और शर्तें तय करने और उनका पालन करने के बाद, संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ के साथ सभी एहतियाती उपाय किए जा सकते हैं। पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना भी शामिल थे। पीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमिटी (सीईसी), सेंट्रल ज़ू अथॉरिटी और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लगाई गई शर्तों का सख्ती से पालन करे और साथ ही परियोजना के लिए केंद्र से जरूरी मंजूरी भी ले। पीठ ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि सीईसी ने कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को मंजूरी दे दी है। पीठ ने सीईसी से कहा कि वह साइट का दौरा करके देखे कि क्या अधिकारी शर्तों का पालन कर रहे हैं और तीन महीने बाद रिपोर्ट दाखिल करे। सीजेआई ने कुछ याचिकाकर्ताओं को परियोजना के संबंध में सीईसी को अपने सुझाव देने की अनुमति दी।

दो चरणों में बंटी यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारत की पहली अर्बन नाइट सफारी है। यह 5,000 हेक्टेयर में फैले कुकरैल वन अभ्यारण्य में बनेगी और इस पर लगभग 1,500 करोड़ रुपये की लागत आएगी।



**टिप्पणी**

❒ 'क्या देश रुका रहेगा? चिड़ियाघर अब पुराने हो गए हैं। इस सबको देखने के लिए विशेषज्ञ हैं

### सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई टाली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई टाल दी। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई टालने का निर्देश तब दिया जब बताया गया कि हिंदू पक्ष आपस में बातचीत कर रहे हैं कि इस मामले में किसका मुकदमा मुख्य मामला होगा। जस्टिस संजय कुमार और संजीव सचदेवा की पीठ के समक्ष जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई तो यह जानकारी दी गई कि वादियों के बीच कुछ अनौपचारिक (ऑफ-द-रिकॉर्ड) बातचीत चल रही है। शुरुआत में, पीठ कुछ हिंदू पक्षों की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और विवाद में दूसरे हिंदू पक्ष की ओर से पेश वकील पी.वी. योगेश्वरन से पूछा कि क्या उनके बीच कोई बातचीत चल रही है। जस्टिस कुमार ने कहा कि अगर पक्षों के बीच कुछ चल रहा है, तो हम मामले को स्थगित कर देंगे। इस पर अधिवक्ता योगेश्वरन ने कहा कि वे नहीं चाहते कि कोर्ट आदेश में बातचीत के बारे में कुछ भी दर्ज करे क्योंकि यह वादियों के बीच चल रही है और ऑफ-द-रिकॉर्ड है। आगे जस्टिस कुमार ने कहा कि मामले को कई बार स्थगित किया जा चुका है और इस बार इसे तभी स्थगित किया जा सकता है जब पक्षों के बीच कुछ चल रहा हो। पीठ ने वकीलों से कहा कि हम पक्षों को बातचीत के लिए बाध्य नहीं करने जा रहे हैं। अगर कुछ चल रहा है, तो उसे आदेश में भी दर्ज किया जा सकता है। इसमें क्या हर्ज है? साथ ही मामले को पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम कोर्ट एक हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2025 के उस आदेश को चुनौती गई है। हाईकोर्ट ने दूसरे मुकदमे में शामिल एक हिंदू पक्ष को भगवान कृष्ण के सभी भक्तों का प्रतिनिधि माना लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की 'हताशा' पर चिंता जताई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के डिजिटल मार्किंग सिस्टम पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इस मूल्यांकन प्रक्रिया में बुनियादी और लगातार बढ़ने वाली समस्याएं दिख रही हैं, जिससे छात्रों में भारी हताशा है। शीर्ष अदालत ने बच्चों की परेशानी और डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया की कमियों पर संज्ञान लेते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से अदालत की मदद करने का आग्रह किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की पीठ ने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया में बुनियादी और लगातार बढ़ने वाली समस्याएं दिख रही हैं, जिससे युवा छात्रों में भारी हताशा है। ● शेष पेज 11 पर

# 2017 से पूर्व की सरकार ही सबसे बड़ी अपशगुन थी : योगी

**योगी बोले**

❒ 2017 से पहले नौकरी निकलती नहीं थी और निकल गई तो चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली पर निकल पड़ती थी: सीएम योगी

❒ मुख्यमंत्री ने जताया युवा शक्ति पर भरोसा, कहा- युवाओं के दम पर बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर का उत्तर प्रदेश सरकारी नौकरियों की स्थिति

❒ पहले यूपी के नाम पर बाहर के लोग चिढ़ते थे, सरकारी नौकरी पर एक खानदान का अधिकार था

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए न रोजगार था और न पारदर्शी भर्ती प्रणाली। सरकारी नौकरियों पर एक परिवार का अधिकार था और बिना पैसे कोई काम नहीं होता था। उत्तर प्रदेश कभी बीमारू नहीं था, बल्कि तत्कालीन सरकार की सोच व कार्यशैली बीमार थी। 2017 से पहले तत्कालीन राज्य सरकार ही प्रदेश की सबसे बड़ी अपशगुन थी। पिछले नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने 9 लाख से अधिक युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां दी हैं, जबकि सवा तीन करोड़ से अधिक युवा व कारीगर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़े हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, प्रशिक्षित युवाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष यूनेस्को ने विश्व युवा कौशल दिवस की थीम 'साझा भविष्य के लिए कौशल' निर्धारित की है। अवसर तभी साकार होते हैं, जब दूरदृष्टि और सकारात्मक सोच वाली सरकार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने ऐसे हालात बना दिए कि बाहर के लोग यूपी के नाम से चिढ़ते थे। सरकारी नौकरियों पर एक खानदान का अधिकार था, पारदर्शिता का अभाव था। भर्ती प्रक्रियाओं में भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार हावी था। बिना पैसे कोई काम नहीं होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन्ना सेठ हो या झोपड़ी में रहने वाला इंसान, रोटी केवल दो ही खाता है। जिसके पास सीमित आवश्यकता ● शेष पेज 11 पर



### नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में बनाई मजबूत पहचान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्षों के कार्यों, कानून-व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, कृषि, निवेश और बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव लाने में सफल रही है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान, सुरक्षा और विकास के संकट से जूझ रहा था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में राज्य ने देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। कहा कि यूपी में पहली बार कोई सरकार तीसरी बार लगातार रिपीट होगी। एनडीए सरकार इस बार यूपी में हैट्रिक लगाएगी। सीएम ने कहा कि 9 वर्षों की कार्यपद्धति और रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने है। जनता जनार्दन फैसला करने को तैयार है। 2003 से 2017 तक सपा और अन्य सरकारों की कार्यपद्धतियां भी सबके सामने है। हम लोगों ने पीएम मोदी जी के विजनरी नेतृत्व में विकसित भारत को आगे बढ़ाने का काम किया। डबल इंजन ● शेष पेज 11 पर

# मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने में निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी

❒ पोलैंड के उप विदेश मंत्री ने की प्रधानमंत्री की तारीफ बोले- परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से रोका था

❒ पश्चिम एशिया में टकराव पर भारत का रुख सही

नई दिल्ली। पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव थियोफिल बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारतीय प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि 2022 के आखिर में यूक्रेन में छोटे परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से राष्ट्रपति पुतिन को रोकने में प्रधानमंत्री मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के बहुत सम्मानित नेता हैं और भारत-रूस के संबंध भी बहुत पुराने हैं। भारत के रूस और उससे पहले सोवियत संघ के साथ गुटनिरपेक्ष देश के तौर पर लंबे समय से अच्छे संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी उन कुछ चुनिंदा नेताओं में हैं, जो राष्ट्रपति पुतिन पर कुछ दबाव डाल सकते हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव पर पोलैंड के उप विदेश मंत्री ने भारत के रुख को सही बताया। उन्होंने कहा कि भारत बड़ा और महत्वपूर्ण देश है। इस मामले में उसका रुख सही है। भारत का ज्यादातर तेल खाड़ी देशों से होकर आता है। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पोलैंड भी ईरान के संपर्क में है और युद्ध का कूटनीतिक समाधान चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भी पीएम मोदी की तरह ही समझदारी से ईरान से बात करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रूस के साथ सहयोग को लेकर अमेरिका की ओर से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश पर तंज कसते हुए कहा कि ऐसे कदम द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए नुकसानदेह हैं।

### ईरान नहीं माना तो उसके पास कुछ नहीं बचेगा : ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को और हमले झेलने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि तेहरान अगर बातचीत की मेज पर वापस नहीं आता है तो अमेरिका और बड़े हमले करेगा। ट्रंप ने अगले सप्ताह से ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों को निशाना बनाने की चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान नहीं माना और अमेरिका के साथ समझौता करने में नाकाम रहा तो उसके पास कुछ नहीं बचेगा। मंगलवार देर रात एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान तेज करने जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम उन पर जोरदार हमला करने वाले हैं। हर अगले दिन इन हमलों की संख्या और तेजी बढ़ती जाएगी। आने वाले एक सप्ताह के बाद ईरान के ● शेष पेज 11 पर

# एक देश एक चुनाव से संघीय ढांचे को नुकसान के आरोप आधारहीन: चौधरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर परीक्षण के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने बुधवार को कहा कि इस मसौदे के लागू होने से देश के संघीय ढांचे को नुकसान के आरोप आधारहीन हैं। 1952 से 1967 तक देश ने एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव होते देखा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को छोड़ दिया जाए तो 99 फीसदी लोग यही चाहते हैं कि देश में बार-बार चुनाव न हों।

चार दिवसीय दौरे के अंतिम दिन पीपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यूपी 10वां राज्य है, जहां आकर उसने विधेयक पर लोगों की राय जानी। एक देश एक चुनाव की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। यूपी से पहले 9 राज्यों का दौरा किया जा चुका है। चौधरी ने कहा कि सभी राज्यों के भ्रमण में यही निकल कर आया कि ● शेष पेज 11 पर

❒ राजनीतिक दलों को छोड़कर 99 फीसदी लोग एक बार चुनाव के पक्ष में



❒ पीपी चौधरी बोले, 10 राज्यों के दौरों में समिति को सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने बताया कि बार-बार चुनाव से विकास प्रभावित

# भारत-ब्रिटेन सीईटीए लागू, 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) आज से लागू हो गया। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा समझौता, जिसे दोहरा योगदान समझौता (डीसीसी) कहा जाता है, भी लागू हो गया। इससे ब्रिटेन में भारतीय प्रोफ़ेशनल्स की आवाजाही और कॉम्पिटिटिवनेस को बढ़ावा मिलेगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई, 2025 को हस्ताक्षर किए गए थे। यह ऐतिहासिक समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस करार से भारत के करीब 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटिश बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। आर्थिक मामलों के जानकार इसे पिछले कुछ वर्षों में भारत के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौतों में से एक मान रहे है। वहीं, सरकार का दावा है कि इससे किसानों, श्रमिकों, ● शेष पेज 11 पर



### भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक और व्यापार समझौता लागू होना महत्वपूर्ण क्षण: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने को महत्वपूर्ण क्षण करार देते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे। श्री मोदी ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के सोशल मीडिया पर इस समझौते के आज से लागू होने से संबंधित पोस्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए बुधवार को कहा कि समझौते का लागू होना भारत ब्रिटेन साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण क्षण है।

**वाराणसी के लिए 25,446 करोड़ के एलिवेटेड कॉरिडोर, यूरिया में आत्मनिर्भरता की नई नीति और 1.27 लाख करोड़ के सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी**

# देश को इंफ्रास्ट्रक्चर, खेती और चिप सेक्टर की ट्रिपल सौगात

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश के बुनियादी ढांचे, कृषि और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े तीन बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने वाराणसी में 25,445.96 करोड़ रुपये की लागत से दो एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं, राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 तथा 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान वाले सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम को स्वीकृति दी। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से देश में आधुनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा।

वाराणसी के लिए स्वीकृत दोनों एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं की कुल लागत 25,445.96 करोड़ रुपये है और इनका निर्माण हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) के तहत किया जाएगा। पहली परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से वाराणसी रिंग रोड तक गंगा नदी के किनारे 46.039 किलोमीटर लंबा छह लेन का ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस परियोजना पर 14,447.64 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें केबल-स्टे पुल, एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज, रैंप, लूप, लिंक रोड और सर्विस रोड जैसी आधुनिक संरचनाएं भी शामिल होंगी। दूसरी परियोजना में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से वाराणसी रिंग रोड तक वरुणा नदी के किनारे 43.218 किलोमीटर लंबा चार और छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिसकी लागत 10,998.32 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना से वाराणसी शहर, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, रामनगर पोर्ट, चंदौली क्षेत्र तथा प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। सरकार के अनुसार दोनों कॉरिडोर बनने के बाद शहर के भीतर यातायात का दबाव काफी कम होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से रिंग रोड तक यात्रा समय लगभग 60 मिनट से घटकर 20 मिनट रह जाएगा, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से काशी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में लगने वाला समय 40 मिनट से घटकर करीब 20 मिनट हो जाएगा। इससे काशी विश्वनाथ मंदिर, बीएचयू, नमो घाट, रामनगर किला और अन्य पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से पर्यटन, व्यापार, लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। कैबिनेट ने उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 को भी मंजूरी दी है। इस नीति के तहत देशभर में नए गैस आधारित यूरिया संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वर्तमान में देश में लगभग चार करोड़ टन यूरिया की मांग है, जबकि करीब एक करोड़ टन यूरिया का आयात करना पड़ता है। नई नीति लागू होने के बाद आयात पर निर्भरता समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। नई नीति में निवेश प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया गया है। इसमें स्थिर एवं परिवर्तनीय लागत को अलग-अलग रखने, निवेशकों के लिए 12 से 16 प्रतिशत के बीच 'रिटर्न ऑन इक्विटी' का प्रावधान करने तथा विदेशी मुद्रा जोखिम कम करने जैसे महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। सरकार का अनुमान है कि 2012 की निवेश नीति की तुलना में नई नीति के तहत स्थापित प्रत्येक यूरिया संयंत्र पर 250 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी। इससे सरकारी, सहकारी और निजी क्षेत्र के निवेशकों को नए संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और देश की खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी। बैठक में भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में भी बड़ा फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने अगले छह वर्षों के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान वाले सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम को मंजूरी दी। यह योजना चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर फैब, मशीनों एवं सामग्री निर्माण, एटीएमपी/ओएसएटी इकाइयों, अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल विकास जैसे ● शेष पेज 11 पर



**सौगात**

❒ मोदी कैबिनेट ने इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और हाईटेक विनिर्माण को दी नई रफ्तार

❒ पूर्वांचल की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यूरिया आयात पर निर्भरता घटेगी और भारत बनेगा वैश्विक चिप हब

# सात स्वर्ण पदकों के साथ छाईं श्वेता भातखंडे दीक्षांत में प्रतिभाओं का सम्मान

- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 16वां दीक्षांत समारोह संपन्न, 255 पदकों के साथ गूंजा संस्कृति का स्वर
- संगीत, संस्कृति और सफलता का उत्सव, भातखंडे में 23 मेधावी हुए सम्मानित




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के 16वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को शिक्षा, संस्कृति, संगीत और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। कैसरबाग स्थित कला मण्डपम प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में शिक्षण सत्र 2025-26 के कुल 23 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। एम.पी.ए. (कथक) की छात्रा श्वेता गुप्ता सर्वाधिक सात स्वर्ण पदक प्राप्त कर समारोह का मुख्य आकर्षण रहीं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

पदक विजेताओं में एम.पी.ए. (कथक) की रूनझुन सिंह को दो रजत पदक तथा एम.पी.ए. (गायन) के छात्र स्पर्श कुमार कश्यप को एक कांस्य और तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। बी.पी.ए. (कथक) की वल्लरी नारायण पाठक और तनिष्का सक्सेना को दो-दो पदक मिले, जबकि बी.पी.ए. (तबला) के छात्र आलोक कुमार मिश्रा को चार पदकों से सम्मानित किया गया। नेहा काजी को गिटार विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पांच स्वर्ण पदक और प्रिया दुबे को गायन विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चार पुरस्कार प्रदान किए गए। भरतनाट्यम की छात्रा दीप्ति सिंह को तीन स्वर्ण पदक तथा नाट्यकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर करतुम्म तरैया को पद्मश्री प्रो. राज बिसारिया स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के छह विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राथमिक विद्यालय कटिंगरा, लखनऊ की प्रधानाचार्याएं श्रीमती पूजा सक्सेना और श्रीमती नम्रता मिश्रा को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। कुलाधिपति की प्रेरणा से जनभवन स्कूल के बच्चों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें और लेखन सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा चिन्हित जनपदों के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को 300 किट प्रदान की गईं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पत्रिका तथा प्रो. सृष्टि माथुर की पुस्तक 'संगीत सृष्टि' का भी विमोचन किया गया।विश्वविद्यालय की कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रतिनिधि के रूप में समारोह में उपस्थित राज्यपाल के विशेष कार्यकारी अधिकारी ( रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव) सुधीर एम. बोबडे ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री और पदक देने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति और मूल्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 255 पदक वितरित किए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पदकों के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी आगे लेकर जाएं। एआई के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता संगीत का निर्माण कर सकती है, लेकिन संगीत की सृजक नहीं बन सकती, क्योंकि संगीत की वास्तविक आत्मा मानवीय संवेदनाओं, साधना और अनुभवों से जन्म लेती है। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात तबला वादक पंडित कुमार बोस ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदुस्तानी संगीत नव रसों पर आधारित है। इन रसों को आत्मसात किए बिना संगीत की वास्तविक अनुभूति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कलाकार जब भारतीय संस्कृति, संवेदनाओं और जीवन मूल्यों को भीतर से महसूस करता है, तभी वह भारतीय संगीत की आत्मा तक पहुंच पाता है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विश्वविद्यालय के गोद लिए गए गांवों के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 में एक छोटे से संगीत विद्यालय के रूप में शुरू हुई यह संस्था वर्ष 2022 में पूर्ण विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुई और आज देश की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहरों में शामिल है। उन्होंने कहा कि वितरित पदकों में 28 पदक महिला विद्यार्थियों को प्राप्त हुए हैं।

## भारत स्काउट एवं गाइड की प्रधानाचार्यों की कार्यशाला आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में टीडी इंटर कॉलेज के मार्कंडेय सभागार में बुधवार को भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश की जिला संस्था द्वारा प्रधानाचार्यों की बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, स्काउट-गाइड पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और काउंसलरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के नैतिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना तथा उन्हें जनपद से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड इकाइयों का पंजीकरण, नवीनीकरण एवं प्रशिक्षण प्रत्येक वर्ष नियमानुसार कराया जाए। साथ ही नवंबर 2025 में आयोजित नेशनल जंबूरी में जौनपुर की प्रदेश में सर्वाधिक भागीदारी रहने पर जिले के सभी स्काउट-गाइड पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं काउंसलरों को बधाई भी दी। कार्यशाला के समापन अवसर पर टीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए स्काउट एवं गाइड कार्यालय के संचालन के लिए अपनी पुरानी बिल्डिंग के दो कक्ष उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने इसे जिला संस्था की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति बताया। कार्यक्रम में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. चंद्रकला सिंह, सहायक प्रदेश संगठन आयुक्त (वाराणसी मंडल) जय प्रकाश दक्ष,स्काउटर, गाइडर, काउंसलर एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे ।

### ध्वस्तीकरण से प्रभावित परिवार को तत्काल पुनर्वासित किया जाये : उज्जवल



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फूलपुर सांसद उज्जवल रमण सिंह ने टीसीआई गेट, महेवा में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर 50 साल से रह रहे गरीबों के मकानों पर बुल्डोजर चलाने की घटना की घोर निंदा की है। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने ध्वस्तीकरण रुकवाने के भरसक प्रयास किए। आरोप है कि सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं की गाड़ियों को टीसीआई मोड़ से निकलने में दिक्कत होती थी, जिसके चलते शासन–सत्ता के जोर पर गरीबों के घर गिराकर रास्ते को चौड़ा किया गया। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बुल्डोजर से प्रभावित परिवारों को तत्काल पुनर्वासित किया जाए और उन्हें उचित मुआवजा एवं वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाए।

### सताक्षी एंटरप्राइजेज में अभिनेत्री इशिता दत्ता का भव्य स्वागत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एशियन पेंट्स के सेलिब्रिटी विजिट अभियान के तहत जानकीपुरम स्थित सताक्षी एंटरप्राइजेज कलरआइडियाज स्टोर में बॉलीवुड अभिनेत्री इशिता दत्ता का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टोर का भ्रमण किया, एशियन पेंट्स के उत्पादों की जानकारी ली और ग्राहकों व टीम के सदस्यों से संवाद किया। कार्यक्रम में लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।इस अवसर पर एशियन पेंट्स के रीजनल मैनेजर पवन श्रीवास्तव, एरिया मैनेजर राहुल सोमवंशी, सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव अमृतेश सिंह तथा टेरिटरी सेल्स एग्जीक्यूटिव अंकित श्रीवास्तव सहित जन उद्?घोष व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह कई पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे सताक्षी एंटरप्राइजेज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करना और ब्रांड के प्रति विश्वास को और मजबूत करना था।

### तड़के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी भीषण आग, 10 लाख से अधिक का सामान जलकर राख

**बख्शी का तालाब,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिंगवां थाना क्षेत्र के कुम्हरावां चौराहे स्थित कुर्सी रोड पर बुधवार तड़के करीब तीन बजे एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये कीमत का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार एस.के. इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फायर ब्रिगेड की टीम करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। फायर कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर महिंगवां थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।दुकान मालिक जलालपुर निवासी शिवकुमार ने बताया कि शोरूम में फ्रिज, कूलर, एलईडी टीवी, पंखे सहित करीब 10 लाख रुपये से अधिक कीमत का इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा था, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गया।फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है।

### क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर लाखों की ठगी

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड बंद होने के बहाने एक व्यक्ति से ऑनलाइन ठगों ने 3 लाख 44 हजार 986 रुपये ठग लिए।ठग ने खुद को बैंक कर्मी बताकर कार्ड अपडेट करने के नाम पर ओटीपी मंगवाया और कुछ ही मिनट में 5 अलग–अलग ट्रांजेक्शन कर दिए।पीड़ित अनिल कुमार यादव 407 एफडी हॉस्पिटल में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई 2026 को सुबह 11:38 बजे उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपका क्रेडिट कार्ड आज ही बंद हो जाएगा, इसे अपडेट कर लीजिए। इसके लिए उसने एक लिंक भेजा और कार्ड डिटेल डालने को कहा। अनिल के अनुसार, उसने कहा 6 डिजिट का नंबर आएगा उसे डाल दीजिए। मैंने डाल दिया। इसके बाद मेरे कार्ड से एक के बाद एक कर के हुए ट्रांजेक्शन से 3 लाख 44 हजार 9 दो 86 रुपये निकल गए। ठगी का पता चलते ही अनिल ने तुरंत एसबीआई मेन ब्रांच में शिकायत की। इसके बाद उन्होंने 1930 हेल्पलाइन और राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद 14 जुलाई को थाना सुशांत गोल्फ सिटी में शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि ठग ने खुद को राम सेवक पुरम हरिहरपुर नीलमथा लखनऊ का निवासी बताया था।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**जौनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** यूपी के जौनपुर में अपर सत्र न्यायाधीश षष्ठम सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने 4 वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को बुधवार को 20 वर्ष के सश्रम करावास एवं 27000 रुपए अर्थ दंड से दंडित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि अभियोजन कथानक के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि उसकी 15 वर्षीया नाबालिग पुत्री को 28 मई 2022 को स्कूल जा रही थी रास्ते में रविंद्र पाल पुत्र पन्नालाल पाल उसे बहला– फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ 8–9 महीने तक लगातार बलात्कार करता रहा। 7 मार्च 2023 को उसकी पुत्री को एक लड़की पैदा हुई जब यह सूचना देने वह अभियुक्त के यहां गया तो उसके परिजन गाली–गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी एवं रमेश चंद्र पाल द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को दोष सिद्ध पाते हुए उक्त दंड से दंडित किया।

### फर्रुखाबाद में पिता की हत्या में फरार आरोपित पुत्र गिरफ्तार

**फर्रूखाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मोहम्मदाबाद थाना पुलिस ने बुधवार को पिता के हत्या के आरोप में फरार आरोपित पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।उसके कब्जे से खून से सनी बनियान भी बरामद की गई है । अपर पुलिस अधीक्षक ग्रीश चंद्र ने बताया की थाना क्षेत्र के गांव रोहिल्ला में 13 जुलाई को श्याम सिंह उर्फ रामू ने अपने पिता की हत्या कर दी थी ।वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया था। पुलिस ने पिता रामदास के हत्या आरोपित पुत्र श्यामू को गिरफ्तार कर लिया है। श्यामू ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पुत्री के विवाह में कुछ लोगों से कर्ज लिया था।

## हमने न्याय दिलाया, प्लास्टिक सर्जनों ने जीवन में फिर से उम्मीद जगाई: डॉ. राजेश्वर सिंह

- विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिलाया बर्न अवेयरनेस का संदेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनी नगर, लखनऊ । विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को लखनऊ गोल्फ क्लब में एसजीपीजीआईएमएस के प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स विभाग द्वारा आयोजित विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस जागरूकता वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जलने की घटनाओं की रोकथाम, सही प्राथमिक उपचार तथा पुनर्निर्माण (रिकंस्ट्रक्टिव) प्लास्टिक सर्जरी के महत्व पर व्यापक जनजागरूकता का आह्वान किया।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी केवल सौंदर्य बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एसिड अटैक पीड़ितों, अग्निदुर्घटना एवं सड़क दुर्घटना के घायलों, जन्मजात विकृतियों से पीड़ित बच्चों, कैंसर एवं गंभीर चोटों के मरीजों के जीवन में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार करती है। उन्होंने अपने पुलिस सेवा काल की एक एसिड अटैक घटना का उल्लेख करते हुए कहा, ल्हमने अपराधी को गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाया, लेकिन प्लास्टिक सर्जनों ने उसका चेहरा, आत्मविश्वास और जीवन फिर से संवार दिया। तभी से इस चिकित्सा शाखा के प्रति मेरा सम्मान असीम है। डॉ. सिंह ने कहा कि विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस की शुरुआत भारत से हुई, जो वर्ष 2011 में नेशनल प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी डे के रूप में प्रारंभ होकर 2021 में वैश्विक अभियान बना। उन्होंने एसजीपी जीआई एमएस के प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम को इस जनजागरूकता अभियान और मरीजों के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए बधाई दी। साथ ही केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. तुलिका चंद्रा की उपस्थिति का स्वागत करते हुए ट्रॉमा केयर एवं प्लास्टिक सर्जरी में रक्तदान और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. सिंह ने लखनऊ गोल्फ क्लब के सचिव रजनीश सेठी का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विजय शर्मा, हरीश सिद्धार्थ, करण सहित चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर, गोल्फर, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। समापन में डॉ. सिंह ने सभी से बर्न अवेयरनेस एम्बेसडर बनने का आह्वान करते हुए संदेश दिया– जलने पर ठंडा पानी डालें, जीवन बचाएँ। जलन रोकें, जीवन बचाएँ। मुस्कान लौटाएँ।

## किसान दिवस में गूंजे किसानों के मुद्दे, सबसे अधिक शिकायतें बिजली विभाग की

- सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाये

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में माह जुलाई 2026 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि, उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान बन्धु व कृषक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा किसान दिवस में प्रतिभाग करने वाले सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त जिला कृषि रक्षा अधिकारी सीतापुर द्वारा गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही कृषक भाईयों को खरीफ फसलों में लगने वाले रोग/कीट एवं खरपतवार के नियंत्रण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला कृषि अधिकारी सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरक की प्राप्ति हेतु कृषक भाई ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग करें। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि अग्रिम किसान दिवस में समस्त विभाग अपने विभाग के अन्तर्गत चलने वाली योजनाओं के बारे में अनिवार्य रूप से चर्चा करेंगे तथा किसानों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर शिकायतकर्ता के साथ ही उप कृषि निदेशक कार्यालय सीतापुर को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाये। किसान दिवस में 24 समस्याएं प्राप्त हुईं, जिसमें सर्वाधिक विद्युत विभाग से थीं, सम्बन्धित को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु अध्यक्ष महोदया, द्वारा निर्देशित किया गया।

## शिकायत के 10 माह बाद भी नहीं दर्ज हुई एफआईआर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र में रूपयों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में गाली-गलौज और जान-माल की धमकी देने के मामले में पीड़ित को शिकायत के 10 महीने बाद भी न्याय नहीं मिला है।पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

पीड़ित इमरान अली पुत्र इरफान अली निवासी ग्राम गंगागंज मजरा सलेमपुर थाना गोसाईगंज का कहना है कि 24 अगस्त 2025 की रात करीब 7:39 बजे कौशलपुरी खरगापुर गोमती नगर निवासी राजेश चन्द्र तिवारी ने फोन पर उससे गाली-गलौज की और रास्ते में चलने न देने के साथ जान-माल की धमकी दी। इमरान के मुताबिक इस पूरी बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर भी गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। उस रिकॉर्डिंग को भी उसने सुरक्षित रखा है। पीड़ित इमरान ने बताया कि घटना के बाद 8 सितंबर 2025 को उसने गोसाईगंज पुलिस को लिखित शिकायत दी।साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित डीसीपी दक्षिणी के पास पहुंचा। डीसीपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीपी गोसाईगंज को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।एसीपी के आदेश पर गोसाईगंज थाने ने चौकी प्रभारी गंगागंज से जांच कराई।सूत्रों के अनुसार जांच में पीड़ित के आरोप सही पाए गए। इसके बावजूद पीड़ित का आरोप है कि एसीपी गोसाईगंज की ओर से अब तक एफआईआर दर्ज करने के आदेश नहीं दिए गए हैं।घटना को 10 माह से अधिक का समय बीत चुका है और वह लगातार एसीपी कार्यालय और थाने के चक्कर लगा रहा है।पीड़ित इमरान ने डीसीपी दक्षिणी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि आरोपी की ओर से लगातार धमकी मिलने के कारण उसके और उसके परिवार के जान-माल को खतरा है।इसलिए जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज कर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।इस संबंध में एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव ने बताया कि मामला ज्यादा पुराना होगा इस लिए संज्ञान में नही है। पीड़ित संतुष्ट नही है तो दोबारा शिकायत दे दे तो जाँच करवाकर कार्यवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप 2026–27 के तहत 23 नई आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित की जाएंगी: दयालु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




वाराणसी। उत्तर प्रदेश में आयुष चिकित्सा को जमीनी स्तर तक सुलभ, आधुनिक और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बताया कि 'राज्य आयुष सोसायटी' की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में आयुष सेवाओं के विस्तार की व्यापक कार्ययोजना को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई है।

डॉ. दयालु ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप राज्य वार्षिक कार्य योजना 2026-27 के तहत 23 नई आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित की जाएंगी। इससे ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सीधे नागरिकों तक पहुंचेंगी। हमारा लक्ष्य है 'रोग से पहले रोकथाम'।

आयुष मंत्री ने बताया कि प्रत्येक यूनिट की लागत 9.425 लाख है। इन यूनिट्स में 1 आयुष चिकित्साधिकारी और 1 सहायक स्टाफ तैनात होगा। ये यूनिट्स पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, टहुए और आदिवासी क्षेत्रों में भी आउटरीच गतिविधियां करेंगी।

पहला चरण - 11 जनपदः कुल 103.675 लाख मुरादाबाद, मेरठ, सुल्तानपुर, मिर्ज़ापुर, फिरोजाबाद, अलीगढ़, रामपुर, आगरा, गोण्डा, इटावा एवं आजमगढ़। दूसरा चरण - 12 जनपदः कुल 113.100 लाख ,उन्नाव, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, महोबा, लखनऊ, मथुरा, कानपुर नगर, बाराबंकी, रायबरेली एवं गाजीपुर।

**17 आयुष महाविद्यालयों में बनेंगे 51 स्मार्ट क्लासरूम**

डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बताया कि आयुष शिक्षा को तकनीक से जोड़ने के लिए प्रदेश के 17 आयुष महाविद्यालयों में ?302.68 लाख की लागत से 51 नए स्मार्ट क्लासरूम विकसित किए जाएंगे। इनमें 40 क्लास होम्योपैथी और 11 क्लास आयुर्वेद महाविद्यालयों में स्थापित होंगी।

लखनऊ होम्योपैथिक-8, आजमगढ़-6, गोरखपुर-5, कानपुर-5, प्रयागराज होम्यो-4, मुरादाबाद होम्यो-4, गाजीपुर-3, अलीगढ़-3, अयोध्या-1 वाराणसी आयुर्वेद-2, पीलीभीत-2, लखनऊ आयुर्वेद-2, मुजफ्फरनगर-1, बांदा-1, झांसी-1, बरेली-1, प्रयागराज आयुर्वेद-1 इन स्मार्ट क्लास में इंटरएक्टिव व्हाइटबोर्ड, डिजिटल लाइब्रेरी और मल्टीमीडिया सुविधा होगी, जिससे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की आयुष शिक्षा मिल सकेगी।

## मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी बरेका में आयोजित नराकास, की छमाही बैठक में हुए शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




वाराणसी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के तत्वावधान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), वाराणसी की छमाही बैठक आज दिनांक 15 जुलाई, 2026 को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका), वाराणसी में नराकास के अध्यक्ष एवं बरेका के महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष श्री आशुतोष पंत के स्वागत एवं स्मृति-चिह्न स्वरूप पुस्तक भेंट के साथ हुआ। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं नराकास के उपाध्यक्ष श्री रामजन्म चौबे ने स्वागत संबोधन में सभी सदस्य कार्यालयों का अभिनंदन करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रभावी, व्यवहारिक एवं जनोन्मुखी प्रयोग पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन नराकास के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बरेका श्री यथार्थ पाण्डेय ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में बरेका महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने कहा कि राजभाषा हिंदी केवल कार्यालयी भाषा नहीं, बल्कि प्रशासन और जन संपर्क के बीच एक सशक्त सेतु है। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से हिंदी के प्रयोग को और अधिक सरल, प्रभावी तथा तकनीक-सम्मत बनाने का आह्वान किया। बैठक में नगर के 60 से अधिक केंद्रीय कार्यालयों के प्रमुखों, विभागाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता दी । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संगठन की सफलता की कुंजी जनता से उसका जुड़ाव है और हिंदी इस जुड़ाव का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल देश के करोड़ों लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है और रेल प्रशासन तथा आम जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि जन-जन की भाषा है, जो लोगों की भावनाओं, अपेक्षाओं और विश्वास को सहजता से व्यक्त करती है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने दैनिक कार्यालयी कार्यों, पत्राचार, नोटिंग-ड्राफ्टिंग तथा जनसंपर्क संबंधी गतिविधियों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सरलता, पारदर्शिता और गति आए। बैठक में बरेका के उप महाप्रबंधक श्री सागर एवं प्राचार्य, प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र श्री सुभाष चंद्र यादव भी उपस्थित थे। अंत में नराकास, वाराणसी के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बरेका श्री यथार्थ पाण्डेय ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि बैठक में हुए सार्थक विचार-विमर्श एवं सुझावों से वाराणसी के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को नई गति, नई ऊर्जा एवं नई दिशा प्राप्त होगी।

## वृद्ध और दिव्यांग कार्डधारकों के घर पर राशन पहुँचायेंगे कोटेदार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांग और वृद्ध राशन कार्डधारकों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे पात्र लाभार्थियों को राशन लेने के लिए उचित दर की दुकान तक नहीं जाना होगा। कोटेदार स्वयं उनके घर जाकर राशन पहुंचाएंगे। यह जानकारी खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री मनोज पांडेय ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी।

मनोज पाण्डेय ने बताया कि सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद और असहाय लोगों को बिना किसी परेशानी के समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुविधाजनक बनाना है। अब खाद्यान्न के आवंटन और वितरण से संबंधित जानकारी लाभार्थियों को एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के योजना का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 16 जिलों का दौरा कर राशन वितरण व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 47 लाख नए पात्र लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा। मनोज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित यह व्यवस्था देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल है। योजना के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर शुरू किया जाएगा। राशन की आपूर्ति करने वाले वाहनों की विभागीय स्तर पर मार्किंग की जाती है, जिससे खाद्यान्न की आवाजाही और वितरण प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके।

# उत्तर प्रदेश-जापान साझेदारी को नई उड़ान, अगस्त में आएगा 200 सदस्यीय जापानी प्रतिनिधिमंडल

❒ जापान के यामानाशी प्रांत सरकार का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल यूपी दौरे पर, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । उत्तर प्रदेश और जापान के बीच पर्यटन, संस्कृति और निवेश सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जापान के यामानाशी प्रीफ़ेक्चर के प्रस्तावित उच्च स्तरीय आधिकारिक दौरे को लेकर बुधवार को राजधानी में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अगस्त माह में प्रस्तावित आधिकारिक यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान दौरे को सफल एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, आपसी समन्वय और कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर व्यापक मंथन किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश और जापान के बीच पर्यटन, संस्कृति और निवेश के क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने की दिशा में सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दोनों क्षेत्रों के बीच दीर्घकालिक सहयोग और आपसी संबंधों को भी नई मजबूती प्रदान करेगी।' अगले माह 200 सदस्यीय जापानी दल यूपी भ्रमण पर मंत्री ने कहा कि 'अगले माह जापान से करीब 200 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल छह दिवसीय भारत दौरे पर आएगा, जिसमें चार दिन (20 से 23 अगस्त 2026) उत्तर प्रदेश में प्रवास करेगा। प्रतिनिधिमंडल आगरा में विश्व विख्यात ताजमहल, वाराणसी और सारनाथ के बौद्ध धरोहर स्थलों का भ्रमण करेगा। वहीं क्रूज से भव्य गंगा आरती का भी अवलोकन करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक पर्यटन और निवेश संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।'

**निवेश और परस्पर सहयोग को मिलेगा बढ़ावा**

मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा कि 'भारत और जापान के संबंध केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के बीच संस्कृति एक मजबूत सेतु का कार्य करती है, जो साझा जीवन मूल्यों, समृद्ध परंपराओं और भगवान बुद्ध की विरासत से जुड़ी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक, सुदृढ़ एवं स्थायी साझेदारी की नई नींव रखेगा। पर्यटन मंत्री ने यामानाशी प्रांत सरकार के सलाहकार नीरेंद्र उपाध्याय से जापान के औद्योगिक घरानों को यूपी में निवेश के लिए आकर्षित करने पर मंथन किया।

यामानाशी प्रांत सरकार के सलाहकार नीरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश और जापान के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग को नई पहचान देने के उद्देश्य से 30 मिनट की एक विशेष डॉक्यूमेंट्री बनाने का प्रस्ताव है। प्रदेश सरकार के फिल्म बंधु के सहयोग से तैयार होने वाली यह डॉक्यूमेंट्री जापान के लोगों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों, विशेषकर बौद्ध तीर्थों, पारंपरिक व्यंजनों और विविध सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराएगी।

# ओवरब्रिज के नीचे बैठे दिव्यांग मोची को कार ने रौंदा, मौत

❒ सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर दर्दनाक हादसा, चालक व कार पुलिस हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददात



बख्शी का तालाब,लखनऊ । सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटौंजा ओवरब्रिज के नीचे बुधवार को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बैठकर जूते-चप्पल की मरम्मत कर रहे दिव्यांग मोची को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि कार और चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, मरपा गांव निवासी प्रेम (56) इटौंजा ओवरब्रिज के नीचे दीवार के किनारे बैठकर वर्षों से मोची का काम करता था। बुधवार दोपहर वह रोज की तरह काम में जुटा था। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रही कार, जिसे बीकेटी थाना क्षेत्र के नंदना निवासी कुलदीप चला रहा था, ओवरब्रिज के नीचे मोड़ते समय अनियंत्रित होकर प्रेम के ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रेम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार समेत चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक अविवाहित था और अपने बड़े भाई मोहनलाल के साथ रहता था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसरा है। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि कार और चालक को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

मोहनलालगंज , लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली गांव में बुधवार दोपहर एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मौके पर हंगामा किया।?जानकारी के मुताबिक, जबरौली गांव मे 25 वर्षीय सुनीता पत्नी प्रेमशंकर का शव बुधवार दोपहर घर के बरामदे में चुन्नी के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस नें शव को कब्जे मे लेकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है द्य बताया जा रहा है कि महिला की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मोहनलालगंज के गादीयाना निवासी मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया । इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# इस्कॉन मंदिर धूमधाम से करेगा भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा महामहोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । सम्पूर्ण विश्व में जिस प्रकार से श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाता है उसी के क्रम मे श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 16 जुलाई दिन- गुरूवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस्कॉन के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने बताया कि बुधवार को श्री राधा रमण बिहारी मंदिर, (इस्कॉन) लखनऊ मे गुण्डिचा मार्जिन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जब भगवान जगन्नाथ जी नीलांचल से सुन्दरांचल को आते है तब चैतन्य महाप्रभु जी के निर्देशानुसार सभी भक्तगण कोई भी संसारिक प्रजल्पा न करते हुए हरि-हरि बोल, हरे कृष्णा एवं जय जगन्नाथ का उत्चारण करते हुए 100 मटके, 100 झाडू से मंदिर के कोने- कोने की सफाई करते हुए भगवान का स्वागत करते हैं, पूर्व की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम इस्कॉन, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है जो मंगला आरती के पश्चात प्रातः 5:00 बजे से प्रातः 9:00 बजे तक होगा जिसके पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। उन्होने बताया कि अपराह्न 4 बजे श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर, (इस्कॉन) लखनऊ मे जगन्नाथ भगवान की विशेष आरती की जायेगी। गुरूवार को रविंद्रालय हाल, चारबाग, लखनऊ में हरिनाम संकीर्तन प्रातः 10 बजे से प्रवचन एवं कथा परम पूज्य भक्ति पद्म सौरभ प्रचारक स्वामी महाराज जी के सानिध्य में अपरान्ह 02:30 बजे आरती एवं रथयात्रा प्रारम्भ सायं 4 बजे

रथ यात्रा समापन जहाँगीराबाद पैलेस, (डी.एम. आवास के बगल में) हजरतगंज, लखनऊ रात्रि 8 बजे दिव्य प्रसादम (भंडारा) 8 बजे रथ यात्रा में आमंत्रित गणमान्य अतिथिगण बृजेश पाठक , उप-मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, अरविन्द कुमार शर्मा ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, शिवपाल सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार शामिल होगें।

# शिक्षा की अलख जगाने निकला शिक्षा रथ: मोहनलालगंज में 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य समापन



❒ शिक्षा की अलख जगाने निकला शिक्षा रथ: मोहनलालगंज में 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बेसिक शिक्षा विभाग के 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण के अंतिम दिन ब्लॉक मोहनलालगंज में शत-प्रतिशत नामांकन के उद्देश्य से भव्य शिक्षा रथ (नामांकन रैली) निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय सिसेंडी से खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शिक्षा रथ सिसेंडी, मीनापुर, मनोहरापुर, भरसवा, कोडरा रायपुर, भदेसुवा होते हुए धनवासांड पहुंचा, जहां ग्राम प्रधान ने स्वागत किया। इस दौरान स्काउट-गाइड बैंड ने आकर्षक प्रस्तुति दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने और नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि लड़का-लड़की में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी बच्चों को समान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। अभियान को सफल बनाने में एआरपी टीम, संकुल शिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया।

## महीनों से गंदे पानी से भरी नालियां, बारिश में सड़क पर जलभराव



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मड़ियांव क्षेत्र के शेरवानी नगर, डिगुरिया में सड़क के दोनों ओर बनी नालियों में लंबे समय से गंदा पानी जमा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नियमित सफाई न होने से जलनिकासी प्रभावित है। बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़क पर आने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जमा पानी और गंदगी के कारण दुर्गंध तथा मच्छरों के पनपने की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से नालियों की तत्काल सफाई, जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा नियमित निगरानी की मांग की है।

## तेज रफ्तार का कहर: बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में मजदूर गंभीर

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर किया गया। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बड़े बीरनखेड़ा मजरा मंगटइया निवासी अनारकली ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति राजू (48) रविवार शाम करीब छह बजे तेलीबाग से मजदूरी कर अपनी बजाज पल्सर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के बाहर तालाब के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक बजाज बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद आरोपी चालक राम कुमार पुत्र फुलवासी, निवासी थाना निगोहां, मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गायब विवाहिता मामले में पुलिस ने बरामद की कार,पति अब भी फरार



**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई विवाहिता के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के धावा गांव से बरामद कर लिया है। हालांकि विवाहिता, उसके पति और अन्य नामजद आरोपियों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। उनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। विवाहिता के पिता पवन कुमार कश्यप की तहरीर पर इटौंजा पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया गया और उसके बाद वह रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। बुधवार को भी मायके पक्ष के लोग सुबह से शाम तक इटौंजा थाने पर बैठे रहे। परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना है कि बेटी का अब तक कोई सुराग न मिलने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि घटना में प्रयुक्त कार मंगलवार को बंथरा थाना क्षेत्र के धावा गांव से बरामद कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है और विवाहिता सहित सभी नामजद आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी चौकी अंतर्गत बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस नें युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर गयी जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया द्य इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि अमित शुक्ला निवासी मीनापुर उम्र लगभग 35 वर्ष बुधवार सुबह सिसेंडी से पैदल कही जा रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस नें एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी मोहनलालगंज ले कर गयी जहाँ डॉक्टर नें उन्हें मृत घोषित कर दिया शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता रद्द करने की मांग, भारतीय किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। भारतीय किसान संगठन एवं देश बचाओ मोर्चा की ओर से भारतऽअमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने मांग की कि इस समझौते को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित भारतऽअमेरिका फ्री ट्रेड समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, कुटीर उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा साबित होगा। संगठन का आरोप है कि इस समझौते से सस्ते विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी और करोड़ों लोगों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

प्रदेश प्रभारी हरिश्चंद्र ने कहा कि भारतीय किसान संगठन और देश बचाओ मोर्चा इस समझौते का पूरी तरह विरोध करते हैं और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि किसानों और आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित फ्री ट्रेड समझौते को तत्काल वापस लिया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती है तो देश बचाओ मोर्चा पूरे देश में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।

# फर्जी पार्टनरशिप फर्म बनाकर सर्राफा कारोबारी से 30 लाख की रंगदारी वसूलने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के चौक सर्राफा बाजार में एक चांदी कारोबारी ने अपने पूर्व अकाउंटेंट और उसके दो भाइयों पर फर्जी पार्टनरशिप फर्म बनाकर करीब 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। कारोबारी का कहना है कि आरोपियों ने खुद को फर्म में 30 प्रतिशत का हिस्सेदार बताते हुए 12.5 किलो चांदी की मांग की। रकम देने से इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

मामले में चौक कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।सआदतगंज के रानी कटरा चौपटिया निवासी सिद्धार्थ कश्यप उर्फ सिद्धू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष पहले उन्होंने एक युवक को 50 हजार रुपये मासिक वेतन पर अकाउंटेंट रखा था। आरोप है कि काम के दौरान उसने कारोबार से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी संभाली और वर्ष 2025 में कर्ज चुकाने का हवाला देकर 1.80 लाख रुपये एडवांस भी ले लिए। पीड़ित के अनुसार, मार्च 2026 में आरोपी को प्रतिष्ठान के भीतर नशा करते हुए पकड़ा गया, जिसके बाद उसका पूरा हिसाब कर नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर फर्जी साझेदारी फर्म तैयार कर खुद को कारोबार में 30 प्रतिशत का भागीदार दिखाते हुए साढ़े 12 किलो चांदी की मांग शुरू कर दी।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मांग पूरी न होने पर आरोपी अपने दो भाइयों के साथ मिलकर लगातार धमकियां दे रहा है और रंगदारी वसूलने का दबाव बना रहा है। इससे कारोबारी और उसका परिवार भयभीत है।चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच चौकी प्रभारी चौक नवकृष्ण द्विवेदी को सौंपी गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 1.11 लाख

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाकर उसके बैंक खाते से 1 लाख 11 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने इसकी शिकायत सुशान्त गोल्फ सिटी थाने में दी है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी सूचना दर्ज कराई गई है। पीड़ित महिला प्रेमलता पांडेय निवासी रिशिता मलबरी हाइट्स गोल्फ सिटी ने पुलिस को बताया कि वह 20 मई 2026 से 22 मई 2026 के बीच ठगी का शिकार हुईं।उनका कहना है कि उन्हें Google से कस्टमर केयर का नंबर निकालकर शिकायत करनी थी। इसी दौरान उनके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल आते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और इसके बाद उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चन्द्रभानु गुप्त का 125 वाँ जन्मदिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी एवं भारत सेवा संस्थान के संस्थापक तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रद्धेय चन्द्रभानू गुप्त का 125 वाँ जन्मदिवस पर्व वर्षो की भाँति पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रमों की श्रंखला में मोतीमहल स्थित श्रद्धेय गुप्त की समाधि स्थल पर हवन-पूजन, भजन एवं पुष्पॉजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त नेशनल इण्टर कालेज राणा प्रताप मार्ग लखनऊ के प्रांगण में श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त जी की प्रतिमा का अनावरण मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सांसद इलाहाबाद उज्जवल रमण सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। नेशनल पी0जी0 कालेज, नवचेतना केन्द्र, बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल व रवीन्द्रालय स्थित श्रद्धेय गुप्त जी की प्रतिमाओं व उनके निवास ''सेवा कुटीर'' में उनके चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह चारबाग में चन्द्रभानु गुप्त राष्ट्र गौरव सम्मान-2026 वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मा0 सतीश महाना अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधानसभा थे। मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सांसद (इलाहाबाद) उज्जवल रमण सिंह तथा महामंत्री राजेश सिंह एवं भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य डा0 अशोक बाजपेई, उपाध्यक्ष अरूण कुमार, महामंत्री डा0 जे0एन0 मिश्रा, सुधीर हलवासिया सचिव रवीन्द्रालय, पदमश्री विद्या बिन्दु सिंह मंच पर मंचासीन रहे। डा0 राम कठिन सिंह प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक, मूर्धन्य साहित्यकार एवं संस्थापक (नेफोर्ड) को कृषि एवं पर्यावरण के क्षेत्र में तथा डा0 हेमन्त भाई गोयल प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रखर दिव्यांगजन अधिकार एक्टिविस्ट को समाज सेवा के क्षेत्र में ''चन्द्रभानु गुप्त राष्ट्र गौरव सम्मान-2026'' से सम्मानित किया गया। इसके अन्तर्गत प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं एक-एक लाख की धनराशि सम्मान स्वरुप प्रदान की गयी। इस मौके पर मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के उपाध्यक्ष रत्नेश गुप्ता, संयुक्त मंत्री प्रताप सिंह तथा प्रशासन परिषद के सदस्य केशव प्रसाद, शैलेश कुमार त्रिपाठी, अजय शंकर राय, रण विजय सिंह, डा0 गणेश चन्द्र मिश्रा, मनोज गुप्ता एवं भारत सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंह चौहान एवं संस्थापक सदस्य डा0 फिदा हुसैन अन्सारी, राजेश अग्रवाल, प्रो0 एस0पी0 सिंह (पूर्व कुलपति) लखनऊ विश्वविद्यालय, शिवकुमार सिंह, विनोद पाण्डेय, अमित सिंह व अजय सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जोन-3 की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए अपर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

❒ एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार करने व घर-घर सर्वे और कूड़ा मुक्त जोन बनाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने जोन-3 कार्यालय में संबंधित अधिकारियों एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन और वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 2:30 बजे के बीच सभी कूड़ाघरों से कूड़े का उठान सुनिश्चित करते हुए उसे शिवरी प्लांट तक पहुंचाया जाए। निर्धारित समय के बाद किसी भी स्थान पर कूड़ा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सफाई व्यवस्था में समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

**डालीगंज वार्ड और खुले पड़ावघरों के लिए विशेष कार्ययोजना**

बैठक में जोन-3 के अंतर्गत डालीगंज वार्ड को लखनऊ स्वच्छता अभियान (LSA) के तहत संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, क्षेत्र में खुले में स्थित पड़ावघरों को पूरी तरह समाप्त कर वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था लागू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया।

**एक सप्ताह में पूरा होगा घर-घर सर्वे और वार्डवार मैपिंग**

लखनऊ स्वच्छता अभियान के रीजनल डायरेक्टर अभय रंजन को निर्देशित किया गया कि जोन-3 के सभी घरों का सर्वे और वार्डवार मैपिंग का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाए। इससे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

**सुबह 6 बजे से सफाई कर्मियों की उपस्थिति होगी सुनिश्चित**

अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सफाई कार्य में लगे सभी कर्मी प्रतिदिन सुबह 6 बजे से अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहें। साथ ही, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से उपस्थित रहकर सफाई कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के दौरान कूड़ा न देने वाले और नियमों का पालन न करने वाले घरों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए संबंधित जोनल अधिकारियों एवं सफाई अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**वर्षा ऋतु को देखते हुए जलभराव रोकने के पुख्ता इंतजाम**

नगर अभियन्ता-3 द्वारा जानकारी दी गई कि जोन-3 में संभावित जलभराव वाले छह स्थानों पर विभिन्न क्षमता के डी-वाटरिंग पम्प स्थापित किए गए हैं, जो वर्तमान में पूरी तरह कार्यरत हैं। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। बैठक के बाद अपर नगर आयुक्त ने जोन-3 के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-ए अलीगंज, इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने सर्विस लेन, रेलवे लाइन के किनारे, सेक्टर-एफ जानकीपुरम विस्तार, कर्बला एवं कब्रिस्तान के सामने, जानकीपुरम एमआरएफ सेंटर के सामने तथा आईआईएम से घैला जाने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ स्थानों पर कूड़ा एवं मलबा एकत्र पाया गया।

# डीएम के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग की खुली पोल

❒ एएनएम की सेवा समाप्ति और वेतन कटौती के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय दहेलिया श्रीरंग, विकास क्षेत्र खैराबाद में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपलब्ध दवाओं, आवश्यक उपकरणों तथा अभिलेखों का गहनता से परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान संविदा ए0एन0एम0 लक्ष्मी द्वारा अपने कार्यों एवं विभागीय योजनाओं की समुचित जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। साथ ही वीएचएसएनडी सत्र में उपलब्ध कराए जाने वाले आवश्यक उपकरण भी पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं पाए गए। निरीक्षण के समय अभिलेखों की जांच में भी कई कमियां एवं अपूर्ण प्रविष्टियां सामने आईं, जिससे जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये ए0एन0एम0 लक्ष्मी का 15 दिवस का वेतन काटने एवं सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बी0पी0एम0 अनुज तिवारी द्वारा भी अभिलेखों का समुचित रखरखाव सुनिश्चित नहीं कराया जाना पाया गया। अभिलेख अपूर्ण एवं अद्यतन न होने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए बी0पी0एम0 अनुज तिवारी को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग एवं अभिलेखों का सही संधारण बीपीएम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसकी अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि वीएचएसएनडी सत्र शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं में से एक है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संबंधी परामर्श एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वीएचएसएनडी सत्रों में आवश्यक उपकरण, दवाएं एवं सामग्री पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाए, सभी अभिलेख समय से एवं शुद्ध रूप से अद्यतन रखे जाएं तथा प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन सुनिश्चित करे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय दहेलिया श्रीरंग, विकास क्षेत्र खैराबाद का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी, जिसमें बच्चों की 50 प्रतिशत की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मिड-डे-मिल के अन्तर्गत बनायी गयी तहरी को परखा, जो सही ढंग से पकी नही हुयी थी व खाने की सामग्री गुणवत्ता सही नही पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये इंचार्ज प्रधानाध्यापक बृजलाल के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने एवं ग्राम प्रधान के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

# भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत आयोजित

❒ किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत मंगलवार को तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल की अध्यक्षता में तहसील परिसर बिसवां में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में किसानों के दाखिल-खारिज और वरासत के मामले लंबित पड़े हैं। इससे किसानों की खतौनियां ऑनलाइन नहीं हो पा रही हैं, फॉर्मर आईडी नहीं बन रही है तथा खाद प्राप्त करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बटाई पर खेती करने वाले भूमिहीन किसानों और मजदूरों को भी जमीन उनके नाम न होने के कारण खाद नहीं मिल पा रही है।

ज्ञापन में श्रीमती मंजू देवी के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई, सीएचसी सकरन को दिए गए ज्ञापन के निस्तारण, अहमदाबाद-बिचपरी मार्ग पर रायपुर के पास अतिक्रमण हटाने तथा पूर्व में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा लगाई गई कथित गलत रिपोर्ट की निष्पक्ष पुनः जांच कराने की भी मांग की गई।

किसान नेता शुभम रस्तोगी ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों के हित में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार वर्मा (तहसील उपाध्यक्ष), सुशील राज (ब्लॉक अध्यक्ष, सकरन), वीरेन्द्र कुमार वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष, बिसवां), कमलेश बाजपेयी, श्याम किशोर तिवारी, मंजू देवी, अहमद खां, रेशु भार्गव, मोहित कश्यप, चेतराम, अकबर अली सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक व तकनीकी रूप से सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बनानाः सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज 12वां विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया और रोजगार मेले व अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने संस्थान के विभिन्न ट्रेडों में जैसे स्वींग टेक्नोलॉजी, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर फिटर, इलेक्ट्रीशियन आदि के प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट वर्किंग मॉडल और प्रोजेक्ट के स्टॉल के साथ ही संस्थान में आयोजित अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेले का अवलोकन किया।

इसके अलावा संस्थान में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से स्थापित कौशलम् केन्द्र का भ्रमण किया तथा उन्नत मशीनरी की जानकारी ली। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने मुख्य अतिथि उत्कर्ष द्विवेदी और विशिष्ट अतिथियों को हर हाथ में हुनर- हर आंगन में हरियाली नारे पर एक-एक पौधा देकर स्वागत किया। साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आधुनिक और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी रूप से सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण के साथ अपने प्रशिक्षकों का सम्मान कर अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त कर अपने को कुशल बनाकर एक बेहतर व्यवसायी एवं उद्यमी बने। उन्होंने सेवायोजित सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि आज के रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न कंपनियों ने 37 को अप्रेंटिसशिप हेतु चयनित किया है। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने सभी अतिथियों आदि का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यदेशक कृष्ण मुरारी, प्रशान्त कुमार अनुदेशक, एमआईएस मैनेजर संजीव कुमार, शोभना दीक्षित, प्रीति मौर्या, स्वदेश शुक्ला, वीरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## वन के राजा राम विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी संपन्न, शिक्षाविद दिनेश चंद्र पाण्डेय सम्मानित

बिसवां, सीतापुर। सबमें राम, शाश्वत श्री राम के भाव के साथ एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वन के राजा राम रखा गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अनीता त्रिपाठी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में आशा श्रीवास्तव ने राम के वनवास और आदर्शों पर विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत अपर्णा भटनागर की राम वंदना से हुई। इसमें अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिसाभा, पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश डॉ. रवीन्द्र शुक्ल की गरिमामय मौजूदगी रही। 70 पुस्तकों के रचयिता अनेक पुरुस्कार प्राप्त करने वाले आचार्य देवेन्द्र देवजी के संयोजन में आनलाइन सपन्न हुआ। उन्होंने आशीर्वचन प्रदान किया। विशेष उद्बोधन डॉ. रमा सिंह जादौन ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन एवं कल्याण मंत्र दिनेश बिरथरे ने किया। अंत में ऑनलाइन कार्यक्रम में उनके योगदान के लिए शिक्षाविद दिनेश चंद्र पाण्डेय को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में श्रोताओं ने ऑनलाइन जुड़कर लाभ लिया।

# भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसी मुख्यमंत्री आवास योजना

❒ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत, फर्जी सत्यापन कर अपात्रों को लाभ पहुंचाने और पात्र दलित परिवारों को योजना से बाहर रखने का आरोप, रिकवरी और कठोर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुख्यमंत्री जन आवास योजना

सकरन, सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सेमरा कला में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के सत्यापन को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रोजगार सेवक, तत्कालीन पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान तथा आवास सत्यापन से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों ने कथित रूप से नियमों को ताक पर रखकर अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया, जबकि वास्तविक गरीब और पात्र परिवारों को जानबूझकर योजना से वंचित कर दिया गया। शिकायतकर्ता सुधीर कुमार सिंह का आरोप है कि पंचायत में ऐसे लोगों को आवास स्वीकृत कर दिए गए जिनके पास पहले से पक्के मकान मौजूद थे। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में पक्के मकानों की दूसरी मंजिल तक निर्माण होने के बावजूद सरकारी आवास का लाभ दे दिया गया। शिकायत में इसे सरकारी योजनाओं की मंशा के साथ खुला खिलवाड़ बताया गया है।

आरोप यह भी है कि गांव के कई दलित एवं आर्थिक रूप से कमजोर पात्र परिवार आज भी कच्चे या जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन कथित मिलीभगत के चलते उन्हें योजना से बाहर रखा गया। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर अपात्र लाभार्थियों से सरकारी धन की रिकवरी करने और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय तथा कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप जांच में सही पाए जाते हैं, तो यह केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला नहीं होगा, बल्कि गरीबों के अधिकारों पर सीधा डाका माना जाएगा। सवाल यह भी उठता है कि आवास सत्यापन के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों ने वास्तविक स्थिति की जांच क्यों नहीं की और किन आधारों पर अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल किए गए। अब निगाहें जिला प्रशासन और संबंधित विभाग की जांच पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं और वर्षों से गरीबों के हक पर डाका डालने वालों की जिम्मेदारी तय हो सकती है।

# चोरी की गई सोलर पैनल प्लेट के साथ तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना मदनापुर पुलिस ने चोरी की गई सोलर पैनल प्लेट के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव केशवपुर गौटिया निवासी रतनपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके खेत से 07 सोलर पैनल को चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए 02 पुलिस टीमों का गठन किया। इसी क्रम में आज पुलिस टीमों को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुधवाना से जलालाबाद की ओर जाने वाली सडक पर कुछ लोग एक आटो के ऊपर सोलर प्लेट बांधकर कहीं ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्राम बुधवाना से जलालाबाद की ओर जाने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड से थोडा पहले उस ऑटो को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से आटो सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया और मौके से चोरी की गई 07 सोलर पैनल प्लेट भी बरामद की। जबकि उनके साथ चल रहे मोटरसाईकिल सवार दो लोग मौके से भाग गए। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के विपिन, पिंकू उर्फ पिन्टू और मीनू सिंह के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी थाना जलालाबाद, थाना मिर्ज़ापुर, थाना कलान आदि में अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मदनापुर के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह के साथ उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह और मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस : हुनर की उड़ान को डीएम ने दी नई पहचान

❒ बोले- डिग्री नहीं, कौशल बनेगा सफलता की असली पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ''हुनर ही भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।'' इसी संदेश के साथ बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का परिसर युवा ऊर्जा, नवाचार और रोजगार के उत्साह से सराबोर नजर आया। विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित वृहद कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और युवाओं के हुनर को नजदीक से परखा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना तथा आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों ने अपने नवाचार, मॉडल, तकनीकी परियोजनाओं और रोजगारपरक कौशल का आकर्षक प्रदर्शन किया। डीएम एक-एक स्टॉल पर पहुंचे, प्रशिक्षार्थियों से सीधे संवाद किया और उनके मॉडल व नवाचारों की कार्यप्रणाली समझी। युवाओं के आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच की उन्होंने खुलकर सराहना की। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। नियुक्ति पत्र हाथ में मिलते ही कई युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर गया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आज का दौर केवल डिग्री का नहीं, बल्कि दक्षता और कौशल का है। बदलती तकनीक के साथ स्वयं को लगातार अपडेट रखने वाला युवा ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रशिक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रखें, बल्कि अपने कौशल को उत्कृष्टता की पहचान बनाएं। उन्होंने नवाचार की संस्कृति अपनाने और अपने हुनर के दम पर नए रोजगार सृजित करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई पी.के. शाक्यवार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों से जोड़कर व्यावहारिक अनुभव, रोजगार के अवसर और स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा देने का आह्वान किया।

## नगर आयुक्त ने किया नालों का निरीक्षण, सफाई के निर्देश



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने महानगर क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर, निसरजई और हाथीथान में स्थित बड़े नालों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की सुविधा के दृष्टिगत महानगर क्षेत्र में स्थित समस्त नालों की सफाई का कार्य अभियान के रुप में कराया जाए और नालों से निकलने वाले मलवा, सिल्ट आदि को उठाए जाने का कार्य भी तत्काल कराया जाए। जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हों। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई के कार्य की मॉनीटरिंग भी की जाए। उन्होंने चीफ इंजीनियर को सम्बंधित फर्म के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में पत्नी की गोली मारकर हत्या, खुद को भी गोली मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना खुटार क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने किसी तरह उसे पकड़कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बीती शाम थाना खुटार क्षेत्र के गांव गांव महोलिया वीरान निवासी 60 वर्षीय हरिपाल ने घरेलू विवाद के चलते अपनी 58 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी की तमंचे से सीने पर गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद अपने बेटे को भी जान से मारने की नीयत से तमंचा लेकर दौड़ाया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो तो उसने खुद को भी गोली मार ली। बताया जा रहा है कि हरिपाल के चार पुत्र नरोत्तम, जंगबहादुर, पप्पू और नन्हे हैं। दो पुत्रियों रामगुनी और रामदेवी की शादी हो चुकी है। हरिपाल बड़े पुत्र नरोत्तम का पक्ष लेता था और पत्नी लक्ष्मी देवी अपने मंझले पुत्र जंगबहादुर का पक्ष लेती थी। इस कारण हरिपाल नरोत्तम के पास और लक्ष्मी देवी जंगबहादुर के पास रहती थीं। पप्पू और नन्हें अलग रहते हैं। इसी बात को लेकर हरिपाल अपनी पत्नी से नाराज रहता था और उसका आएदिन पत्नी से विवाद होता था। मंगलवार को भी हरिपाल का पत्नी से विवाद हुआ, शाम करीब सवा पांच बजे उसने चारा लेकर आ रही पत्नी लक्ष्मी देवी के सीने पर तमंचे से गोली मार दी। जिससे लक्ष्मी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वो अपने पुत्र जंगबहादुर को मारने के लिए दौड़ा, जंगबहादुर ने भागकर गन्ने के खेत में छिपकर जान बचाई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो हरिपाल ने खुद के पेट में गोली मार ली, जिससे वह मामूली घायल हो गया। पुलिस ने तमंचा छीनकर हरपाल को पकड़ लिया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरुण और सीओ प्रवीण मलिक ने भी मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी: गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को 5 वर्ष की कठोर कैद व जुर्माना

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान OPERATION CIONVICTION के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुल अग्रवाल के निर्देशन में थाना पिसावां पर पंजीकृत मु.अ.सं. 60/2000 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांकः 15.07.2026 को मा0 विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त चोबर पुत्र वंशी लोध निवासी पुरैना थाना पिसावां जनपद सीतापुर को अन्तर्गत धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट में 05 वर्ष सश्रम कारावास व 10,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

## सरस्वती विद्या मंदिर महोली में छात्र संसद एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**महोली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।सरस्वती वन्दना के पश्चात नवनिर्वाचित प्रधानमन्त्री कान्हा, उप प्रधानमन्त्री सूर्यांश, शारीरिक मन्त्री पीयूष भदौरिया, कन्या भारती की अध्यक्ष प्राची, उपाध्यक्ष कोमल सेनानायिका नैन्सी तथा सभी सदस्याओं व सांसदों को मुख्य अतिथि व कार्यक्रमाध्यक्ष ने शपथ-ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक जे.बी.पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा - अनुशासन और कठोर परिश्रम से शिक्षा प्राप्त कर अच्छे नागरिक बनें तथा देश और समाज की श्रेष्ठ सेवा करें।छात्र-संसद और कन्या-भारती की गतिविधियाँ छात्र-छात्राओं मे कार्य करके सीखने, नेतृत्व क्षमता, साहस व सामूहिकता के गुण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रमाध्यक्ष डा.हर्षवर्धन शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए प्रेरक प्रसंग सुनाए। प्रधानाचार्य राकेश शुक्ल जी ने अतिथि परिचय व कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की।संचालन राज कुमार तिवारी तथा शक्ति पाण्डेय ने किया।प्रबन्धक रूप चन्द्र वर्मा ने आभार ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष वसन्त लाल त्रिवेदी, नगर संघचाक राजेश, सुरेन्द्र, आचार्या व आचार्यगण उपस्थित रहे।

# 'इशारों में सपनों को मिली उड़ान' : मूक-बधिर बच्चों से सांकेतिक संवाद कर भावुक हुए डीएम

❒ हरी झंडी दिखाकर रवाना की 'स्कूल चलो' रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शब्दों से नहीं, इशारों से संवाद... और उन इशारों में छिपे आत्मविश्वास ने डीएम अंजनी कुमार सिंह का दिल जीत लिया। आदर्श मूक-बधिर विद्यालय की ओर से आयोजित 'स्कूल चलो अभियान' रैली को डीएम ने एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।

रैली रवाना करने से पहले डीएम विद्यालय के मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने सांकेतिक भाषा के माध्यम से बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ इशारों में अपने मन की बात कही। यह आत्मीय संवाद देख मौजूद लोग भी भावुक हो उठे।

डीएम ने बच्चों की आर्ट कॉपियों और रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगता किसी की क्षमता की सीमा नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रतिभा हर बाधा को छोटा बना देती है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत माध्यम बताया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदुलारे वर्मा, संस्थाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तोलानी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजकुमार, विद्यालय स्टाफ नीरज वर्मा, सरोज वर्मा, राहुल वर्मा, सरिता देवी, आरती वर्मा, अनामिका वर्मा, शिवानी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली के संचालन में विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मैलानी पुलिस के हत्थे चढ़ा हिस्ट्रीशीटर तमंचा-कारतूस के साथ दबोचा गया शातिर

❒ पुलिस का बड़ा एक्शन: एक दर्जन संगीन मुकदमों वाला बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैलानी, खीरी। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया। पुलिस का कहना है कि समय रहते गिरफ्तारी नहीं होती तो आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता था।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना मैलानी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अर्जुन उर्फ मुकुल पुत्र वेदप्रकाश उर्फ वेदू, निवासी सुआबोझ कॉलोनी, थाना मैलानी को ग्राम सुरजनपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा (.315 बोर) और एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना मैलानी का पंजीकृत हिस्ट्रीशीटर (एचएस संख्या-1बी) है और उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 173/26 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आदर्श चौरसिया, सूरज कुमार, दीपक चंद्रा, शिवओम तथा दिनेश कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध हथियार रखने वालों तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बदायूँ जनपद को विकास कार्यों में मिली 33वीं रैंक, सुधार के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने अधूरे निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिए कहा

बदायूँ। 50 लाख रुपए से अधिक व कम लागत के भवन व सड़क निर्माण तथा मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की कलेक्टेझट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने अधूरे निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक के दौरान पाया गया की जून 2026 में जनपद को प्रदेश में विकास कार्यों में 33वीं रैंक, राजस्व कार्यों में 15वीं तथा संयुक्त रूप से 19वीं रैंक प्राप्त हुई है, जिसके सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

बैठक के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज, राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल ज़रीफनगर, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निर्देशित किया कि जिसके जिन निर्माण कार्य के लिए बजट की आवश्यकता है उसकी मांग शासन से समय से कर ली जाए ताकि निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने सड़कों की मरम्मत कराने के लिए भी कहा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि बदायूँ-ककराला मार्ग व उझानी-ककोड़ा मार्ग पर सड़कों पर झाड़ियां हैं जिनकी छटाई वन विभाग द्वारा कराई जाती है इसके लिए उनके पास बजट भी उपलब्ध है, सीडीओ ने अधिशासी अभियंता से कहा कि वह इसकी सूची दें ताकि कार्य को कराया जा सके।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने सड़क किनारे मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा से कराने के लिए कहा, जिस पर सीडीओ ने सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा, ताकि कार्य को मनरेगा से कराया जा सके। अधिशासी अभियंता ने बताया कि बदायूँ-दातागंज सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 83 कार्यक्रमों में जून 2026 में जनपद को विकास कार्य में 33वीं रैंक प्राप्त हुई है जिसमें 54 परियोजनाओं व कार्यक्रम में ए श्रेणी, 06 में बी श्रेणी, 01 में सी श्रेणी व 02 में डी श्रेणी प्राप्त हुई है, 20 ऐसे कार्यक्रम व परियोजनाएं हैं जिसमें श्रेणियां नहीं दी जाती हैं। जिन 06 कार्यक्रमों व परियोजनाओं में बी श्रेणी प्राप्त हुई है उनमें जननी सुरक्षा योजना, 15 वित्त आयोग ग्राम पंचायत, पांचवा वित्त आयोग ग्राम पंचायत, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, निर्माण कार्य सीएमआईएस हैं तथा सी श्रेणी फैमिली आईडी के कार्य में प्राप्त हुई है। डी श्रेणी आईसीडीएस पोषण योजना आदि में प्राप्त हुई है। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### फ़ेसबुक-इंस्टाग्राम आईडी हैक कर महिला के अश्लील फोटो किए वायरल, केस दर्ज

मुरादाबाद । महानगर के थाना कटघर क्षेत्र में रहने वाली महिला की फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी किसी ने हैक कर ली। इसके बाद आरोपित ने महिला की फोटो को अश्लील तरीके से एडिट कर वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने बुधवार को मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि उसने अपने नाम से फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर आईडी बना रखी है। पीड़िता का कहना है कि किसी ने उसके फोन से फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली। इसके बाद उसकी फोटो लेकर उन्हें अश्लीलता के साथ एडिट किया और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है : पूरनलाल लोधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी का बिसौली विधानसभा में प्रथम प्रवास के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर एवं ब्लॉक प्रमुखगण, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण रहा तथा अनेक स्थानों पर पुष्पमालाओं एवं पुष्पवर्षा तथा ढोल नगाड़ों के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिसौली विधानसभा की सीमा पर आंवला-बिसौली मार्ग पर हुआ, जहाँ बगरैन मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके पश्चात ग्राम पैपल में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा के आवास पर स्वागत किया गया। ग्राम बगरैन में भाजपा नेता कुंवर प्रताप सिंह (शिवम सिंह) के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम तथा ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर में बिसौली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। इसके उपरांत बिसौली नगर के तिरंगा चौक पर नगर मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। बुद्ध बाजार स्थित भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वाष्णेय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया तथा भाजपा की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की। इसके बाद मोहल्ला कटरा स्थित ज्योति आर्य एवं गौरव आर्य के आवास पर स्वागत कार्यक्रम तथा मंडल उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल के आवास पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी ने कहा भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। बूथ स्तर तक मजबूत संगठन ही भाजपा की सफलता का आधार है। उन्होंने आगे बूथ की मजबूती ही चुनावी विजय का सबसे मजबूत आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर नियमित संपर्क, जनसंवाद और संगठनात्मक गतिविधियों को गति दें तथा नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। आगे कहा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुँचाने के साथ-साथ भाजपा के अभियानों को पूरी निष्ठा से सफल बनाएं। इस अवसर पर ओम कृष्ण सागर, अमित पाठक, विजय शर्मा, गुड्डू देवी, वैभव मिश्रा, सरिता वार्ष्णेय, अनुपम पाठक, आशीष गर्ग, संगीता रस्तोगी, सविता शर्मा, शिवम शंखधार, रामवीर सिंह, शिवकुमार पराशरी, पंकज सिंह, राघव सिंह, रीना राघव, दीपेश वार्ष्णेय, राजेश भारद्वाज, वैभव शर्मा, राहुल सिंह, अनिता शर्मा, उषा शर्मा, कृष्णा गुप्ता, नवनीत शर्मा, अनुभव उपाध्याय वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस शिकायतों पर जिलाधिकारी ने किया मौके का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवरिया । देवरिया के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को भाटपाररानी तहसील क्षेत्र में आईजीआरएस पर प्राप्त दो शिकायतों की मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तथ्यों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

पहला मामला भाटपाररानी नगर निवासी योगेंद्र राय की शिकायत से संबंधित था। शिकायत में दर्ज पोखर एवं तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया था। मौके पर जांच के दौरान पता चला कि यह मामला उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-67 के अंतर्गत न्यायालय में विचाराधीन है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुकदमे का शीघ्र निस्तारण कर न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरा प्रकरण बहियारी बघेल गांव की निवासी शांति देवी की शिकायत से संबंधित था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि धारा-116 के तहत पारित आदेश के अनुपालन में प्रतिपक्षी बाधा उत्पन्न कर रहा है। जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और अधिकारियों को आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## दरोगा की मौजूदगी में चौकी में घुसकर दबंगों का तांडव, वीडियो वायरल

❒ पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध, रात होते ही उगाई में लग जाते हैं

आशु शर्मा/कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के चौकी नवादा इन दिनों विवादों के चलते जानी जा रही है। पुलिस द्वारा संरक्षण प्राप्त अपराधी जमकर तांडव कर रहे हैं, चौकी नवादा के पुलिसकर्मी दोनों हाथों में लड्डू लेने के लिए दिन-रात इतनी मेहनत कर रहे कि पुलिस चौकी के अंदर घुसकर पुलिस की मौजूदगी में बुधवार को दबंगो जमकर तांडव किया है, क्योंकि पुलिस का डर होता तो पुलिस की मौजूदगी में जमकर मारपीट नहीं होती, क्योंकि पुलिस को सफ़ेद पोस्ट नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। आपको बता दे कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले शरीफ पुत्र रफामुददीन ने बताया कि बुधवार को दोपहर 3 बजे एक मुकदमे के सिलसिले में नवादा चौकी पर गए थे,वहीं चौकी प्रभारी से वार्ता करने के दौरान एक दर्जन से अधिक लोग चौकी के अंदर घुस आए, दरोगा की मौजूदगी में गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया जिसमें पीड़ित व पीड़ित का भाई को गंभीर चोटें आई है। वही चौकी परिसर में दबंगों द्वारा मारपीट करना पुलिस को खुली चुनौती देना है, वही इस घटनाक्रम को लेकर अभी तक किसी पुलिसकर्मी पर कार्यवाही नहीं की गई है, क्योंकि सूत्र बता रहे हैं कि इन्हीं पुलिसकर्मियों मिली भगत के चलते दबंगों ने इतना बड़ा कदम उठाया है,वहीं थाना प्रभारी की नाकामी और चापलूसी के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, और अपराधी खुलकर चौकी परिसर में तांडव कर रहे हैं, वहीं नवादा चौकी के पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध है,जिसकी जांच होना अति आवश्यक है, वही चौकी परिसर दबंगों द्वारा मारपीट कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसके चलते पुलिस की जमकर फजियत हो रही है, वही बुद्धिजीवी लोग कह रहे हैं कि चौकी परिसर जैसे सुरक्षित स्थान पर भी अपराधिक घुसकर मारपीट कर रहे हैं, तो पुलिस का डर और कानून व्यवस्था कटघरे में खड़ी होती नजर आ रही है, वहीं थाना प्रभारी की जमकर आलोचना हो रही, कानून व्यवस्था स्थापित न करवाने पर थाना प्रभारी और नवादा पुलिसकर्मियों को हटाने मांग की जा रही है। वहीं चौकी पर तैनात एक सिपाही की भी भूमिका अति संदिग्ध है। वहीं सीओ सिटी राहुल पांडे ने बताया कि इस मामले में चार लोगों की अरेस्टिंग की जा चुकी है, मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की वर्तमान स्थिति, विभागवार प्रगति तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड निर्धारित समय-सीमा के भीतर बनवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क उपचार का सुरक्षा कवच है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, नगर निकाय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जन सेवा केंद्रों के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने आशा, एएनएम तथा अन्य फील्ड कर्मियों को भी अभियान से जोड़ते हुए घर-घर संपर्क कर पात्र परिवारों की पहचान एवं कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनने की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष प्रयास किए जाएं तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए, साथ ही लाभार्थियों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिलने वाली नि:शुल्क उपचार सुविधा की जानकारी भी दी जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए, जिससे कार्ड निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित न हो। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी पर आगजनी-पथराव के मामले में मुकदमा दर्ज, पांच आरोपी नामजद और 50 अज्ञात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कादरचौक गांव में हरिओम की हत्या के बाद मंगलवार रात नाधा पुलिस चौकी पर बवाल हुआ। भीड़ ने आगजनी और पथराव किया। इस मामले में पुलिस ने 55 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव कादरचौक में युवक की हत्या के बाद मंगलवार देर रात नाधा पुलिस चौकी पर बवाल हुआ।

भीड़ ने आगजनी और पथराव किया। इस घटना के बाद पुलिस ने पांच नामजद और 50 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने रात में ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। गांव कादरचौक निवासी हरिओम के शव का बुधवार तड़के चार बजे पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। गांव में पुलिस तैनात है। वहीं गांव कादरचौक में शादी की दावत खाने के बाद कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में हरिओम की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमॉर्टम होने के बाद परिजनों ने मंगलवार की शाम से नाधा चौकी पर शव को रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों की ओर से परिजनों और जाम लगाए लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वे लोग डीएम और एसएसपी को मौके पर बुलाकर वार्ता करने की बात कहते रहे। इस दौरान पुलिस पर दबाव बनाने के लिए युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद भीड़ में से मौजूद कुछ अराजक तत्वों ने पथराव भी किया। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाने के लिए हल्का बल का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया। इससे वहां भगदड़ मच गई। कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी के सामने आग भी लगा दी थी। इससे माहौल और बिगड़ गया। पुलिस ने आग बुझाकर युवक को बचाया था। हरिओम की हत्या के मामले में 12 आरोपियों को नामजद कर केस दर्ज कर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल्हाड़ी, भाला और लोहे की रॉड की बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने सोमवार रात दबिश देकर गांव निवासी चंद्रकेश, प्रेम सिंह, चंद्रवीर, पप्पू, सुरेश चंद्र और जितेंद्र को गिरफ्तार किया।आरोपियों के कब्जे से लोहे की दो रॉड और दो लाठी भी बरामद कीं।

### देवरिया में 126 पेटी शराब के साथ आठ तस्कर गिरफ्तार, आठ बाइक भी बरामद

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की श्रीरामपुर थाना पुलिस ने बुधवार को अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बिहार ले जाई जा रही 126 पेटी अवैध देशी शराब, आठ मोटरसाइकिल और चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद करते हुए आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एक चोरी की मोटरसाइकिल का भी खुलासा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि श्रीरामपुर पुलिस मैदनिया तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मैदनिया देशी शराब की दुकान के पास कुछ लोग मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट बदलकर अवैध शराब बिहार ले जाने की तैयारी में हैं।

## ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन एफआईआर निरस्त करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पूर्व प्रधान शेर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे और रिपोर्ट को झूठा बताते हुए उसे निरस्त कराने की मांग की

बदायूं। गांव अलापुर पट्टी के 30 ग्रामीणों ने अपने खिलाफ दर्ज रिपोर्ट का विरोध किया। उन्होंने जिलाधिकारी से रिपोर्ट निरस्त कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा होने और नींव गिराने का आरोप लगाते हुए ग्राम अलापुर पट्टी के 30 ग्रामीणों पर रिपोर्ट दर्ज होने का विरोध शुरू हो गया है।

बुधवार को पूर्व प्रधान शेर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे और रिपोर्ट को झूठा बताते हुए उसे निरस्त कराने की मांग की। ग्रामीणों ने डीएम अवनीश राय से मिल हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र भी सौंपा। वहीं ग्रामीण महिपाल, हीरालाल, टीकाराम, बबलू, रामकुमार, राम औतार, जगदीश, पुत्तूलाल, ऋषिपाल, जय सिंह आदि ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि अलापुर पट्टी गांव में दो गाटों में ग्राम समाज की भूमि है। गांव के ही कुछ लोगों ने भूमि पर कब्जा किया है। इस संबंध में पूर्व प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम से मिलकर शिकायत की थी। शिकायत पर डीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने गांव पहुंचकर जांच की।अभिलेखीय साक्ष्यों में भूमि पर गांव के दो लोगों का कब्जा मिला था। 728 वर्गमीटर पर कब्जा मिला था। वहीं उच्चाधिकारियों ने अवैध रूप से भरी गई नींव को हटवाने और खाद के गड्ढों को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्जे वाली भूमि पर भरी नींव गिराने को लेकर 30 ग्रामीणों के विरुद्ध गलत तरीके से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। उस रिपोर्ट को निरस्त कराने और प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करने के लिए आए हैं। डीएम ने मामले में जांच कर ग्राम समाज की भूमि कब्जा मुक्त कराने की बात कही है।

### पाली में शुरू हुआ स्कूल चलों अभियान



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 15 जुलाई, बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पाली से महाराजगंज कस्बे तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में सैकड़ों शिक्षकों और उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज के छात्रों ने बैंड-बाजे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पैदल मार्च परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। मार्च के दौरान, शिक्षकों और छात्रों ने लोगों को सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षा के उन्नयन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने इस अवसर पर शिक्षकों को प्रेरित करते हुए प्रति विद्यालय पांच नए छात्रों का नामांकन बढ़ाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे शिक्षा के महत्व को समझें और लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष मधुकर सिंह, दयाशंकर अवस्थी दिलीप अवस्थी दिव्या प्रताप प्रदीप चौरसिया राकेश गौतम सुरेश द्विवेदी प्रियंका पांडे मीणा राधा रानी सीमा गुप्ता रेखा मौर्य सावित्री आरती जयसवाल पूजा सिंह नीलमा श्रीवास्तव पूनम समेत सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र मौजूद रहे।

### गरीबी के बीच बेटी की जिंदगी बचाने की जंग



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम टूक निवासी अख्तर अली का परिवार इन दिनों अपनी 12 वर्षीय बेटी के इलाज को लेकर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। 29 जून को पेड़ से गिरने के कारण बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद एम्स, लखनऊ मेडिकल कॉलेज सहित कई अस्पतालों में इलाज का प्रयास किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों की जांच में पता चला कि हादसे में बच्ची का पैंक्रियास (अग्न्याशय) गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके चलते तत्काल ऑपरेशन करना पड़ा। परिजनों के अनुसार अब तक ऑपरेशन, दवाइयों और अन्य उपचार पर लगभग 3 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। यह पूरी राशि परिवार ने कर्ज और उधार लेकर जुटाई है। पीड़ित पिता अख्तर अली ने बताया कि उनके पास न तो खेती के लिए जमीन है और न ही कोई ऐसी आर्थिक व्यवस्था जिससे आगे का इलाज और दवाइयों का खर्च उठाया जा सके। उनका कहना है कि अब परिवार के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है और दवाइयों के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक के साथ ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और शुभचिंतक भी बच्ची के इलाज में आर्थिक सहयोग के लिए आगे आए हैं। पीड़ित परिवार ने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन तथा सक्षम लोगों से अपील की है कि वे बच्ची के इलाज में सहयोग करें, ताकि उसका उपचार बिना रुके जारी रह सके और उसकी जान बचाई जा सके।

## नाबालिग लड़की से छेड़खानी और धमकी, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के डेड़उवा मजरे पहाड़पुर में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही मांग की है।

शिकायत पत्र के अनुसार, घटना 14 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे की है। पीड़िता की नाबालिग पुत्री जब शौच के बाद खेत से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे गांव के ही शुभम अवस्थी ने उसे रोक लिया। आरोप है कि शुभम ने नाबालिग के बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके साथ छेड़खानी की। इस दौरान वहां मौजूद एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने भी इस कृत्य में उसका सहयोग किया और पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां दीं। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप है कि आरोपी शुभम अवस्थी शराब के नशे में था और वह दो दिन पूर्व भी पीड़िता के साथ छेड़खानी कर चुका है। आरोपी आए दिन गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देते हुए कहता है कि तुम्हें कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ूंगा। ?पीड़िता की मां बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर मामले का तत्काल संज्ञान लेने और एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है कार्यवाही की जाएगी।

## बेहजम सहकारी समिति में खाद संकट गहराया

❒ घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मितौली खीरी। धान की फसल के अहम दौर में बेहजम सहकारी समिति पर खाद की लगातार बनी किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खाद के लिए रोजाना समिति के चक्कर काट रहे किसान घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। इससे किसानों में भारी नाराजगी है और उन्होंने वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं।

समिति पर पहुंचे किसानों का कहना है कि पिछले दो से तीन महीनों से खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। कई बार आने के बावजूद हर बार उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया जाता है कि सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है। किसानों का कहना है कि खेती का समय निकलता जा रहा है, लेकिन उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि खाद वितरण में पक्षपात किया जा रहा है। उनका दावा है कि प्रभावशाली लोगों और कुछ जनप्रतिनिधियों के दबाव में कथित रूप से चुनिंदा लोगों के नाम सूची में शामिल कर खाद का वितरण किया जाता है, जबकि अन्य पात्र किसान वंचित रह जाते हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि शिकायतों का वास्तविक निस्तारण करने के बजाय कागजों पर कार्रवाई पूरी दिखा दी जाती है। इस संबंध में समिति अध्यक्ष संजय दीक्षित ने बताया कि समिति पर खाद का वितरण टोकन व्यवस्था के अनुसार किया जा रहा है। पक्षपात और शिकायतों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी लेकर एडीओ सहकारिता से वार्ता की जाएगी तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समिति पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और सभी पात्र किसानों को बिना भेदभाव समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती-किसानी प्रभावित न हो।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 51265186A | " Traverser 80T Two Track for Carriage Workshop Alambagh | 1 Nos | 10.08.2026 |
| | | "Surface Traverser 80 Ton two track for paint shop Carriage Workshop Alambagh". | 1 Nos | |
| | | "Surface Traverser 80 Ton two track for lifting shop Carriage Workshop Alambagh". | 1 Nos | |

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
**टेंडर नोटिस सं. 51265186A दिनांक : 14.07.2026** **2426/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेंदुवां मोहनी सिसई भीखपुर व राजापुर में मची है लूट

**नाम बदला,खेल नहीं ! जी राम जी योजना में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप**

**कागजों पर मिट्टी खोदाई, मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी.? गरीबों के रोजगार पर किसका डाका.?**

**ऐसी अंधेर गर्दी पर लगाम कब लगेगी पूछ रही है जनता..?**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि पुराने कार्य और नाम बदलकर

मनरेगा श्रमिकों के घर-घर जाकर हाजरी लगाकर भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान, रोजगार सेवक व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी वीबी रामजी योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार वीबी राम जी योजना में मोदी सर कार ने पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके, परन्तु जिले के मुजेहना विकास खंड की ग्राम पंचायत तेंदुवां मोहनी, सिसई भीखपुर व राजापुर के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में वी बीजी राम जी (मनरेगा ) कार्यों में चल रहे फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पा नी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है,वहीं ग्रामी णों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कु छ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार,रोज गार सेवक,प्रधान के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए द र्जनों से अधिक की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के स म्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।सवालों के घेरे में उपायु क्त श्रम रोजगार मनरेगा की भूमिका का है,क्योंकि कागजो पर चल रहे का खेल का जिम्मा इनका ही है,लेकिन जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे हुए हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाशत नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर वीबी राम जी (मनरेगा )योजना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# गोंडा मेडिकल कॉलेज में एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक नहीं मरीज लगा रहे चक्कर




गोंडा । कुत्ते और बंदर के काटने के बाद जान बचाने वाली एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) के अभाव में गोंडा मेडिकल कॉलेज में मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।मेडिकल कॉलेज में एआरवी का स्टॉक 25 जून से समाप्त है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित रखा गया अंतिम स्टॉक भी खत्म हो गया।इसके बाद वैक्सी न लगवाने पहुंचे मरीजों को बिना टीका लगाए वा पस लौटना पड़ा।प्रतिदिन बड़ी संख्या में कुत्ते व बंदर के काटने के शिकार लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे हैं, लेकिन वैक्सीन उपलब्ध न होने से उन्हें बाजार से महंगे दामों पर एआरवी खरीदनी पड़ रही है।आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के सामने सबसे अधिक परेशानी खड़ी हो गई है। स मय पर वैक्सीन न मिलने से संक्रमण का खतरा भी बना रहता है,जिससे मरीज और उनके परिजन चिंतित हैं।जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ब नने के बाद दवाओं और जीवनरक्षक इंजेक्शनों की कमी का मामला पहली बार सामने नहीं आया है।इससे पहले भी एंटी-वेनम सहित कई जरूरी द वाओं के अभाव में मरीजों को परेशानी झेलनी प ड़ी थी।लगातार सामने आ रही ऐसी स्थितियों से मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

### सीएमएस बोले बजट मिलने पर भेजी गई मांग

मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.अनिल तिवारी ने बताया कि बजट के अभाव में एंटी रेबीज वैक्सी न का स्टॉक समाप्त हो गया था।इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर पहले ही दे दी गई थी।अब बजट उपलब्ध हो गया है और बुधवार को काजीदेवर ड्रग्स स्टोर को वैक्सीन की मांग भे ज दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शाम तक एंटी रेबीज वैक्सीन का नया स्टॉक मेडिकल कॉले ज पहुंच जाएगा,जिससे मरीजों को राहत मिलेगी और बाजार से महंगी वैक्सीन खरीदने की मजबूरी समाप्त होगी।

**गोंडा मेडिकल कॉलेज में 25 जून से स्टॉक खत्म**

**इमरजेंसी भंडार भी समाप्त बाजार से महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर**

# मंदिर के पास खुलेआम गांजा बिक्री का वीडियो वायरल, पुलिस महकमे में हड़कंप

**करनैलगंज क्षेत्र के छतौनी चौराहे का बताया जा रहा वीडियो, जांच में जुटी पुलिस**

**वायरल वीडियो से पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल..**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । करनैलगंज थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस प्रशासन में हड़ कंप मचा दिया है।वायरल वीडियो को भभुआ चौ की क्षेत्र के छतौनी चौराहे का बताया जा रहा है। वीडियो में मंदिर के समीप पीपल के पेड़ के नीचे कथित रूप से खुलेआम गांजा बेचे जाने का दावा किया जा रहा है।वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद स्थानीय लोगों में भी च र्चा का विषय बन गया है।लोगों का कहना है कि यदि वीडियो में किया जा रहा दावा सही है तो यह कानून-व्यवस्था और पुलिस की निगरानी पर गंभी र सवाल खड़े करता है।मंदिर परिसर के आसपास नशे के कारोबार की चर्चा से क्षेत्रीय नागरिकों में नाराजगी भी देखी जा रही है। कैनविज टाइम्स वायरल वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है।हालांकि मामला सामने आने के बा द पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए उसकी जां च शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की जांच कराई जा रही है।यदि वी डियो सही पाया गया और अवैध मादक पदार्थों की बि क्री की पुष्टि हुई तो संबंधित लोगों के खिला फ एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लाल खून के काले धंधे बाजो के जेल जाते ही बंद, हुआ ब्लड बैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध रक्त की ख रीद-फरोख्त करने वाले अंतर जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।इस रैकेट का संबंध स्वास्थ्य वि भाग के एक लिपिक से जुड़ रहा है।बलरामपुर में ब्लडबैंक की कमाई से गोंडा में झंझरी ब्लाक के पास भी ब्लडबैंक की शाखा खोली गई थी। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, जिले में खून की मांग अधिक रहती है, इसलिए यहां ब्लडबैंक की शाखा स्थापित की गई थी।पुलिस अधीक्षक वि नीत जायसवाल ने महिला के द्वारा आत्मदाह के प्रयास के बाद सख्ती से कार्रवाई शुरू की, जिससे इस गोरखधंधे का राजफाश हुआ।अब तक आठ आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं और स्वास्थ्य वि भाग के कर्मियों पर भी कार्रवाई की संभावना है।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी वली मो हम्मद ने कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी पत्नी चार जुलाई को गोंडा के नर्सिंग होम में भर्ती थीं।उपचार के दौरान चिकित्सक ने रक्त की आवश्यकता बताई।इस दौरान अस्पताल के बाहर ऋषिकेश अवस्थी ने 12,500 रुपये में र क्त उपलब्ध कराया।वली मोहम्मद ने दस हजार रु पये आनलाइन और पचीस रुपये नकद दिए, लेकि न चिकित्सक ने रक्त को संदिग्ध बताते हुए चढ़ाने से मना कर दिया।

जब वली मोहम्मद ने आरोपित से रक्त वापस लेने और पैसे लौटाने को कहा,तो उ सने न तो रक्त दिया और न ही पैसे लौटाए। इसके बाद ऋषिकेश अवस्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।12 जुलाई को विवेचना के दौरान कई आरोपितों को गिरफ्तार किया गया,जिनमें बडगांव निवासी मुख्तार,धानेपुर थाना के बाबागंज के शि वम शुक्ल,बूढादेवर गरीबीपुरवा निवासी विजय, इ मामबाड़ा निवासी साहबे आलम, पैड़ी अजब सिंह निवासी ऋषिकेश अवस्थी, पंपापुर मुंडेरवा कला निवासी बृजेश कुमार शुक्ल, बलरामपुर के आदर्श कालोनी निवासी अभिषेक सिंह और बभनी कानूनगो निवासी सौरभ श्रीवास्तव शामिल हैं।नगर को तवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस स भी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

**काली कमाई से गोंडा में भी खोली गई ब्लड बैंक की एक और शाखा,जांच में जुटी पुलिस**

**गोंडा में भी संचालित की गई ब्लड बैंक की दूसरी शाखा, नेटवर्क की परतें खंगाल रही पुलिस**

# पर्यावरण, जल संरक्षण एवं नशा उन्मूलन पर चौपाल, वृक्षारोपण कर दिलाया गया सामूहिक संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। फखरपुर स्थित रामलीला मैदान परिसर के हेमराज बाबा आश्रम में बुधवार को महामना मालवीय मिशन (अवध) के तत्वावधान तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के संयुक्त सहयोग से जल एवं पर्यावरण संरक्षण एवं नशा उन्मूलन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पर्यावरणविदों, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि नशा समाज के लिए अत्यंत घातक है। अवैध नशे के क्रय-विक्रय, उत्पादन और उपभोग पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है और उत्पादित अन्न व सब्जियां विषैली होती जा रही हैं। इससे लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक एवं गोवंश आधारित खेती को अपनाने की अपील की। महामना मालवीय मिशन (अवध) के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के समन्वय से पूरे तराई क्षेत्र में पर्यावरण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पंचवटी एवं हरिशंकरी प्रजाति के पौधों का रोपण और संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर नशा उन्मूलन चौपालों का भी आयोजन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र बहराईच से संबद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रियंका सिंह ने लोगों से अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित कर विषमुक्त सब्जियों एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने किसानों को किसान सारथी ऐप से जुड़कर कृषि संबंधी नवीनतम जानकारी प्राप्त करने की सलाह भी दी। संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पौधों के संरक्षण का आह्वान किया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री आलोक शुक्ला एडवोकेट ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी अनिल शुक्ला एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पंडित छोटे लाल शुक्ला ने की। इस अवसर पर शिक्षाविद एस.के. चौधरी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष नीरज शुक्ला, संजीव शुक्ला, दिनेश शुक्ला, जुबेर अहमद, लल्लू महाराज, अभिषेक शुक्ला, वरुण शुक्ला, सौरभ अवस्थी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर महामना मालवीय मिशन की ओर से प्रभागीय वनाधिकारी बहराईच के सौजन्य से उपस्थित लोगों को पंचवटी, हरिशंकरी एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं नशा उन्मूलन का सामूहिक संकल्प दिलाया गया तथा रामलीला मैदान परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

# जनता दर्शन में एसपी का सख्त संदेश: जनता को मिले समय पर न्याय,लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बुध वार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवा ई में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष,गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही या अना वश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।जनसु नवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद,मारपीट, पारिवारिक विवाद समेत अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें एसपी के समक्ष रखीं।पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रार्थना पत्रों का स्वयं अवलोकन किया और संबंधित थाना प्रभारि यों व अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ जां च कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए,साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराने पर भी जोर दिया।एसपी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना और पुलिस के प्रति उनका विश्वास मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने दोहराया कि जनपद पुलिस पारदर्शी,जवाबदेह और जनकेंद्रित पुलिसिंग के लिए प्रतिबद्ध है तथा हर पीड़ित को समय पर न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय के अधिका री एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन में एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा वामा सारथी के तत्वावधान में पुलिस लाइन सभा गार में आयोजित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वाय रस) टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य 14-15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क एचपीवी टी काकरण के प्रति जागरूक करना था।पुलिस अधी क्षक द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से ब चाव का एक सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित माध्यम है।समय पर टीकाकरण करा कर इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे 14-15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं का सम य से निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा एचपीवी संक्रमण,सर्वाइकल कैंसर के कारण लक्षण, बचाव के उपाय एवं टीकाकरण के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उपस्थित जनों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

### व्यवसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध: डीएसओ

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रतिष्ठानों, होटलों, ठेला, ढाबों, कैटरिंग इत्यादि व्यवसायिक कार्यों एवं गतिविधियों में कामर्शियल गैस सिलेण्डरों के स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का प्रयोग किया जाना अवैधानिक है, जो अपराध की श्रेणी में आता है एवं दण्डनीय अपराध है। श्री तिवारी ने गैस सिलेण्डर के माध्यम से व्यवसाय करने वाले उपभोक्ताओं/व्यवयाईयों को सुझाव दिया है अपने नजदीकी गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर तत्काल कामर्शियल गैस सिलेण्डर का कनेक्शन प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि नीले रंग के कामर्शियल गैस सिलेण्डर 19 कि.ग्रा. एवं 05 कि.ग्रा. में उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यवसायी आवश्यकतानुसार नीले रंग के कामर्शियल गैस सिलेण्डर प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया है कि व्यवसायिक गतिविधियों में कदापि लाल रंग के घरेलू गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) का प्रयोग ने करें। कामर्शियल गैस सिलेण्डर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग करना एलपीजी कन्ट्रोल आर्डर-2000 (यथा संशोधित) की धारा-13 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है ।

### प्रधान डाकघर नानपारा में कैश काउंटिंग मशीन का अभाव, खाताधारकों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रधान डाकघर नानपारा में कैश काउंटिंग मशीन की सुविधा न होने से खाताधारकों को भुगतान और जमा संबंधी कार्यों के लिए लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। नोटों की गिनती हाथ से किए जाने के कारण लेनदेन की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जागरूक खाताधारकों ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र कैश काउंटिंग मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि आज के आधुनिक समय में लगभग सभी बैंक शाखाओं में नोट गिनने की मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन प्रधान डाकघर जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान में इस मूलभूत सुविधा का अभाव आमजन की परेशानी का कारण बना हुआ है। इस संबंध में प्रधान डाकघर नानपारा के पोस्टमास्टर रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि डाकघर में कैश काउंटिंग मशीन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि खाताधारकों की संख्या लगातार बढ़ने से कार्यभार भी बढ़ा है। मशीन उपलब्ध कराने के लिए विभाग को पत्र भेजा जा चुका है और उम्मीद है कि शीघ्र ही डाकघर को कैश काउंटिंग मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे ग्राहकों को तेज और बेहतर सेवा मिल सकेगी।

### 16 जुलाई को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत वितरण उप खण्ड-द्वितीय के उप खण्ड अधिकारी शम्भू नाथ ने बताया कि 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन पर स्थापित 10 एम.वी.ए. पावर परिवर्तक की सी.टी. बदले जाने का कार्य प्रस्तावित है। जिसके कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन, बहराइच से पोषित 11 के.वी. फीडर दीवानी, कलेक्ट्रेट एवं सरस्वती स्कूल की विद्युत आपूर्ति 16 जुलाई 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस अवधि में मोहल्ला माधवरेती, खत्रीपुरा, बन्दरियाबाग, घोसियाना, विकास भवन, दीवानी, रानी रेहुआ इत्यादि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक बाधित रहेगी।

# सीएमओ ने एचपीवी टीकाकरण का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण व्यवस्था, लाभार्थियों के पंजीकरण और यू-विन पोर्टल पर डाटा अपलोड की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जा रही है, जो वायरस के टाइप-16 एवं टाइप-18 से सुरक्षा प्रदान करती है। विशेषज्ञों के अनुसार 14 वर्ष की आयु में लगाया गया टीका लंबे समय तक प्रभावी सुरक्षा देता है। उन्होंने बताया कि भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जहां प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण पूरी तरह निःशुल्क एवं सुरक्षित है। इसका उद्देश्य सभी वर्गों की किशोरियों तक समान रूप से इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है। जिला महिला चिकित्सालय में प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी, लेकिन 15 वर्ष पूर्ण न हुई किशोरियों को अभिभावक की सहमति के साथ निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। लाभार्थियों को आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने जिला महिला चिकित्सालय को निर्देश दिए कि एएनएम द्वारा 14 वर्ष आयु पूर्ण कर चुकी सभी किशोरियों की सूची तैयार कर उनके अभिभावकों से संपर्क किया जाए और उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही लगाए गए सभी टीकों का विवरण यू-विन पोर्टल पर समय से अपलोड करते हुए एचपीवी कार्ड भी लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि जनपद में यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत सभी बच्चों और माताओं का रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण जनपद के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री आरोग्य मेला तथा जिला महिला चिकित्सालय में प्रत्येक कार्यदिवस संचालित किया जा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं का त्वरित करें निस्तारण : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. लाल पंकज सिंह, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसान दिवस के दौरान किसानों ने कृषि एवं सिंचाई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। किसान प्रतिनिधियों ने फार्मर रजिस्ट्री के बिना उर्वरकों की उपलब्धता में आने वाली कठिनाइयों तथा खतौनी मिसमैच के कारण कई किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाने की समस्या उठाई। इसके अलावा विद्युत विभाग द्वारा पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने की शिकायत भी की गई। किसान त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय ने टिकरिया माइनर में टेल तक पानी न पहुंचने की समस्या से अवगत कराया, जबकि किसान राकेश कुमार मिश्रा ने बेलखौर माइनर की गहराई बढ़ाए जाने के कारण कुलाबों तक पानी न पहुंचने की शिकायत दर्ज कराई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है तथा किसान दिवस का उद्देश्य किसानों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना है।

# निवेश के नाम पर युवक से ?24.47 लाख की साइबर ठगी, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। शहर के दरियापुर (इलाहाबाद रोड) निवासी शिवम गुप्ता से विदेशी गारमेंट ब्रांड में निवेश कर कई गुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने ?24,47,639 की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, शिवम को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया कि न्छप्फस्ऽ भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के लिए निवेशकों को आकर्षक मुनाफा दे रही है। भरोसा दिलाने के लिए उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया, जहां बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे। इसके बाद एक फर्जी वेबसाइट पर उसकी आईडी बनाकर निवेश की गई रकम और उस पर बढ़ता हुआ काल्पनिक मुनाफा दिखाया जाने लगा। शुरुआत में शिवम ने ?10,000 निवेश किए, जिसके बाद वेबसाइट पर रकम दोगुनी दिखाई गई। इससे उसका विश्वास बढ़ा और उसने अलग-अलग किस्तों में लाखों रुपये आरटीजीएस और अन्य माध्यमों से ठगों के खातों में ट्रांसफर कर दिए।

जब पीड़ित ने अपनी रकम निकालने की कोशिश की तो ठगों ने पहले सिबिल स्कोर खराब होने फिर जीएसटी और एडवांस टैक्स के नाम पर और पैसे जमा कराने का दबाव बनाया। लगातार रकम देने के बावजूद पैसा वापस नहीं मिला, तब उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। जांच में पता चला कि यूनिलो ने भारत में ऐसी किसी निवेश योजना की घोषणा नहीं की है। साइबर अपराधियों ने कंपनी के नाम और पहचान का दुरुपयोग करते हुए फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इस ठगी को अंजाम दिया। इस ठगी में शिवम न केवल अपनी जमा-पूंजी गंवा बैठा, बल्कि विभिन्न स्थानों से कर्ज लेकर भी रकम निवेश कर दी, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई। लंबे समय तक अधिकारियों से शिकायत करने के बाद अब साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा को सौंपी गई है।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में बड़ा फैसला वॉइस सैंपल मिलान की मांग खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एडीजे-5 अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में वॉइस सैंपल के मिलान की मांग वाली रिवीजन याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने इस मामले में पहले एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को बरकरार रखा। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि बचाव पक्ष ने राहुल गांधी की वास्तविक आवाज का साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत सीडी में रिकॉर्ड आवाज से विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के जरिए मिलान कराने की मांग का विरोध किया था। निचली अदालत पहले ही इस मांग को अस्वीकार कर चुकी थी, जिसके खिलाफ भाजपा नेता विजय मिश्रा की ओर से रिवीजन याचिका दायर की गई थी। बताया गया कि 30 जून को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार 15 जुलाई को अदालत ने अपना निर्णय सुनाते हुए रिवीजन याचिका भी खारिज कर दी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से स्वयं को आहत बताते हुए सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने दीवानी न्यायालय में परिवाद दायर किया था। अदालत ने परिवाद स्वीकार करते हुए मामले में सुनवाई शुरू करने का आदेश दिया था। तभी से यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

## सीएमओ ने सीएचसी सिंहपुर की बहुचर्चित स्टाप नर्स का शुकुल बाजार किया तबादला

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में लम्बे अरसे से तैनात एक बहुचर्चित स्टाप नर्स का तबादला सीएचसी शुकुल बाजार के लिये किया है। उक्त नर्स पर मरीजों के साथ अभद्रता एवं अपने कार्यों के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी के चलते मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और एक रूपये के पर्चे पर साढ़े चार सौ रुपये की बाहरी दवाएं खरीदनी पड़ती है और जांच के नाम पर भी मरीजों की जेबों पर डाका डालने का मामला कई बार सामने आया है लेकिन अधीक्षक द्वारा मातहतों की करतूतों पर पर्दा डालकर रफा दफा कर दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर के क्रियाकलापों की भनक जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह तक पहुंच गई तो उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में लम्बे अरसे से तैनात स्थाप नर्स रेनू का तबादला सीएचसी शुकुल बाजार के लिये कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर के अधीक्षक डॉ सुनील चौधरी ने स्टाप नर्स रेनू के तबादला की पुष्टि करते हुये बताया कि अभी हम बाहर हैं फिलहाल जल्द ही कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को मरीजों के साथ मित्रवत व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने सख्त तेवर अपनाते हुये कहा कि अगर किसी भी स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मरीजों को बाहरी दवाएं लिखी जाती है तो उसके खिलाफ जांचोपरांत विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## इन्हौना पुलिस ने एक माह बाद दर्ज किया चोरी का मुकदमा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव गोपालपुर में करीब एक माह पूर्व हुई चोरी की वारदात पर आला अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस द्वारा अभियोग दर्जकर लिया गया है। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी राज कुमार पुत्र माताफ़ेर के घर पर बीते माह जून की सत्रह तारीख को बेखौफ चोरों द्वारा धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात पचास हजार रुपये की नकदी एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं पार कर दी गई थी। पीड़ित ग्रह स्वामी ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया लेकिन अपराध छिपाने में महारथ हासिल करने वाली इन्हौना पुलिस ने अभियोग दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा और पीड़ित ग्रह स्वामी अपने हाथों में प्रार्थना पत्र लेकर दर दर भटकता रहा लेकिन उसे न्याय नही मिला। इन्हौना पुलिस ने तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा की फटकार के बाद हरकत में आई और एक माह पूर्व हुई चोरी की वारदात का अभियोग दर्ज कर मामले की इतिश्री कर दिया है।

## रोजगार मेला में एक सौ सत्रह अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने कहा कि आज का युग कौशल का युग है। युवाओं का हुनरमंद होना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने संस्थान द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए युवाओं से अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा निरंतर अपने कौशल का उन्नयन करते रहने का आह्वान किया। रोजगार मेले में पन्द्रह प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया जिन्होंने तकनीकी, गैर-तकनीकी, प्रबंधन एवं सेवा क्षेत्र के कुल तीन सौ तेइस पदों के लिये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से एक सौ सत्रह अभ्यर्थियों का चयन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि, उपस्थित कंपनियों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि संस्थान भविष्य में भी युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए इस प्रकार के आयोजनों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में अनुपमा रानी (जिला सेवायोजन अधिकारी), अभय कुमार सुमन (उपायुक्त उद्योग), डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी (जिला विद्यालय निरीक्षक), जनपद के समस्त राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य, शिवाकांत द्विवेदी, अजय कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार, रोजगार मेला प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, एमआईएस मैनेजर मृत्युंजय तिवारी, संदीप सिंह सहित संस्थान के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ साथ उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास के लिए भी प्रेरित किया गया।

## एसपी ने निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक द्वारा होमगार्ड भर्ती परीक्षा के डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण की चल रही प्रकिया का निरीक्षण किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा बुधवार को नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा की डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन व शारीरिक मानक परीक्षण की चल रही प्रकिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शैचालय़, सीसीटीवी निगरानी आदि अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। ड्यूटी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों गण को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं शारीरिक मानक परीक्ष प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक लाइन्स श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन गौरीगंज पर चाइल्ड हेल्पलाइन ने चलाया जागरूकता अभियान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में बुधवार को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा रेलवे स्टेशन गौरीगंज पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उददेश्य आमजन को बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि यदि कहीं कोई अकेला, बेसहारा, असहाय अथवा परेशान नाबालिग बच्चा दिखाई देता है तो उसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें, ताकि संबंधित बच्चे को समय पर आवश्यक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर रुचि सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं रोशन लाल ने विभिन्न आपातकालीन एवं जनसेवा से जुड़े टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के बारे में जानकारी दी। साथ ही जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यात्रियों एवं आमजन के बीच पंपलेट वितरित किए गए।

## सीएचसी कुड़वार में बने सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी

कुड़वार कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व सांसद मेनका गांधी के निर्देश पर मरीजों के लिए स्थानीय सीएचसी पर विकास विभाग द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहा है। विगत कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक केयर टेकर की नियुक्ति न होने से सामुदायिक शौचालय का लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। इस संबंध में बीडीओ द्वारा बताया गया कि उसे अस्पताल प्रबंधन को सौप दिया गया है। जबकि सीएचसी अधीक्षक वेदांत नारायण यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कराया गया था। संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं की है।विभाग को किसी भी तरह से हैंडओवर नहीं किया गया।

## नाबालिग बेटी को लेकर धमकियों का आरोप, अश्लील वीडियो वायरल करने की चेतावनी मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया निवासी वंदना देवी ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर एक युवक व उसके साथियों पर परिवार को लगातार धमकाने, गाली-गलौज करने तथा नाबालिग बेटी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्रार्थना पत्र के अनुसार, वंदना देवी का आरोप है कि कृष्णा राजपूत, जो पूर्व में प्रकरण में वांछित रहा है और जेल से बाहर आने के बाद फिर से परिवार को परेशान कर रहा है। आरोप है कि वह अपने जीजा शिवा राजपूत व अन्य साथियों के साथ विभिन्न मोबाइल नंबरों से फोन कर उनके पति विनोद कुमार के मोबाइल पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है तथा परिवार को जान से मारने की धमकी देता है शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने पूर्व में उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण किया था और उसका अश्लील वीडियो बनाकर रखा है अब वह बेटी की दूसरी जगह शादी होने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और बेटी सहित पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। साथ ही ट्रूकॉलर पर भी बेटी के नाम का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया है पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और न्याय दिलाने की मांग की है फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जल मंत्री को प्रशासक ने सौंपा पत्र, शारदा किनारे गांवों की सुरक्षा की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदा नदी के कटाव से परेशान ग्राम पंचायतों की समस्या को लेकर विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के प्रशासक विवेकानंद सरकार ने जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र सौंपा।जल मंत्री शारदा नदी के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इसी दौरान प्रशासक विवेकानंद सरकार ने उनसे भेंट कर पत्र देते हुए शारदा नदी के किनारे बसे गांवों को स्थाई तटबंध उपलब्ध कराने की मांग की।पत्र में कहा गया कि नदी किनारे बसी ग्राम पंचायतों में हर वर्ष बाढ़ के कारण भारी कटाव होता है। स्थाई तटबंध न होने से किसानों की उपजाऊ भूमि नदी में समा जाती है, फसलें बर्बाद हो जाती हैं और जान-माल को भी खतरा बना रहता है। कई परिवार विस्थापन की स्थिति में आ जाते हैं।प्रशासक विवेकानंद सरकार ने मांग की कि शारदा नदी के संवेदनशील स्थानों पर पक्का तटबंध, बोल्डर पिचिंग और स्पर का निर्माण कराया जाए, ताकि हर साल होने वाले नुकसान से बचाव हो सके।जल मंत्री ने पत्र का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर समस्या का स्थाई समाधान कराया जाएगा।

## दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर एसपी के आदेश से मुकदमा दर्ज, पति समेत तीन नामजद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोपों से जुड़ा मामला पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में पहुंचने के बाद थाना पूरनपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पीड़िता ने अपने पति, सास और देवर पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करने तथा घर से निकाल देने के गंभीर आरोप लगाए हैं प्रार्थिनी शीतल मिश्रा निवासी ग्राम मुजफ्फरनगर, थाना पूरनपुर ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 11 जुलाई 2024 को विनोद कुमार निवासी ग्राम ढकिया मदन, थाना नीमगांव, जिला खीरी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति विनोद कुमार, सास निर्मला देवी और देवर अमित ने कम दहेज लाने का ताना देते हुए पांच लाख रुपये नकद और एक कार की मांग शुरू कर दी शिकायत के अनुसार, पिता ने पहले ही विवाह में अपनी हैसियत से अधिक खर्च किया था और बाद में एक बीघा जमीन बेचकर करीब दो लाख रुपये की लागत से ई-रिक्शा तथा इन्वर्टर-बैटरी भी दिलाई, लेकिन इसके बावजूद दहेज की मांग समाप्त नहीं हुई आरोप है कि दहेज न मिलने पर पीड़िता के साथ लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया पीड़िता ने आरोप लगाया कि 25 फरवरी 2026 को पति, सास और देवर ने मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा पति ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने उसे बचाया इसके बाद आरोपियों ने कथित रूप से दहेज की मांग पूरी न होने तक घर में न रखने और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया शिकायत में यह भी कहा गया है ।

# प्रधान की लापरवाही से भवानीपुर स्कूल के बाहर जलभराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## ह्यूमन पाइप बनी शोपीस, नहीं बनी नाली, अभिभावकों में आक्रोश



सुल्तानपुर। ब्लॉक बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर बाउंड्रीवॉल के बाहर गंदे पानी का जलभराव स्कूली बच्चों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। हैंडपंप से निकलने वाले पानी के कारण बाउंड्री के बाहर एक बड़ा गड्ढा तालाब में तब्दील हो गया है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि स्कूल परिसर के ठीक सामने गंदा पानी भरा हुआ है। जल निकासी के लिए एक ह्यूमन पाइप तो डाली गई है, लेकिन उसे नाली से जोड़ा नहीं गया है। परिणामस्वरूप बरसात और हैंडपंप का सारा पानी बहकर इसी गड्ढे में जमा हो रहा है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल गांव के प्रधान की कार्यशैली पर उठ रहा है। पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव की साफ-सफाई, नाली निर्माण और जल निकासी की जिम्मेदारी सीधे ग्राम पंचायत और प्रधान की होती है। लेकिन भवानीपुर में जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के अभिभावकों का आरोप है कि 15 वें वित्त आयोग और राज्य वित्त से हर साल पंचायत को साफ-सफाई के लिए फंड मिलता है, इसके बावजूद स्कूल के बाहर नाली और निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। अभिभावकों का आरोप है कि कई बार मौखिक शिकायत करने पर भी प्रधान की तरफ से सिर्फ बजट नहीं है और हो जाएगा कहकर टालमटोल की जाती रही। रोज सैकड़ों बच्चे इसी कीचड़ और गंदे पानी से होकर स्कूल आते-जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गंदा पानी अब मच्छरों का अड्डा बन गया है। यहां से उठने वाली बदबू और बरसात में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। अभिभावकों में इस बात को लेकर भारी गुस्सा है कि अगर किसी बच्चे की तबीयत खराब होती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। शिक्षा विभाग का काम स्कूल में पढ़ाई कराना है, लेकिन गांव की बुनियादी सुविधाएं देना पंचायती राज विभाग का दायित्व है। भवानीपुर का यह मामला इस बात को उजागर करता है कि जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाएं और फंड किस तरह लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने खंड विकास अधिकारी से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाए और लापरवाह प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही 15 दिन के अंदर स्कूल के बाहर पक्की नाली बनवाकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे ब्लॉक का घेराव करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में हल्का सेक्रेटरी प्रियंका साहू से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रधान से बात कर समस्या का निदान करवा दिया जाएगा।

# करोड़ की सिंचाई आवासीय परियोजना का भव्य शुभारंभ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दी बड़ी सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को पीलीभीत दौरे के दौरान पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संतोष में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवनिर्मित कार्यालय एवं विभागीय आवासों का विधि-विधान से हवन-पूजन, फीता काटकर तथा बटन दबाकर भव्य शुभारंभ किया लगभग 7 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना को सिंचाई विभाग के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि इस परियोजना की स्वीकृति उनके प्रयासों से जुलाई 2022 में प्राप्त हुई थी इसके बाद अप्रैल 2023 में ठेकेदार बम भोले शाही द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जो अब पूर्ण होने के बाद लोकार्पित किया गया है शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारी विषम परिस्थितियों में दिन-रात नहरों, तटबंधों और बांधों की सुरक्षा एवं रखरखाव का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं ऐसे कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि वे बिना किसी असुविधा के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें उन्होंने बताया कि नए आवासों में बिजली, पेयजल, सड़क और सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं कार्यक्रम के उपरांत मंत्री ने ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत विधायक बाबूराम पासवान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया दौरे के दौरान जल शक्ति मंत्री ने शारदा नदी के दाएं तट पर स्थित मार्जिनल बंध के स्पर संख्या-8ए की नोज की मरम्मत एवं लांचिंग एप्रेन निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण भी किया निरीक्षण के समय उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता, उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षित रखने के साथ-साथ किसानों की कृषि भूमि की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला पंचायत सदस्य डॉ. विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रवीण गौतम, आशुतोष कुमार, सुमित सचान सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे इस परियोजना के शुभारंभ से न केवल सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को आधुनिक आवासीय सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को भी नई गति मिलेगी, जिससे पूरनपुर क्षेत्र के किसानों और आमजन को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

## बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं लौटा बकाया धन, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर। माधोटांडा क्षेत्र के कलीनगर निवासी गोविंद श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को शिकायती पत्र देकर बरेली निवासी एक व्यक्ति पर बकाया रकम वापस न करने तथा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़ित ने मामले में कार्रवाई न होने पर एक बार फिर न्याय की गुहार लगाई है शिकायत के अनुसार, वार्ड नंबर-4 कलीनगर निवासी गोविंद श्रीवास्तव का आरोप है कि बरेली के विवेक नगर, जगतपुर निवासी विकास गुप्ता ने उनका बकाया पैसा लंबे समय से वापस नहीं किया है पीड़ित का कहना है कि उन्होंने 9 अप्रैल 2026 को भी पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक न तो पैसा वापस मिला और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई हुई गोविंद श्रीवास्तव का आरोप है कि जब भी वह अपनी रकम वापस मांगते हैं तो आरोपी उनके साथ अभद्र व्यवहार करता है और जान से मारने की धमकी देता है उन्होंने यह भी बताया कि वह कई बार थाना माधोटांडा के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई 11 जुलाई 2026 को दिए गए नए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी से उनका बकाया धन वापस दिलाया जाए यदि वह पैसा लौटाने से इंकार करता है तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई के निर्देश थाना माधोटांडा पुलिस को दिए जाएं शिकायत के साथ पीड़ित ने पूर्व में थानाध्यक्ष तथा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्रों की प्रतियां भी संलग्न की हैं। अब देखना होगा कि इस मामले में पुलिस प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## सम्पादकीय

# आस्था, कानून और सामाजिक सौहार्द

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा 9 अगस्त को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के समर्थन में कारसेवा की घोषणा ने देश में एक बार फिर धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है। अखाड़ा परिषद लगभग 50 लाख से अधिक साधु-संतों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है, जिसमें 13 प्रमुख अखाड़े शामिल हैं। इन अखाड़ों में शैव, वैष्णव और उदासीन परंपराओं के संत सम्मिलित हैं। परिषद का कहना है कि यह कारसेवा पूरी तरह धार्मिक और शांतिपूर्ण होगी तथा इसका उद्देश्य केवल भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा प्रकट करना है। इस दौरान साधु-संत और श्रद्धालु दिल्ली से पैदल यात्रा करते हुए मथुरा पहुंचेंगे तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर के बाहर भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना, चालीसा पाठ और माखन-मिश्री का भोग अर्पित करेंगे। परिषद ने स्पष्ट किया है कि इस कारसेवा का उद्देश्य किसी प्रकार की तोड़-फोड़ या विवाद उत्पन्न करना नहीं है। इसे अयोध्या आंदोलन की तरह धार्मिक जागरण और आस्था के प्रदर्शन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे संवेदनशील मामलों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी प्रशासन और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती है। यदि किसी भी पक्ष की धार्मिक भावनाएं भड़कती हैं या तनाव का वातावरण बनता है, तो स्थिति को नियंत्रित करना कठिन हो सकता है। इसलिए प्रशासन के सामने शांति और सुरक्षा बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। यह कारसेवा ऐसे समय आयोजित की जा रही है जब सर्वोच्च न्यायालय विशेष लोक अदालत के माध्यम से काशी, मथुरा और संभल जैसे धार्मिक विवादों का आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास कर रहा है। न्यायालय का उद्देश्य यह है कि दोनों पक्ष बातचीत के माध्यम से किसी ऐसे समाधान तक पहुंचें जिससे लंबे समय से चले आ रहे विवाद समाप्त हो सकें। इससे पहले भी समझौते का प्रयास किया गया था, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिली। ऐसे में यह माना जा रहा है कि अंततः इन मामलों का अंतिम समाधान सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से ही संभव होगा। अयोध्या विवाद में भी संविधान पीठ द्वारा दिया गया निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य साबित हुआ था। मथुरा का धार्मिक महत्व अत्यंत प्राचीन माना जाता है। हिंदू परंपरा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म यहीं कंस के कारागार में हुआ था। इसके बाद उनका पालन-पोषण वृंदावन में नंद बाबा और माता यशोदा के संरक्षण में हुआ। श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं से जुड़े अनेक स्थल आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। पुराणों, उपनिषदों और अन्य धार्मिक ग्रंथों में मथुरा और वृंदावन का विस्तृत उल्लेख मिलता है। हालांकि मंदिर की प्राचीनता और इतिहास के संबंध में अलग-अलग मत हैं तथा इन विषयों पर इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के बीच विभिन्न दृष्टिकोण मौजूद हैं। इसलिए इस विषय पर अंतिम निष्कर्ष न्यायिक और ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर ही निकाला जा सकता है। भारत में धार्मिक स्थलों से जुड़े कई विवाद वर्तमान में विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। ऐसे मामलों में भावनाओं के बजाय संविधान, कानून और उपलब्ध साक्ष्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसी संदर्भ में 1991 का उपासना स्थल अधिनियम भी महत्वपूर्ण है, जिसके संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न याचिकाएं लंबित हैं। इस कानून की व्याख्या और इसके दायरे को लेकर न्यायालय का अंतिम निर्णय भविष्य में ऐसे विवादों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्पष्ट न्यायिक निर्णय से समाज में भ्रम कम होगा और भविष्य में अनावश्यक विवादों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। कारसेवा की घोषणा का राजनीतिक महत्व भी कम नहीं माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की संभावनाओं के बीच इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की रणनीतियों पर भी चर्चा हो रही है। अयोध्या, काशी और मथुरा लंबे समय से कई संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रमुख मुद्दे रहे हैं।


# संयुक्त परिवार से एकल परिवार तक

**भारत की सभ्यता को यदि कुछ शब्दों में समझाना हो तो कहा जा सकता है कि यह केवल भूगोल, राजसत्ता या अर्थव्यवस्था से निर्मित राष्ट्र नहीं है; यह परिवार, परंपरा, संस्कार और पीढ़ियों की निरंतरता से बनी हुई जीवन-व्यवस्था है। भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका परिवार रहा है। यहाँ परिवार केवल पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित इकाई नहीं, बल्कि वह संस्था है जिसमें जीवन के मूल्य, आचरण की मर्यादा, संबंधों का अनुशासन, कर्तव्य की भावना, त्याग की परंपरा और संस्कृति की धारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित होती रही है।**

संयुक्त परिवार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसमें बच्चे केवल अपने माता-पिता के साथ नहीं, बल्कि भाई-बहनों, चचेरे-ममेरे भाई-बहनों, दादा-दादी तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते हुए जीवन जीना सीखते हैं। जब तीन-चार बच्चे एक साथ खेलते हैं, साथ बैठकर भोजन करते हैं, अपने खिलौने और वस्तुएँ बाँटते हैं, छोटे-बड़े का ध्यान रखते हैं और छोटी-छोटी बातों पर रूठते-मनाते हैं, तब उनके भीतर बिना किसी औपचारिक शिक्षा के सामाजिक जीवन के संस्कार विकसित होने लगते हैं। वे समझते हैं कि जीवन केवल अपनी इच्छाओं की पूर्ति का नाम नहीं, बल्कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का भी नाम है। परिवार उन्हें सहयोग, सहिष्णुता, त्याग, धैर्य, अनुशासन, साझेदारी और परस्पर उत्तरदायित्व का व्यावहारिक प्रशिक्षण देता है।

इसी वातावरण में परस्पर स्नेह, आत्मीयता, अपनापन और एक-दूसरे का सहारा बनने की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। मिलकर रहना, मिलकर काम करना, बाँटकर खाना और सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना केवल नैतिक उपदेश नहीं रह जाते बल्कि दैनिक जीवन का सहज व्यवहार बन जाते हैं। यही अनुभव आगे चलकर सामाजिक समरसता, सद्भाव, सह-अस्तित्व और राष्ट्रीय एकात्मता की आधारशिला बनते हैं। इस दृष्टि से परिवार वास्तव में समाज की पहली पाठशाला है, जहाँ अच्छे नागरिक ही नहीं, संवेदनशील और उत्तरदायी मनुष्य भी तैयार होते हैं।

भारत की सभ्यता को यदि कुछ शब्दों में समझाना हो तो कहा जा सकता है कि यह केवल भूगोल, राजसत्ता या अर्थव्यवस्था से निर्मित राष्ट्र नहीं है; यह परिवार, परंपरा, संस्कार और पीढ़ियों की निरंतरता से बनी हुई जीवन-व्यवस्था है। भारतीय समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका परिवार रहा है। यहाँ परिवार केवल पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित इकाई नहीं, बल्कि वह संस्था है जिसमें जीवन के मूल्य, आचरण की मर्यादा, संबंधों का अनुशासन, कर्तव्य की भावना, त्याग की परंपरा और संस्कृति की धारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित होती रही है। यही कारण है कि भारतीय परिवार व्यवस्था को केवल सामाजिक ढाँचा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत आधार माना गया है। आज यह आधार एक गंभीर संक्रमण से गुजर रहा है। संयुक्त परिवारों का स्थान तेजी से एकल परिवार लेते जा रहे हैं। शहरीकरण, रोजगार, उपभोक्तावादी जीवन-दृष्टि, निजी स्वतंत्रता की बढ़ती आकांक्षा और बदलती जीवन-शैली ने परिवार की संरचना को बदल दिया है। यह परिवर्तन केवल रहने की व्यवस्था का परिवर्तन नहीं है; यह भारतीय समाज की आत्मा, उसकी सांस्कृतिक निरंतरता और पीढ़ियों के बीच जीवित संवाद पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं है कि संयुक्त परिवार बेहतर है या एकल परिवार, बल्कि यह है कि क्या भारत अपनी परिवार-केन्द्रित सांस्कृतिक शक्ति को खोता जा रहा है? भारतीय परंपरा में संयुक्त परिवार केवल एक छत के नीचे रहने वाले लोगों का समूह नहीं था। वह जीवन की सामूहिक साधना थी। उसमें दादा-दादी का अनुभव, माता-पिता का परिश्रम, चाचा-चाची का सहयोग, भाई-बहनों का स्नेह और बच्चों की किलकारियाँ मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करते थे जिसमें व्यक्ति अकेला नहीं पड़ता था। जीवन की कठिनाइयाँ साझा होती थीं, सुख-दुःख का भार बँटता था, निर्णयों में अनुभव का संतुलन होता था और बच्चों को स्वाभाविक रूप से अनेक संबंधों के बीच जीना सीखने का अवसर मिलता था। संयुक्त परिवार व्यक्ति को यह सिखाता था कि जीवन केवल अधिकारों का नाम नहीं, बल्कि दायित्व, अनुशासन और सहअस्तित्व का भी नाम है। इसके विपरीत एकल परिवार आधुनिक जीवन की अनिवार्यता के रूप में सामने आया। नौकरी, स्थानांतरण, महानगरीय जीवन, सीमित संसाधन और निजी जीवन की बढ़ती चाह ने इसे सामान्य बना दिया। यह स्वीकार करना होगा कि एकल परिवार के अपने कुछ व्यावहारिक लाभ हैं। उसमें निर्णय लेने की सुविधा होती है, निजता अधिक होती है, आर्थिक प्रबंधन सरल होता है और पारिवारिक हस्तक्षेप अपेक्षाकृत कम होता है। परंतु यही एकल परिवार जब भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से कट



जाता है, तब वह सुविधा का ढाँचा तो बनता है, लेकिन संस्कार का केंद्र नहीं रह पाता। परिणामस्वरूप पति-पत्नी पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ता है, बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास सीमित होता है, और बुजुर्ग जीवन के सबसे संवेदनशील काल में अकेलेपन और उपेक्षा का सामना करते हैं। यहीं भारतीय परिवार व्यवस्था की सांस्कृतिक शक्ति का प्रश्न सबसे महत्त्वपूर्ण हो जाता है। भारतीय परिवार की असली शक्ति उसकी संख्या या आकार में नहीं, बल्कि उसके संस्कार-तंत्र में रही है। यह परिवार ही था जिसने बच्चे को बोलना और चलना ही नहीं, बल्कि बड़ों का सम्मान करना, छोटे का संरक्षण करना, अतिथि का आदर करना, भोजन को प्रसाद की दृष्टि से देखना, पर्व-त्योहारों के माध्यम से सामूहिकता जीना, संकट में धैर्य रखना और व्यक्तिगत इच्छा से ऊपर परिवार के हित को रखना सिखाया। भारत में विद्यालय ज्ञान दे सकता है, राज्य अधिकार दे सकता है, बाज़ार सुविधा दे सकता है; पर चरित्र, संवेदना और सांस्कृतिक आत्मा देने का कार्य मुख्यतः परिवार ही करता है। भारतीय परिवार की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उसने पीढ़ियों के बीच संबंधों को केवल जैविक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक संबंध के रूप में देखा। दादा-दादी और नाना-नानी केवल घर के बुजुर्ग नहीं होते थे; वे परिवार की स्मृति, अनुभव, लोकज्ञान, धार्मिक आस्था और जीवन-व्यवहार के जीवंत स्रोत होते थे। माता-पिता वर्तमान के संघर्ष और उत्तरदायित्व के प्रतीक होते थे। बच्चे भविष्य की संभावना होते थे। जब ये तीनों पीढ़ियाँ एक सूत्र में बंधी रहती थीं, तब परिवार केवल निवास नहीं रहता था, वह एक जीवित परंपरा बन जाता था। आज सबसे बड़ी चुनौती यही है कि पीढ़ियों के बीच संवाद का तंतु टूट रहा है। बच्चे डिजिटल संसार में अधिक हैं, युवा पीढ़ी रोजगार और प्रतिस्पर्धा के दबाव में है, और बुजुर्ग अक्सर उस घर में भी अप्रासंगिक बना दिए जाते हैं जिसे उन्होंने खड़ा किया। परिवारों में साथ बैठने की परंपरा घट रही है, साझा भोजन दुर्लभ होता जा रहा है, घरों से कथा, संस्कार और पारिवारिक स्मृति का स्वर मंद पड़ रहा है। इसका परिणाम केवल इतना नहीं कि बुजुर्ग अकेले हो रहे हैं; इससे अगली पीढ़ी अपनी जड़ों, अपनी सांस्कृतिक स्मृति और अपने जीवन-मूल्यों से भी कटती जा रही है। यहाँ यह समझना आवश्यक है कि संयुक्त परिवार का अंध-रोमानीकरण भी उचित नहीं है। हर संयुक्त परिवार आदर्श नहीं था, और हर एकल परिवार विफल नहीं है। संयुक्त परिवारों में भी संपत्ति-विवाद, हस्तक्षेप, असमानता और तनाव रहे हैं। दूसरी ओर अनेक एकल परिवार ऐसे हैं जो अत्यंत सुसंस्कृत, संवेदनशील और पारिवारिक मूल्यों से समृद्ध हैं। इसलिए मूल प्रश्न परिवार की संरचना का नहीं, परिवार के आत्मतत्व रूपी भावना का है। यदि संयुक्त परिवार में प्रेम, सम्मान, दायित्व और संवाद नहीं है, तो वह केवल भीड़ है; और यदि एकल परिवार में भी बड़ों के प्रति आदर, रिश्तों के प्रति प्रतिबद्धता, बच्चों के प्रति संस्कार और विस्तृत परिवार से जीवंत जुड़ाव है, तो वह भारतीय परिवार की मूल चेतना को बचाए रख सकता है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब पश्चिम से आयातित अतिव्यक्तिवादी दृष्टि परिवार को केवल सुविधा की व्यवस्था मानने लगती है। जब जीवन का केंद्र ल्लहमङ्क से हटकर केवल ल्लमैंङ्क हो जाता है, तब परिवार की जगह उपभोग ले लेता है, संबंधों की जगह उपयोगिता आ जाती है, और पीढ़ियों की निरंतरता की जगह तात्कालिक सुख को महत्व मिलने लगता है। यही वह बिंदु है जहाँ समाज धीरे-धीरे सांस्कृतिक रूप से निर्बल होने लगता है। जिस राष्ट्र के परिवार कमजोर होते हैं, वहाँ व्यक्ति अकेला, समाज असंबद्ध और संस्कृति असुरक्षित हो जाती है। आज आवश्यकता संयुक्त परिवार और एकल परिवार की बहस में उलझने की नहीं, बल्कि भारतीय परिवार के मूल तत्वों को बचाने की है। परिवारों में संवाद लौटे, साझा समय लौटे, बुजुर्गों का सम्मान लौटे, बच्चों का संस्कार लौटे, और पीढ़ियों के बीच जीवंत संबंध फिर से स्थापित हों—यही भारतीय समाज की आवश्यकता है। यदि आधुनिक परिस्थितियाँ संयुक्त परिवार को कठिन बनाती हैं, तो भी एकल परिवारों को यह समझना होगा कि परिवार केवल आर्थिक इकाई नहीं है। उसे संस्कृति, स्मृति और मानवीय संबंधों का घर भी बने रहना होगा। भारत की शक्ति केवल उसकी जनसंख्या, तकनीक या अर्थव्यवस्था में नहीं है। उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसका परिवार है- वह परिवार जो व्यक्ति को जड़ों से जोड़ता है, संस्कार देता है, जीवन को साझा उत्तरदायित्व बनाता है और पीढ़ियों को एक ही सांस्कृतिक धारा में बाँधता है। यदि यह शक्ति क्षीण हुई, तो भारत केवल सामाजिक संकट का नहीं, सांस्कृतिक रिक्तता का भी सामना करेगा। इसलिए यह समय परिवार को ल्लपुरानी व्यवस्थाङ्क मानकर त्यागने का नहीं बल्कि उसकी मूल भावना को समझकर नए युग के अनुरूप पुनर्स्थापित करने का है। भारत को यदि अपनी सांस्कृतिक अस्मिता बचानी है, तो उसे अपने परिवार को केवल बचाना ही नहीं, फिर से जीवित भी करना होगा।

**कैलाश चन्द्र**

# भारतीयों की मौत पर सन्नाटा क्यों?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत और ईरान के संबंध सदियों पुराने रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, चाबहार बंदरगाह और सामरिक सहयोग जैसे अनेक क्षेत्रों में दोनों देशों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। हालांकि यह भी सामने आया है कि इस्लाम के नाम पर ईरान ने हमेशा पाकिस्तान का साथ निभाया है, लेकिन अपने व्यापारिक हितों को देखते हुए वह आर्थिक मामलों में भारत के साथ खड़ा दिखा है।

यही कारण भी रहा जो भारत ने हमेशा यह साबित किया कि वह अपने मित्र देशों का संकट की घड़ी में भी साथ देता है। आज जब 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' में भारतीय नाविकों की मौत और कई भारतीयों के घायल होने की घटना सामने आई है, तब यह प्रश्न पूरे देश के सामने खड़ा है कि क्या भारत के इस मित्रता पूर्ण व्यवहार एवं सम्मान का मान ईरान ने भी रखा है? विदेश मंत्रालय ने स्वयं स्वीकार किया है कि पश्चिम एशिया में समुद्री जहाजों पर हाल में हुए हमलों में सबसे अधिक भारतीय नागरिक प्रभावित हुए हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सप्ताह हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो व्यापारी जहाज, 'एमटी अल बहियाह' और 'एमटी मोम्बासा' हमले का शिकार बने। इन दोनों जहाजों पर कुल 46 चालक दल के सदस्य थे, जिनमें 30 भारतीय नाविक शामिल थे।

'एमटी अल बहियाह' पर सवार 12 भारतीयों में से एक भारतीय नागरिक की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ। 'एमटी मोम्बासा' पर सवार 18 भारतीयों में से 9 भारतीय घायल हुए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है, वह जीवित भी बचेंगे, इसमें संदेह है। हालांकि भारत सरकार ने तत्काल नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के मिशन उप प्रमुख को विदेश मंत्रालय तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इन हमलों की तीखी निंदा की। यदि भारत जैसा संतुलित कूटनीतिक देश किसी मित्र राष्ट्र के राजनयिक को तलब करता है, तो यह अत्यंत गंभीर संदेश होता है। पर क्या इससे भारत की वह जनता समझेगी, जो कल तक ईरान के समर्थन में सड़कों पर उतर रही थी, चंदा इकट्ठा कर मदद के नाम पर ईरान भेज रही थी? हकीकत में तो आज यह सभी के लिए याद करना आवश्यक है कि भारत ने ईरान के लिए क्या किया। जब ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, युद्ध और आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने सिर्फ उसके पक्ष में जहां संभव रहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बयान जारी किए, साथ ही मानवीय सहायता का बड़ा अभियान भी चलाया। जीवनरक्षक दवाइयाँ, चिकित्सा उपकरण और आवश्यक मेडिकल सामग्री, वैध और कानूनी माध्यमों से ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी तक पहुँचाई गईं। जिसके परिणाम में ईरान सरकार और उसके राजदूत ने सार्वजनिक रूप से भारत सरकार तथा भारतीय जनता के इस सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। यानी भारत ने सहानुभूति का प्रदर्शन करने के स्थान पर संकट की घड़ी में ईरान की वास्तविक मदद की। ईरान के पक्ष में जब भारत में रह रहे शिया मुसलमान धन इकट्ठा कर रहे थे, तब कश्मीर घाटी से लेकर मेरठ, लखनऊ, अमरोहा, हैदराबाद, मुंबई, कारगिल और अन्य क्षेत्रों से नकद राशि के साथ-साथ सोने के आभूषण, चांदी के बर्तन और अन्य मूल्यवान वस्तुएँ ईरान को आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गईं। यानी जो भी ईरान के पक्ष में संभव हो सकता था, वह सभी कुछ भारत सरकार ने अपने स्तर पर किया। जहां तक कि भारत के तमाम गैर मुसलमानों ने भी शियाओं के आह्वान पर यथासंभव मदद अपनी ओर से मुहैया कराई। अमेरिकी प्रतिबंधों और वैश्विक दबाव के बावजूद भारत ने चाबहार बंदरगाह परियोजना को कभी नहीं छोड़ा। यह परियोजना ईरान की अर्थव्यवस्था और उसके अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। जब अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ ईरान से दूरी बना रही थीं, तब भारत ने निवेश जारी रखा। यह कदम भरोसे और रणनीतिक साझेदारी के आधार पर उठाया गया, किंतु आज सवाल जवाबदेही का है। वस्तुतः जब भारतीय नागरिकों की जान जाती है, तब भारत को यह पूछने का पूरा अधिकार है कि ऐसी घटनाएँ क्यों हुईं? यदि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, यदि नागरिक जहाजों पर हमले होते हैं और उनमें सबसे अधिक भारतीय प्रभावित होते हैं, तो सिर्फ ''दुख व्यक्त'' कर देना पर्याप्त नहीं हो सकता। ऐसे में भारत के प्रत्येक नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ईरान क्या ठोस कदम उठा रहा है।

## सेहत मंत्र

# व्हीटग्रास जूस पीने से सेहत को मिलते हैं गजब के फायदे

हम गेंहू के आटे की रोटियाँ तो खाते हैं लेकिन गेंहू के ज्वारे के जूस यानी व्हीटग्रास जूस के फायदों के बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं होती है। डॉक्टर्स के अनुसार गेहूं के ज्वारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसमें मैग्नीशियम, क्लोरोफिल, कैल्शियम, आयोडीन, सेलेनियम, जिंक, आयरन, फाइवर, विटमिन के, विटमिन बी, सी और ई जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। जो के स्वास्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। व्हीटग्रास जूस के सेवन से शरीर को कई तरह से लाभ होता है। वजन कम करने के लिए व्हीटग्रास जूस का सेवन फायदेमंद माना जाता है। इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। इसके साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से वेट लॉस में मदद मिलती है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसमें कई तरह के एंजाइम्स और फाइबर मौजूद होते हैं जो पाचन को



बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह भोजन को पचाने में सहायक है। व्हीटग्रास जूस का सेवन करने से आर्थराइटिस की समस्या में आराम मिलता है। इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं। एनीमिया के रोगियों को भी व्हीटग्रास जूस का सेवन अवश्य करना चाहिए। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। व्हीटग्रास जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इस जूस का सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

## धर्म मंत्र

# विष्णु के 108 पवित्र मंदिरों में से एक है पद्मनाभस्वामी मंदिर

हमारी संस्कृति में मंदिरों का क्या महत्व है ये तो हम सभी जानते हैं। हर मंदिर का अपना महत्व होता है और कुछ ऐसा ही केरल राज्य के तिरुअनन्तपुरम में स्थित भगवान विष्णु के प्रसिद्ध पद्मनाभस्वामी मंदिर के साथ भी है। कहा जाता है कि जहां मंदिर बना है वहां भगवान विष्णु की प्रतिमा प्राप्त हुई थी जिसके चलते यहां मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर को सबसे अमीर मंदिरों में से एक माना जाता है। यहां लोग दूर-दूर से विष्णु जी के दर्शन करने आते हैं। तो चलिए जानते हैं कि आखिर इस मंदिर की मान्यता क्या है और किसने कराया था मंदिर का निर्माण। क्यों प्रसिद्ध है पद्मनाभस्वामी मंदिरः यहां भगवान विष्णु के भक्त हाजरी लगाने आते हैं। मान्यता है कि इस स्थान पर विष्णु भगवान की प्रतिमा प्राप्त हुई थी जिसके बाद उसी स्थान पर इस मंदिर का निर्माण किया गया है। इस मंदिर के गर्भ कक्ष में भगवान विष्णु की विशाल मूर्ति स्थापित है। इसी प्रतिमा को देखने के लिए लोग दूर-दराज से आते हैं। यहां पर भगवान विष्णु शेषनाग की शयन मुद्रा में स्थित हैं। ऐसा माना जाता है कि विष्णु भगवान के अंनत नामक नाग के नाम पर इस मंदिर का नाम रखा गया है। यहां पर एक सोने का स्तंभ भी बना हुआ है। यह बेहद खूबसूरत है। यह मंदिर भगवान विष्णु के 108 पवित्र मंदिरों में से एक है। यहां पर भगवान विष्णु भुजंग सर्प अनंत पर लेटे हुए हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में पुरुष सिले हुए वस्त्र पहनकर प्रवेश नहीं कर सकते हैं। क्योंकि वस्त्र सिलने के बाद अशुद्ध हो जाते हैं।

## पर्यटन




# बिहार की राजगीर गुफा में छिपा है हर्यंक वंश का खजाना

भारत विविधताओं वाला देश है। उत्तर में हिमालय है तो दक्षिण में कन्याकुमारी है। पश्चिम में कच्छ है तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसके साथ ही कई ऐसे रहस्यमयी स्थान है जो विज्ञान के लिए आज भी पहेली बनी हुई है। इन पहेलियों में एक पहेली सोन भंडार है जो कि बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस जगह पर सोने का खजाना है, जिसे हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपा रखा है। आज तक कोई इस खजाना तक नहीं पहुंच पाया है। अंग्रेजों ने एक बार कोशिश भी की थी, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए थे। यह स्थान बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। इतिहास की माने तो हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को सोने चांदी से बेहद लगाव था। इसके लिए वह सोना और उसके आभूषणों को इकठ्ठा करते रहते थे। उनकी कई रानियां थी, जिनमें एक रानी बिम्बिसार की पसंद का पूरा ख्याल रखती थी। जब अजातशत्रु ने अपने पिता को बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। तब बिम्बिसार की पत्नी ने राजगीर में यह सोन भंडार बनवाया था। इस गुफा में राजा द्वारा इकठ्ठा किए गए सभी खजानों को छिपा दिया गया था। आज तक यह गुफा विज्ञान के लिए पहेली है। इस गुफा में दो बड़े कमरे एक समान बनाए गए थे। एक गुफा में सैनिक रहते थे। जबकि दूसरे कमरे में खजानों को छिपाया गया था। इस कमरे को एक बड़े से चट्टान से ढका गया है, जिसे आज तक कोई खोलने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस दरवाजे पर शंख लिपि में कुछ लिखा है। इस बारे में कहा जाता है कि अगर कोई इस लिपि को पढ़ने में सफल हो जाता है तो वह सोन भंडार को खोल सकता है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों ने एक बार तोप से इस दरवाजे को उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद से किसी ने दरवाजे को खोलने की कोशिश नहीं की है।

# सरकारी उपेक्षा, पट गया प्राचीन तालाब, पूजा स्थल अस्तित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर पंचायत रामनगर के बम्भहनी के निकट स्थित प्राचीन हरदेव लाल बाबा का देवस्थान और उससे जुड़ा ऐतिहासिक तालाब अतिक्रमण तथा सरकारी उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से देवस्थान की भूमि पर अतिक्रमण होता रहा, लेकिन प्रशासन और नगर पंचायत की ओर से इसे बचाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार हरदेव लाल बाबा की समाधि अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि बाबा ने इसी स्थान पर जीवित समाधि ली थी। पहले यहां चौतरेनुमा समाधि और उसके निकट एक पक्का तालाब था। मंगलवार और रविवार को दूर-दूर से श्रद्धालु यहां स्नान कर पूजा-अर्चना करते थे। लोगों का विश्वास था कि तालाब में स्नान करने से अनेक बीमारियों से



राहत मिलती थी। केसरीपुर से श्री लोधेश्वर महादेव धाम जाने वाले मार्ग पर शिवनाले के किनारे स्थित यह स्थान लंबे समय तक क्षेत्र की प्रमुख आस्था का केंद्र रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में देवस्थान के आसपास अतिक्रमण हो चुका है और तालाब झाड़-झंखाड़ से पट गया है। तालाब में अब पानी भी नहीं बचा है, जिससे इसकी धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने पूर्व में स्थल की पैमाइश कराई थी, लेकिन उसके बाद न तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई और न ही तालाब के संरक्षण अथवा सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया गया। लोगों का कहना है कि वार्डों के विस्तार के बाद यह क्षेत्र नगर पंचायत की सीमा में शामिल है, इसलिए इसकी सुरक्षा और विकास की जिम्मेदारी भी नगर पंचायत की है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से देवस्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने, प्राचीन तालाब का पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण कराने तथा इस धार्मिक धरोहर को संरक्षित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 113 जोड़ों के हाथ पीले




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा फतेहपुर बाराबंकी। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क, फतेहपुर में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 113 नवविवाहित जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग कर रही है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सिद्धौर में खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र पर विशेष: त्रिनेत्र की निगरानी व्यवस्था फ़ेल, पंचायतों में बंद पड़े कैमरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई ऑपरेशन त्रिनेत्र योजना विकास खंड निंदूरा में दम तोड़ती नजर आ रही है। मोहसंड, बिसई, बड्डूपुर, बजगहनी, अनवरी समेत कई ग्राम पंचायतों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे या तो खराब पड़े हैं या उनका रिचार्ज समाप्त हो चुका है। इससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है। हाल के महीनों में क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकैतगंज कस्बे के कंडुआ चौराहे स्थित मोबाइल दुकान में चोरी तथा बड्डूपुर थाना क्षेत्र के शैलीकीरतपुर गांव में तीन घरों में हुई चोरी की जांच



के दौरान संबंधित पंचायतों के सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। यदि कैमरे चालू होते तो पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते थे। ग्रामीणों का कहना है कि कैमरे लगाने के बाद उनके रखरखाव और नियमित रिचार्ज पर ध्यान नहीं दिया गया। कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सभी कैमरों की जांच कराकर उन्हें जल्द चालू कराने तथा उनके नियमित रखरखाव की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि योजना का उद्देश्य प्रभावी ढंग से पूरा हो सके।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घुघटेर गांव निवासी राकेश (पुत्र महादेव) बाबागंज-टिकैतगंज मार्ग पर नंदपुर गांव के पास पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।
गंभीर रूप से घायल राकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवधेश द्विवेदी का प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी के जनपद में प्रथम आगमन पर बुधवार को कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विधानसभा दरियाबाद के विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश शर्मा के निर्देशन में अहमदपुर टोल प्लाजा पर आयोजित स्वागत समारोह में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष के काफिले के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर अवधेश द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, भाजपा नेता बाबू राम नारायण रावत, रवि सिंह, जिला मंत्री रूपेश प्रताप सिंह, आशीष सिंह रक्तमित्र, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री लकी, मधुकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक पर जानलेवा हमला, रेफर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा कोतवाली क्षेत्र के पूरे भवन मजरा सूर्यपुर निवासी शिक्षक फूलचंद्र रावत पर बुधवार सुबह विद्यालय जाते समय पुरानी रंजिश के चलते कथित रूप से कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी शकुंतला के साथ भी मारपीट की गई। दोनों घायलों को सीएचसी सिद्धौर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद फूलचंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सर्पदंश से अधेड़ महिला की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कतुरीखुर्द निवासी कुसमा पत्नी राजेश 50 वर्ष बुधवार सुबह करीब आठ बजे खेत मे धान लगाने गई थी।खेत पहुंचने पर धान की पौध का गट्ठर उठाने लगी। जिसमें छिपे जहरीले सर्प ने हाथ में डस लिया।सांप के डसने से महिला अचेत होकर खेत में ही गिर गई। परिजन उसे अस्पताल ले जारहे थे तभी महिला ने दम तोड़ दी। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि सर्प दंश से एक महिला की मौत हुई है। परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते के विरोध में देश बचाओ मोर्चा का ऐलान, प्रधानमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

पूरनपुर। देश बचाओ मोर्चा ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते का कड़ा विरोध करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर इसे तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग की है मोर्चा का कहना है कि यह समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा भारत की खाद्य और आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित ट्रेड डील भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी मोर्चा ने इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में यह समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा देश बचाओ मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है ।

# रंजिश के चलते आगजनी का आरोप शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में बीती रात रंजिशन दो घरों में आग लगाने का मामला सामने आया है ।आगजनी की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

कोतवाली क्षेत्र के बनियन पुरवा मजरे धनौली खास गांव निवासी पीड़ित अमरनाथ रावत के अनुसार कुछ दिनों पूर्व गांव निवासी चेतराम रावत आदि से मारपीट हो गई थी ।घटना में दोनों पक्षों के लोग चोटिल हुए थे जिसका पुलिस ने मेडिकल भी करवाया था विपक्षी का मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन पुलिस ने उनकी एफ आई आर नहीं दर्ज की थी, आरोप है कि इसी से मनबढ़ हुए उक्त विपक्षियों ने बीती रात उसके खर फूस से बने



घर में आग लगा दी ।यही नहीं विश्वनाथ के घर में भी आग लगा दी गई ।आग से गृहस्थी का कीमती सामान जलकर राख हो गया। छप्पर के नीचे कोई व्यक्ति न होने की वजह से जनहानि बच गयी ।पीड़ित ने थाना प्रभारी निरीक्षक असंद्रा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस आगजनी की घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक से जानकारी चाही गई तो सीयूजी नंबर पहुंच से बाहर रहा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में भाकियू हरपाल गुट ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के निर्देश पर जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला कार्यालय गनौरा में एकत्र हुए। इसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपने की तैयारी की गई। इस दौरान जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार राजीव कुमार वर्मा तथा थाना प्रभारी जहांगीराबाद राम प्रकाश मिश्रा ने ज्ञापन प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर संगठन की चिंताओं को सामने रखते हुए कहा कि किसानों को आशंका है कि यदि कृषि क्षेत्र से जुड़े उत्पादों के आयात पर शुल्क में व्यापक छूट दी जाती है, तो इसका असर भारतीय किसानों, पशुपालकों, डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और



अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं को लेकर किसानों में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हैं, जिनके मद्देनजर संगठन ने अपनी चिंता प्रशासन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कपास, लाल ज्वार, सोयाबीन तेल, संतरे के रस सहित अन्य कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम या समाप्त किए जाने की स्थिति में भारतीय किसानों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। संगठन का मानना है कि किसी भी व्यापार समझौते में किसानों के हितों और देश की खाद्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भाकियू नेताओं ने मांग की कि कृषि क्षेत्र से जुड़े किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते को अंतिम रूप देने से पहले किसान संगठनों से व्यापक संवाद किया जाए तथा किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला सचिव संजय गुप्ता, युवा जिला महामंत्री नंदकिशोर यादव, नगर अध्यक्ष जैद अंसारी, नगर अध्यक्ष सुषमा देवी, नगर अध्यक्ष जैतपुर मोहम्मद अली, फूलचंद यादव, संजय यादव, आशीष मौर्य, सुभाष सैनी, विजय कुमार वर्मा, रामसहरी वर्मा, रितेश वर्मा, हरिद्वार लाल गौतम, बालक राम कश्यप, दुर्गेश यादव तथा जैतारण यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रावण मेला: सुरक्षा पर डीएम-एसपी सख्त, तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आगामी श्री लोधेश्वर महादेव श्रावण मास मेला-2026 की तैयारियों का बुधवार को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने महादेवा मंदिर परिसर में स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, निर्माण कार्य, विद्युत व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए सभी तैयारियां ''सेफ्टी फर्स्ट'' के सिद्धांत पर पूरी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कॉरिडोर की कमजोर बैरिकेडिंग पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल मजबूत करने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में पड़े मलबे को हटाने, खुले गड्ढों की सुरक्षित फेंसिंग कराने तथा प्रत्येक सोमवार से पहले बिजली आपूर्ति निर्बाध रखने और अस्थायी विद्युत कनेक्शनों का सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही दुकानदारों को अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा का प्रशिक्षण देने को कहा।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने मेला



क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और त्वरित आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्रावण मास मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित होगा। प्रमुख सोमवारी 2-3, 9-10, 16-17 और 23-24 अगस्त को होगी, जबकि भादों कजरी तीज मेला 13-14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामनगर आकांक्षा गुप्ता, सीएमओ डॉ. रंजन गौतम, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, मंदिर रिसीवर, एएमए जिला पंचायत तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कल्याणी नदी में बहता मिला अज्ञात शव, पुलिस पर गैर जनपद भिजवाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुलिस के कहने पर नाव से शव बहाने वाले युवक का बयान वायरल

रामसनेही घाट बाराबंकी। जनपद के असंद्रा थाना क्षेत्र की दिलावलपुर चौकी अंतर्गत बुधवार दोपहर करीब एक बजे कल्याणी नदी में एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ दिखाई देने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक शव बहते हुए दिलावलपुर से रसूलपुर की ओर पहुंच चुका था।

ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई करने के बजाय दो युवकों को नाव के माध्यम से अयोध्या जनपद की सीमा तक ले जाने के लिए कहा। आरोप है कि शव को अयोध्या जनपद के मवई थाना क्षेत्र की सीमा के पास छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

शव को ले जाने वाले युवकों का दावा है कि दिलावलपुर पुलिस चौकी के जवानों ने उन्हें शव को अयोध्या



जनपद की सीमा तक पहुंचाने के लिए कहा था तथा इसके बदले कुछ रुपये भी देने का वादा किए थे। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

यदि ग्रामीण के वायरल बयान वीडियो के अनुसार आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह गंभीर जांच का विषय हो सकता है कि आखिर अज्ञात शव को अपने थाना क्षेत्र में विधिक कार्रवाई के लिए रखने के बजाय दूसरे जनपद की सीमा में क्यों पहुंचाया गया। इस संबंध में जब चौकी प्रभारी से जानकारी लेनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।आपका हिन्दी दैनिक समाचार पत्र कैनविज टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है ।

# आईसीसी ने बदले विश्व कप और टी-20 विश्व कप के प्रारूप, मुकाबले होंगे और रोमांचक

**एजेंसी**

एडिनबर्ग । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने प्रमुख पुरुष टूर्नामेंटों के प्रारूप में बड़े बदलावों को मंजूरी दे दी है। आईसीसी बोर्ड की वार्षिक बैठक में पुरुष क्रिकेट विश्व कप और टी-20 विश्व कप के नए प्रारूप को स्वीकृति मिली। परिषद का उद्देश्य टूर्नामेंटों को अधिक प्रतिस्पर्धी, रोमांचक और हर मैच को अधिक महत्वपूर्ण बनाना है।

इसके साथ ही आईसीसी ने वर्ष 2028 के पुरुष टी-20 विश्व कप की नई क्वालीफिकेशन प्रणाली को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा सहयोगी (एसोसिएट) देशों के लिए 16 टीमों वाले एक नए वैश्विक टूर्नामेंट का भी प्रस्ताव रखा गया है।

विश्व कप में अब होगा 'सुपर सीरीज' और 'सुपर-7' चरण

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अब भी 14 टीमें हिस्सा लेंगी, लेकिन टूर्नामेंट का प्रारूप पूरी तरह बदल दिया गया है। नए प्रारूप में प्रतियोगिता तीन चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में निचली रैंकिंग की तीन टीमें सुपर सीरीज खेलेंगी, जिसमें शीर्ष टीम अगले दौर में पहुंचेगी। दूसरे चरण में दो समूहों में छह-छह टीमें होंगी। इसके बाद सुपर-7 चरण खेला जाएगा, जिसमें सात टीमें राउंड-रॉबिन मुकाबले खेलेंगी। सुपर-7 की शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसके बाद फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आईसीसी का मानना है कि इस बदलाव से शुरुआती मुकाबलों का महत्व बढ़ेगा और हर चरण में प्रतिस्पर्धा अधिक कड़ी होगी।



टी-20 विश्व कप में अब सुपर-10 और एलिमिनेटर मुकाबले पुरुष टी-20 विश्व कप में भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब 20 टीमें पांच समूहों में विभाजित होंगी, जिनमें प्रत्येक समूह में चार-चार टीमें रहेंगी। हर समूह से दो टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। इसके बाद सुपर-10 चरण खेला जाएगा, जिसमें दो समूहों में पांच-पांच टीमें होंगी। प्रत्येक समूह की शीर्ष टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मुकाबले खेलेंगी। एलिमिनेटर के विजेता सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

आईसीसी का कहना है कि एलिमिनेटर की शुरुआत से सुपर-10 चरण के अंतिम मुकाबलों तक रोमांच और प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी। 2028 टी-20 विश्व कप के लिए नई क्वालीफिकेशन प्रणाली आईसीसी ने 2028 टी-20 विश्व कप के लिए नई क्वालीफिकेशन प्रणाली भी तय कर दी है। स्कॉटलैंड सीधे यूरोप रीजनल फाइनल में पहुंचेगा। 2026 टी-20 विश्व कप खेलने वाली लेकिन सीधे क्वालीफाई नहीं करने वाली टीमें ग्लोबल क्वालीफायर में उतरेंगी। ग्लोबल क्वालीफायर में क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं से आठ अन्य टीमें भी शामिल होंगी।अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीमें, जबकि अमेरिका और ईस्ट एशिया-प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेगी। ग्लोबल क्वालीफायर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमें टी-20 विश्व कप 2028 में जगह बनाएंगी। आईसीसी बोर्ड ने एसोसिएट सदस्य देशों के लिए 16 टीमों वाले नए वैश्विक टूर्नामेंट के प्रस्ताव को भी समर्थन दिया है। यह प्रतियोगिता टी-20 विश्व कप से पहले आयोजित की जाएगी, जिससे उभरती क्रिकेट टीमों को अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा।

# वार्षिक बैठक में आईसीसी बोर्ड के बड़े फैसले, मॉरीशस बना 111वां सदस्य

**एजेंसी**

एडिनबर्ग। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने अपनी वार्षिक बैठक में प्रशासन, सदस्यता और सदस्य देशों को समर्थन से जुड़े कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। बैठक में क्रिकेट के वैश्विक विस्तार और सदस्य देशों के बेहतर संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आईसीसी बोर्ड ने दो नई उप-समितियों के गठन को मंजूरी दी। गवर्नेंस रिव्यू कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया करेंगे। इस समिति में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डॉ. मोहम्मद मूसाजी और आईसीसी की स्वतंत्र निदेशक डॉ. रोज़ रिवाज़ भी शामिल हैं। इसके अलावा फ्रेंचाइजी लीग्स कमेटी का भी गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के तमीम



इकबाल करेंगे। समिति में क्रिकेट नामीबिया के डॉ. रूडी वान वूरन, देवजीत सैकिया, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के टॉड ग्रीनबर्ग शामिल हैं। आईसीसी ने मॉरीशस को अपना 111वां सदस्य देश बनाने की मंजूरी दे दी है। परिषद ने कहा कि यह फैसला दुनिया भर में क्रिकेट के विस्तार और नए देशों में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईसीसी बोर्ड ने क्रिकेट वेस्टइंडीज को सहायता प्रदान करने के लिए 1 करोड़ 28 लाख 20 हजार अमेरिकी डॉलर (12.82 मिलियन डॉलर) के ऋण को मंजूरी दी है। आईसीसी बोर्ड ने क्रिकेट कनाडा की सदस्यता बहाल करने के लिए आवश्यक शर्तों को मंजूरी दी है। हालांकि, जब तक सभी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक क्रिकेट कनाडा का निलंबन जारी रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट के नए संविधान की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। बोर्ड ने जल्द से जल्द चुनाव कराने की आवश्यकता दोहराई। तब तक श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी बोर्ड की बैठकों में प्रतिनिधित्व का अधिकार नहीं मिलेगा। आईसीसी बोर्ड ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पूर्ण सदस्य निदेशक (फुल मेंबर डायरेक्टर) के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है। आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में फ्रांस क्रिकेट को सदस्यता मानदंडों के उल्लंघन के कारण औपचारिक चेतावनी (ऑन नोटिस) पर रखने का फैसला किया गया।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग: अक्षर पटेल ऑलराउंडरों की टॉप-10 सूची में शामिल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन का इनाम भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को आईसीसी वनडे रैंकिंग में मिला है। ताजा रैंकिंग में अक्षर तीन स्थान की छलांग लगाकर ऑलराउंडरों की सूची में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में अक्षर ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने चार विकेट लेने के साथ-साथ 52 गेंदों में 57 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रदर्शन के दम पर अक्षर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18 स्थान की छलांग लगाकर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं गेंदबाजों की सूची में भी वह दो स्थान ऊपर चढ़कर 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

शुभमन गिल नंबर-1 बनने के करीब

वनडे टीम में वापसी करने वाले शुभमन गिल ने पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 75 गेंदों में 80 रन बनाए। इस पारी के बाद उन्हें रैंकिंग में 12 रेटिंग अंक का फायदा हुआ है।

अब गिल और वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज डैरिल मिचेल के बीच सिर्फ 11 रेटिंग अंकों का अंतर रह गया है।

बुमराह और सुंदर को भी फायदा

लंबे समय बाद वनडे टीम में लौटे जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट हासिल किया और गेंदबाजों की रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए।

वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 52 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसके बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में उन्होंने 24 स्थान की छलांग लगाकर 177वां स्थान हासिल किया। ऑलराउंडरों की सूची में भी वह 16 स्थान ऊपर चढ़कर 55वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

रूट और डॉसन को भी मिला फायदा

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने 76 गेंदों में 76 रन की पारी खेली, जिसके बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा लियाम डॉसन ने 68 रन की जुझारू पारी खेली, जिससे उन्हें बल्लेबाजों की रैंकिंग में 81 स्थान का फायदा हुआ और अब वह 262वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# ओरिएंटल कप 2026: ग्रैंड फिनाले के लिए मंच तैयार, दोनों वर्गों में मिलेंगे नए चैंपियन

**एजेंसी**

नई दिल्ली। ओरिएंटल कप 2026 के चौथे संस्करण का बहुप्रतीक्षित ग्रैंड फिनाले अब पूरी तरह तैयार है। बुधवार को डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए सातवें दिन के मुकाबलों में लड़कों और लड़कियों के सेमीफाइनल आयोजित किए गए, जहां फाइनल में जगह बनाने के लिए टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला।

पूरे दिन उच्च स्तर की फुटबॉल, कड़े मुकाबले और खिलाड़ियों के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन देखने को मिले, जिसमें मॉडर्न स्कूल की ध्वनि बिदादा की शानदार हैट्रिक आकर्षण का केंद्र रही।

लड़कियों के वर्ग में मॉडर्न स्कूल और भारती पब्लिक स्कूल ने फाइनल में जगह बनाई, जबकि लड़कों के वर्ग में स्टेप बाय



स्टेप स्कूल, नोएडा और जी.डी. गोयनका स्कूल, द्वारका ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले का टिकट हासिल किया।

टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार चारों फाइनलिस्ट टीमें खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं, जिससे यह तय हो गया है कि चौथे संस्करण में लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों को नए चैंपियन मिलेंगे।

गुरुवार, 16 जुलाई को डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में होने वाले ग्रैंड फिनाले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और कोच सरदार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दिन के पहले मुकाबले और लड़कियों के पहले सेमीफाइनल में भारती पब्लिक स्कूल ने स्टेप बाय स्टेप स्कूल, नोएडा को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यशिका ने 11वें और 15वें मिनट में दो गोल कर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, जबकि नितिका ने 19वें और 27वें मिनट में दो और गोल जोड़कर जीत सुनिश्चित की।

दोनों हाफ में दो-दो गोल करते हुए भारती पब्लिक स्कूल ने एकतरफा अंदाज़ में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

पहले लड़कों के सेमीफाइनल में स्टेप बाय स्टेप स्कूल, नोएडा ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, वसंत विहार को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों ने पूरे मैच के दौरान कई गोल करने के मौके बनाए और रक्षात्मक खेल में भी मजबूती दिखाई।

# भारत की हॉकी विश्व कप की तैयारियां अंतिम चरण में, एक महीने का बचा समय

**एजेंसी**

नई दिल्ली । हॉकी विश्व कप 2026 के शुरू होने में अब सिर्फ एक महीना बचा है। ऐसे में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने अपनी तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। दोनों टीमें बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत करके विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ अंतिम तैयारियों में जुटी हुई हैं।

बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहली बार पुरुष और महिला विश्व कप का आयोजन एक साथ एक ही स्थानों पर किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम हाल ही में एफआईएच प्रो लीग के रॉटरडैम और लंदन चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व कप में उतरने जा रही है। टीम ने मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी, ओलंपिक



स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों को हराया, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ भी दमदार प्रदर्शन किया। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बुधवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ''यूरोप दौरे के बाद खिलाड़ियों ने थोड़ा आराम किया था और अब वे पूरी ऊर्जा के साथ शिविर में लौटे हैं। शुरुआती दिनों में हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों की फिटनेस वापस लाना और टीम की लय कायम करना था। अब धीरे-धीरे अभ्यास की तीव्रता बढ़ाई जा रही है ताकि विश्व कप के लिए टीम पूरी तरह तैयार हो सके। उन्होंने आगे कहा, ''सप्ताह की शुरुआत में हम खिलाड़ियों की फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं। इसके बाद रणनीति, छोटी टीमों में मुकाबले, वीडियो विश्लेषण और प्रेसिंग व काउंटर अटैक जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य अपनी मजबूतियों को और बेहतर बनाना है। भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा। भारतीय महिला टीम एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीतकर विश्व कप में उतर रही है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी ऊंचा है। महिला टीम को भी पूल डी में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 16 अगस्त को मजबूत चीन से होगा। इसके बाद 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ंत होगी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सजॉर्ड मारिजन मारिन ने कहा,''आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों को लेकर पूरी टीम बेहद उत्साहित और प्रेरित है। खिलाड़ी हर दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं और लगातार बेहतर बनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ''हमारा पूरा ध्यान अपने खेल को और बेहतर बनाने पर है। फिटनेस में सुधार हमारी प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ-साथ हम पिछले कुछ महीनों में जिन तकनीकी पहलुओं पर काम कर रहे हैं, उन्हें भी मजबूत कर रहे हैं। हर दिन अधिकतम तीव्रता से अभ्यास संभव नहीं होता, इसलिए हमारी ट्रेनिंग को अलग-अलग स्तरों में बांटा गया है। हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच हर खिलाड़ी पर लगातार नजर रख रहे हैं। खिलाड़ियों और पूरी टीम में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है और यही हमें विश्व कप के लिए आत्मविश्वास देता है।

## स्पेन से हार के बाद टूटे एमबाप्पे ने कहा, हमने विश्वकप सेमीफाइनल जैसा खेल नहीं खेला

**एजेंसी**

आर्लिंग्टन । फीफा विश्वकप 2026 के सेमीफाइनल में स्पेन से 0-2 की हार के बाद फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे ने कहा कि उनकी टीम ने वैसा प्रदर्शन ही नहीं किया, जैसा विश्वकप के सेमीफाइनल में होना चाहिए था। उन्होंने माना कि फ्रांस रणनीतिक, तकनीकी और समग्र प्रदर्शन के स्तर पर स्पेन से काफी पीछे रहा। पूरे टूर्नामेंट में आठ गोल कर शानदार फॉर्म में रहे एमबाप्पे अपनी टीम को लगातार तीसरे विश्वकप फाइनल में नहीं पहुंचा सके। स्पेन ने एटीएंडटी स्टेडियम में फ्रांस को हराकर उसका खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया। मैच के बाद एमबाप्पे ने फ्रेंच ब्रॉडकास्टर एम6 से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने वैसा मैच खेला, जैसा हम खेलना चाहते थे। चाहे रणनीति की बात हो, तकनीकी स्तर की या हमारे पूरे प्रदर्शन की, हम हर मोर्चे पर पीछे रहे। उन्होंने कहा, ''जब आप विश्वकप के सेमीफाइनल में वह नहीं करते, जो करना चाहिए तो आप जीत नहीं सकते। एमबाप्पे ने बताया कि फ्रांस की योजना स्पेन पर आगे से दबाव बनाकर उसे अपने खेल की लय में आने से रोकने की थी। उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य था कि हम स्पेन पर आगे से दबाव बनाएं ताकि वह अपने धीमे और



नियंत्रित खेल में न आ सके। क्योंकि खेल को नियंत्रित करने में वे हमसे बेहतर हैं लेकिन हम इसमें पूरी तरह असफल रहे। एमबाप्पे ने हार का सबसे बड़ा कारण मिडफील्ड की कमजोरी को बताया। उन्होंने कहा, ''हम बार-बार मिडफील्ड में 3 बनाम 2 की स्थिति में फंसते रहे। स्पेन जैसी टीम के खिलाफ यह बहुत बड़ी समस्या है। जब ऐसी कई गलतियां एक साथ होती हैं तो नतीजा हार ही होता है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी निराशा है। फ्रांस के कप्तान ने कहा कि टीम का सपना फाइनल में पहुंच कर देश को फिर से विश्व चैंपियन बनाने का था। उन्होंने कहा, ''हमारा सपना था कि हम फाइनल में पहुंचें, अपने देश को फिर से सपने देखने का मौका दें और इतिहास रचें लेकिन अब हमें इस हार का सामना सिर ऊंचा रखकर करना होगा। उन्होंने आगे कहा, ''मेरा मानना है कि जब आप जीतते हैं तो सिर ऊंचा रखकर जीतते हैं और जब हारते हैं तो सिर ऊंचा रखकर हार स्वीकार करनी चाहिए।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का ब्रिटेन दौरा पूरा, एशिया कप से पहले मिला बड़ा अनुभव

**एजेंसी**

नई दिल्ली ।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जूनियर एशिया कप 2026 की तैयारियों के तहत अपना सफल ब्रिटेन दौरा समाप्त कर लिया है। टीम ने इस दौरे में स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम, अमेरिका अंडर-21, इंग्लैंड अंडर-21 और बेल्जियम अंडर-21 के खिलाफ कुल सात मुकाबले खेले। इस दौरे ने युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान किया।

भारतीय टीम ने सात मैचों में तीन जीत दर्ज कीं, तीन मुकाबलों में हार का सामना किया, जबकि एक मैच शूटआउट में गंवाया। पूरे दौरे में टीम ने जुझारूपन, आक्रामक खेल और लगातार बेहतर प्रदर्शन का परिचय दिया। दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से हुई। पहले मैच में भारत को 2-3 से हार मिली। भारत



की ओर से सुखवीर कौर और काजल ने गोल किए, जबकि स्कॉटलैंड के लिए एमी कॉस्टेलो, ज़ारा कैनेडी और हीदर मैकइवान ने गोल दागे।

दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड ने भारत को 3-1 से हराया। भारत की ओर से शशि खासा ने एकमात्र गोल किया, जबकि स्कॉटलैंड के लिए ब्रोनविन शील्ड्स, ज़ारा कैनेडी और चार्लोट वॉटसन ने गोल किए। इसके बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिका अंडर-21 को 6-0 से करारी शिकस्त दी। सुखवीर कौर ने दो गोल किए, जबकि काजल, शशि खासा, पूर्णिमा यादव और पूजा साहू ने एक-एक गोल दागा। भारत ने अपनी लय बरकरार रखते हुए इंग्लैंड अंडर-21 को 2-0 से हराया। बिनिमा धन और रोशनी ऐंद ने भारत के लिए गोल किए।

पांचवें मुकाबले में अमेरिका अंडर-21 के खिलाफ मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत के लिए पूजा साहू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, जबकि अमेरिका की रीस एनेट्सबर्गर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर बराबरी दिलाई।

# मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा शेयर बाजार निवेशकों ने कमाये 3.37 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**

नई दिल्ली। एक दिन की कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार आज वापस हरे निशान में पहुंच कर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में बाजार मामूली उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए लगातार बढ़त के साथ कारोबार करता रहा। हालांकि दोपहर एक बजे के करीब बिकवाली का जोरदार दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरकर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचे। इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने वापस हरे निशान में जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज बाजार की मजबूती की वजह से निवेशकों को लगभग 3.37 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। बीएसई का सेंसेक्स आज 137.82



अंक की मजबूती के साथ 77,192.76 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 591.33 अंक की मजबूती के साथ 77,646.27 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद काफी देर तक यह सूचकांक मामूली उतार-चढ़ाव के साथ दिन के ऊपरी स्तर के करीब ही कारोबार करता रहा। दोपहर एक बजे के थोड़ी देर पहले अचानक बिकवाली का दबाव बनने की वजह से यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 663.45 अंक टूट कर 72.12 अंक की कमजोरी के साथ 76,982.82 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर इस सूचकांक को दोबारा हरे निशान में पहुंचा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 202.61 अंक की रिकवरी कर 130.49 अंक की बढ़त के साथ 77,185.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 33.80 अंक की छलांग लगा कर 24,085.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे थोड़ी देर में ही निफ्टी 168.30 अंक की उछाल के साथ 24,220.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद दिन के पहले सत्र में लगातार मामूली उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार होता रहा। दिन के दूसरे सत्र में भी करीब एक घंटे तक यही स्थिति बनी रही, लेकिन दोपहर एक बजे के करीब जबरदस्त बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली के कारण थोड़ी देर में ही निफ्टी ऊपरी स्तर से 209.80 अंक लुढ़क कर 41.50 अंक की कमजोरी के साथ 24,010.55 अंक के स्तर तक आ गया। इस जोरदार गिरावट के तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण यह सूचकांक वापस हरे निशान में पहुंच कर कारोबार करने लगा। दिनभर हुई लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी दिन के निचले स्तर से 67.95 अंक सुधर कर 26.45 अंक की मामूली मजबूती के साथ 24,078.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, फार्मास्यूटिकल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह कंज्यूमर ड्युरेबल्स, ऑयल एंड गैस और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली होती रही।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था को करना पड़ रहा है कई चुनौतियों का सामना : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को उत्पादन के स्रोतों पर बहुत ज्यादा निर्भरता, कुछ बाज़ारों तक पहुंच और संपर्क जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री जयशंकर ने ब्रुसेल्स में पहले भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद को संबोधित करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्री और बेल्जियम के उनके समकक्ष मैक्सिम प्रेवोट ने राजनीतिक, आर्थिक, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा,लोगों के आवागमन और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने बंदरगाहों, समुद्री क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और आपूर्ति श्रृंखला के खतरों को कम करने के लिए व्यापक सहयोग के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया।दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया सहित वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के बाद श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पर एक पोस्ट में कहा, ''आज ब्रुसेल्स में विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद डायलॉग की सह-अध्यक्षता की। हाल के वर्षों में हमारी साझेदारी काफी गहरी हुई है। आज की बातचीत में बेल्जियम और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों की महत्वाकांक्षा झलकती है। उन्होंने कहा, ''राजनीतिक, आर्थिक, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, मोबिलिटी और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों में हमारे सहयोग की समीक्षा की। इसके साथ ही बंदरगाहों, समुद्री क्षेत्र, सेमीकंडक्टर में अवसरों और सप्लाई चेन के जोखिम को कम करने के लिए व्यापक सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित किया। पश्चिम एशिया सहित वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। इससे पहले दिन में विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए यूरोपीय आयुक्त एकातेरिना ज़हारिएवा से भी मुलाकात की और स्वच्छ एवं हरित ऊर्ज़ा प्रौद्योगिकियों, नवाचार, स्टार्टअप और 'होरिज़ोन यूरोप' के साथ जुड़ाव में अनुसंधान के अवसरों पर चर्चा की।



अपने समकक्ष मैक्सिम प्रेवोट के साथ भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद में अपनी शुरुआती टिप्पणी में, श्री जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में जारी तनावों को क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं रखा जा सकता और उनका व्यापक असर होता है। विदेश मंत्री ने कहा, ''आज की अंतरराष्ट्रीय स्थिति में हमारे जैसे देशों के लिए, जिनके बीच करीबी रिश्ते हैं।

# आचार्य सुश्रुत के मार्ग पर चलकर चिकित्सा नैतिकता और रोगियों के प्रति करुणा बनाए रखें : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि आयुर्वेद का भविष्य युवा विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के हाथों में है। राष्ट्रपति ने उनसे आचार्य सुश्रुत के दिखाए मार्ग पर चलते हुए चिकित्सा नैतिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रोगियों के प्रति करुणामय सेवा के संकल्प पर सदैव अडिग रहने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति ने सुश्रुत जयंती के अवसर पर यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सौश्रुतम् 2026' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के नए एमआरआई स्कैन सेक्शन का भी उद्घाटन किया।




समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले आचार्य सुश्रुत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सदियों पहले उन्होंने शल्य चिकित्सा पद्धति का सूत्रपात कर अपने समय में क्रांतिकारी परिवर्तन की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि आचार्य सुश्रुत अनेक जटिल एवं नवाचारी शल्य प्रक्रियाओं के प्रवर्तक थे। उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी, मोतियाबिंद की शल्य चिकित्सा, ट्यूमर के उपचार तथा ईएनटी सर्जरी जैसे क्षेत्रों में नई तकनीकों का विकास किया। उनकी रचना 'सुश्रुत संहिता' ने भारत ही नहीं, पूरे विश्व को चिकित्सा विज्ञान की नई दिशा प्रदान की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय परंपरा में निहित मानव कल्याणकारी ज्ञान को समय की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाना समाज के हित में है। आयुर्वेद की समग्र जीवन दृष्टि मानवता के लिए अमूल्य धरोहर है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह प्राचीन ज्ञान आधुनिक समय में भी प्रासंगिक और प्रभावी बना रहे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आयुर्वेद और योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। सरकार प्राचीन आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक मानकों पर प्रमाणित करने के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मानकीकृत दस्तावेजीकरण, डिजिटल हेल्थ के एकीकरण और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान तकनीकों के प्रभावी उपयोग से आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकार्यता और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से होने वाले विचार-विमर्श से नए ज्ञान का सृजन होगा और आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा एवं मजबूती मिलेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से विश्व स्तर पर और अधिक स्वीकार्यता दिलाई जा सकती है। राष्ट्रपति ने युवा विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं से जिज्ञासा, सत्यनिष्ठा तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ व्यावहारिक अनुसंधान और उच्च गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक साक्ष्य विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां नई तकनीकों का उपयोग करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

# विधानमंडल लोकतंत्र की पाठशाला, जहां मिलता है सहमति और सेवा के मूल्यों का संस्कार : बिरला

एजेंसी

जयपुर। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडल केवल कानून बनाने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र की ऐसी 'पाठशालाएँ' हैं जहां जनप्रतिनिधि संवाद, अनुशासन, सहमति और सेवा के मूल्यों का संस्कार प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति अपने दायित्वों का पूर्णतः बोध होना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, बल्कि जनविश्वास, संवाद, गरिमा और सेवा-भावना से सुदृढ़ होता है।

बिरला राजस्थान विधान सभा के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'विधान गौरव यात्रा भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन' के उद्घाटन समारोह




को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। राजस्थान विधान सभा को अपने सार्वजनिक जीवन की प्रथम पाठशाला बताते हुए बिरला ने कहा कि इसी सदन में अर्जित लोकतांत्रिक मूल्य, संसदीय परंपराएँ और विधायी आचरण ने उन्हें छात्र नेता से विधायक, सांसद और अंततः लोक सभा अध्यक्ष बनने की यात्रा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा में उन्होंने संसदीय लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप समझा कि सुनने की संस्कृति और स्वस्थ बहस लोकतंत्र को समृद्ध बनाती है तथा इतिहास का निर्माण करती है, जबकि व्यक्तिगत मतभेद लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली प्रत्येक बहस और प्रत्येक शब्द लोकतांत्रिक इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव लोकतंत्र में हमारी अटूट आस्था, जन-जन की आकांक्षाओं तथा प्रदेश की गौरवशाली लोकतांत्रिक यात्रा का ऐतिहासिक उत्सव है। वर्ष 1952 में 160 सदस्यों के साथ प्रारंभ हुई राजस्थान विधानसभा की यात्रा आज लोकतंत्र, सुशासन और जनकल्याण की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ सरकारें और विचारधाराएं बदलीं, लेकिन जनहित सर्वोपरि रखने का संकल्प कभी नहीं बदला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव एक दिन का आयोजन नहीं है।

# 'मातृत्व विमर्श' विषय पर देश की प्रबुद्ध मातृशक्ति के साथ विशेष संवाद करेंगे भागवत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 24 जुलाई को यहां डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 'मातृत्व विमर्श' देश की प्रबुद्ध मातृशक्ति के साथ करेंगे।

विश्वमांगल्य सभा की ओर से बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी गयी। इस मौके पर आरएसएस के शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाली सभा की दो दिवसीय उत्तर भारत प्रबोधन बैठक के बारे में भी बताया गया।

विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय संगठन मंत्री वृषाली जोशी ने बताया कि विश्वमांगल्य सभा की स्थापना 19 जनवरी 2010 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुई थी। विश्वमांगल्य सभा पिछले 16 वर्षों से मातृशक्ति के सशक्तिकरण, परिवार एवं सामाजिक जागरण के क्षेत्र में कार्यरत एक राष्ट्रव्यापी संगठन है। संगठन का मूल ध्येयवाक्य 'न मातुः पर देवतम' अर्थात 'माँ से बढ़कर कोई देवता नहीं' है। मौजूदा समय में संगठन का कार्य देश के 33 प्रांतों में चल रहा है तथा 3500 दायित्वधारी कार्यकर्ता और छह लाख महिलाएं इस संगठन से जुड़ी है। हाल ही में दिल्ली सहित 23 प्रांतों में महिला अधिवेशन आयोजित किये गये, जिनमें लगभग 35 हजार महिलाओं की सहभागिता रही। इन संवादों के आधार पर संगठन ने आगामी वर्षों के लिए 'युगानुकूल मातृत्व' इस विषय पर विविध उपक्रमों द्वारा कार्य करने का तय किया है। श्रीमती जोशी ने बताया कि इस वर्ष पहली बार डॉ. भागवत ने देश की प्रबुद्ध महिलाओं के सामने विशेष व्याख्यान तथा चर्चा करने का निर्णय लिया है। उनका एक व्याख्यान यहां के डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में और एक व्याख्यान दक्षिण भारत के हैदराबाद स्थित सेवालाल बंजारा भवन में होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत की प्रबोधन बैठक 23 और 24 जुलाई को यहां के चाणक्यपुरी स्थित विश्व युवक केंद्र होगी, जबकि दक्षिण भारत की बैठक 25- 26 जुलाई को हैदराबाद में होगी। दिल्ली में आयोजित बैठक में उत्तर भारत के विभिन्न प्रांतों और क्षेत्रों से लगभग 280 प्रतिनिधि महिलाएं भाग लेंगी। इनमें जम्मू, बारामूला, अनंतनाग, लेह-लद्दाख, पश्चिम बंगाल के दूरस्थ क्षेत्रों सहित अवध, मालवा, महाकौशल, गुजरात, राजस्थान, बिहार, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और अन्य 19 प्रांतों की मातृशक्ति की सहभागिता रहेगी। 24 जुलाई को पूर्वाह्न में विश्व युवक केंद्र में डॉ. भागवत के साथ बैठक एवं प्रबोधन सत्र आयोजित होगा। इसके पश्चात शाम पांच बजे डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर उनका देश की प्रबुद्ध मातृशक्ति के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट ने...

पीठ ने कहा कि बच्चों की परेशानी को दरकिनार नहीं किया जा सकता है क्योंकि इस प्रक्रिया में धीरे-धीरे समस्या बढ़ती दिख रही है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल मेहता ने पीठ को भरोसा दिलाया कि छात्रों की व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और एस. राधा चौहान के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने सॉलिसिटर जनरल मेहता से कहा कि हम आपकी मदद मांग रहे हैं, किसी विरोधी तरीके से नहीं। कुछ समस्याएं हैं।' साथ ही पीठ ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता लक्ष्मीकांत मतादान शुक्ला के जरिए राकेश बिंजोला द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र सरकार और सीबीएसई को ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम के जरिए परीक्षा कराने के नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## 2017 से पूर्व की सरकार...

है, उसको नींद अच्छी आती है। जिसके पास चोरी का पैसा होगा, वह ठीक से सो भी नहीं पाता। उसके लिए तो जीवन नर्क से बदतर है। वर्ष 2017 के बाद सरकार की कार्यशैली में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की ओर से लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव आया था। उस समय रक्षा मंत्री ने भी इच्छा जताई थी कि यदि भूमि निःशुल्क उपलब्ध हो जाए तो परियोजना को लखनऊ में स्थापित किया जा सकता है। इसके बाद करीब 200 एकड़ भूमि चिह्नित की गई। कोरोना काल के दौरान भी प्रोजेक्ट का काम चलता रहा। इस प्रोजेक्ट को यूपी में स्थापित करने को लेकर कई सुझाव आए, लेकिन हमने इसे लखनऊ में लगाने का ही निर्णय किया, ताकि इस प्रोजेक्ट में यूपी के नौजवानों को रोजगार भी सुनिश्चित कराया जा सके। इसके लिए एकेटीयू को कैंपस चयन का केंद्र बनाया गया। इसके बाद आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुके 500 युवाओं को रोजगार मिला। इनमें लखनऊ, प्रतापगढ़, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, बदायूं, बरेली, गोरखपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा और अयोध्या समेत कई जिलों के युवा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित एक युवती का उल्लेख करते हुए कहा कि वह 27 हजार रुपये प्रतिमाह की आय अपने दम पर अर्जित कर रही है और अपनी मां का उपचार करा रही है। यही वास्तविक स्वावलंबन है। यह 27000 रुपये कई लाख पर भारी हैं। उन्होंने उस युवती की मां के उपचार में हरसंभव सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास विभाग के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान एवं मुकेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एम. के. सुंदरम और प्रमुख सचिव एमएसएमई शशि भूषण लाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश...

सरकार का लाभ हमने लिया है। इसमें यूपी सफल हुआ है। विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना को केवल डबल इंजन की भाजपा की सरकार ही पूरा कर सकती है। गत वर्ष एक रिकॉर्ड टूटा था, इस बार एक नया टूटने वाला है। यूपी में पहली बार कोई सरकार तीसरी बार लगातार रिपीट करेगी। भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार इस बार यूपी में हैट्रिक लगाएगी, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि सपा का विकास का मॉडल होता तो यूपी कबका डूब गया होता। सैफई खानदान यूपी को तबाह कर रहा था, उसका नमूना जेपीएनआईसी बिल्डिंग है। सपा ने जेपीएनआईसी को बनाने के लिए 200 करोड़ का डीपीआर बनाया था, लेकिन 800 करोड़ रुपये खर्च हो जाने के बाद भी अधूरा है। आदि गंगा की मान्यता वाली गोमती के रिवर फ्रंट के नाम पर 166 करोड़ रुपये का डीपीआर किया था लेकिन 1400 करोड़ रुपये खर्च हो गए। साथ ही कार्य भी अधूरा है। सपा सरकार में केवल सरकारी खजाना लूटा जा रहा था। सीएम ने कहा कि 2016 दिसंबर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का तत्कालीन मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। इसके बाद 15,200 करोड़ की लागत तय की गई। सरकार बदलने के बाद मई 2017 में उसकी समीक्षा की तो जमीन ही न होने का पता चला। इसमें बड़ी बेइमानी का पता चला तो टेंडर को रद्द किया गया। दो वर्ष जमीन खरीदने में लगे। 2018 में हमारे पास 90 प्रतिशत जमीन आ गई। इसके बाद 15,200 करोड़ का टेंडर मात्र 11,800 करोड़ रुपये का हो गया। इसी बजट में सपा सरकार से बेहतर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया गया। सीएम ने कहा कि यूपी की एक्साइस पॉलिसी में भी डैकती डाली जाती थी। पहले मात्र 12 हजार करोड़ रुपये की एक्साइस ड्यूटी आती थी। हमारी सरकार के लिए कठिन था, लेकिन पॉलिसी की बदल दी। आज पांच गुना ज्यादा 63,000 करोड़ रुपये एक्साइस ड्यूटी के रूप में सरकार को मिल रहे हैं। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले जब यूपी में सुरक्षा नहीं थी तो त्योहार के पहले कर्फ्यू लग जाता था, उपद्रव शुरू हो जाता है। आज हर समुदाय का पर्व व त्योहार शांतिपूर्ण ढ़ंग से पूरा हो रहा है। जिन लोगों ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई, वह आस्था की बात कर रहे हैं। साथ ही पवित्र हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाई। देश के उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दाखिल कर रहे थे कि भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण हुए ही नहीं। राम मंदिर के विरोध में अपने अधिवक्ता खड़े किए। जिन लोगों ने देश के खजाने को लूटा और पहचान का संकट खड़ा किया, आज उनको अयोध्या की चोरी दिख रही है लेकिन अपनी डकैती नहीं दिखती। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या की घटना निश्चित ही सभी रामभक्तों को आहत करती है। वह एक इंडिपेंडेंट ट्रस्ट है, जिसमें सरकार को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। ट्रस्ट के अनुरोध पर राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया। एसआईटी की रिपोर्ट आते ही ट्रस्ट ने कार्रवाई शुरू की, जो लोग चोरी करते हुए पकड़े गए उनकी व सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई। नैतिक आधार पर भी दो इस्तीफ़े हुए, लेकिन उसके नाम पर अयोध्या को, श्रीराम जन्मभूमि को बदनाम करना अथवा हिंदू आस्था पर प्रहार करना, ये न्याय संगत नहीं है। यूपी में जब यह आस्था के केंद्र देश के लिए मॉडल बन रहे और यूपी पहचान में आगे बढ़ रहा हैं तो सपा को पीड़ा हो सकती है। आस्था के केंद्रों से अर्थव्यवस्था को गति मिली है। इससे फूल बेचने वाले, रिक्शा चलाने वाले, होटल व टैक्सी संचालकों की भी आर्थिक स्थिति सुधरी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान एक नाविक ने 30 करोड़ रुपये की कमाई की थी, लेकिन ये उनको अच्छा नहीं लगाता है। सीएम ने कहा कि समृद्धि केवल दो खानदानों ने अपने नाम पर पेटेंट करा लिया है। ये एक गरीब की पीड़ा को नहीं समझ सकते। दोनों राजकुमारों ने जहां जन्म लिया है, वहां चांदी के चम्मच से खाने की आदत रही है। देर से सोकर उठने की आदत रही है। गर्मी, बरसात की पीड़ा कैसी होती है, इन्हें नहीं पता है। दोनों फीफा कप का आनंद लेने ऑस्ट्रेलिया और टूरिस्ट वीजा पर यूएस की यात्रा पर गए हैं। ये किसके पैसे से विदेश की यात्रा कर रहे हैं। यहां समाज को बांटने का काम करते है, लेकिन जनता सारी करतूतों को जानती है। सीएम ने कहा कि मुझे एक लंबे समय तक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने से पहले एक सांसद के रूप में उत्तर प्रदेश के सबसे पिछड़े क्षेत्र से देश की संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ था। विभिन्न मुद्दों के लिए जूझता था और संसद में उठाने का प्रयास करता था। कभी-कभी निराशा भी होती थी। लगता था कि बीमारी व भूख से मरना, माफिया के सामने लोगों का नतमस्तक होना, बिजली व सामान्य जनसुविधाओं के लिए लोगों को तरसना, युवाओं के सामने पहचान का संकट, किसानों की आत्महत्या उत्तर प्रदेश की नियति बन गई है। पीड़ा के साथ लगता था कि क्या इन समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। जब पार्टी ने मुझे शासन-सत्ता का संचालन करने का अवसर दिया और अब उसके सकारात्मक परिणाम को देखता हूं। ऐसा नहीं की मेरे साथ दिल्ली या गोरखपुर से कोई अलग से टीम आई हो। मेरे साथ कोई भी व्यक्ति नहीं आया। गोरखपुर से पांच बार से सांसद रहा, वहां से भी एक व्यक्ति नहीं आया। जो टीम लखनऊ में मुझे मिली, उन्हीं के साथ काम करने का प्रयास किया। उसके परिणाम सबके सामने है। सीएम ने कहा कि यूपी को इन 9 वर्षों में पहचान के संकट से उबारा है। यूपी की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। महिला कर्मचारियों की उपस्थिति तीन गुना बढ़ी है। बीमारू राज्य की श्रेणी में रहने वाला उत्तर प्रदेश 9 वर्षों में देश के टॉप तीन अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। ऐसे कौन से कारण थे, जो यूपी में नहीं हो सकते थे। सीएम ने कहा कि 2014 के पहले भी एक प्रकार की डबल इंजन की सरकार थी। केंद्र में कांग्रेस व यूपीए की सरकार थी और यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। दोनों मिलकर काम कर रहे थे लेकिन जनता में विश्वास नहीं था। इन दोनों की स्थिति एक तरफ कुआं और खाई जैसी थी। आज ये लोग जो उपदेश देते हैं, वह 2014 से पहले अंगीकार किया होता तो हाशिए पर नहीं गए होते।

## ईरान नहीं माना...

लिए हालात बेहद बुरे हो जाएंगे, क्योंकि तब उनके बिजली संयंत्रों और पुलों पर हमला शुरू हो जाएगा। हम उनके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को तब तक नष्ट करते रहेंगे, जब तक ईरान दोबारा बातचीत की मेज पर आकर समझौते की ओर पहल नहीं करता है। हमले कब तक जारी रहेंगे के सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक ईरान कोई ठोस फैसला नहीं ले लेता।' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि ईरान समझौते के लिए तैयार होगा, तो ट्रंप ने जवाब दिया कि उन्हें तैयार होना ही चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वे ऐसा करेंगे या नहीं।' ट्रंप ने समझौता करने के लिए तेहरान पर दबाव बढ़ाते हुए चेताया कि अगर ईरान ने इनकार किया तो उसे गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा, 'बेहतर होगा कि आप समझौता कर लें।' ट्रंप की यह चेतावनी भरी टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अंतरिम समझौता टूटने के बाद लगातार चार दिन से ईरान पर अमेरिकी हमले जारी हैं।

## एक देश एक चुनाव...

बार-बार चुनाव से सभी क्षेत्रों के विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है। सबसे ज्यादा प्रभावित शिक्षा होती है। शिक्षक एसआईआर, बीएलओ और मतदान की प्रक्रिया से जुड़ते हैं। हमने पाया कि तमाम सरकारी स्कूल बंद हो गए क्योंकि अभिभावक ऐसे स्कूलों में बच्चों को नहीं पढ़ाना चाहते, जहां शिक्षक पढ़ाई के अलावा दूसरे कामों में लगे रहें। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्रियों के मुताबिक अगर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों तो जीडीपी पर 1.6 फीसदी का असर पड़ेगा यानी लगभग सात लाख करोड़ रुपये बच सकते हैं। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से कहा कि अप्रैल-मई और सितंबर-अक्तूबर में अगर चुनाव हों तो वहां पर्यटन प्रभावित होता है और राज्य को इस क्षेत्र में 43 प्रतिशत का नुकसान होता है। बिहार चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमें सूरत के व्यापारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान उनके मजदूर बिहार चले गए थे इसलिए कपड़ा उद्योग काफी प्रभावित हुआ। समिति ने बुधवार को पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों के भी इस मसौदे पर विचार जाने। चौधरी ने कहा कि जेपीसी का अधिकतम कार्यकाल ही 2029 तक का हो सकता है। अगर समिति उसके पहले रिपोर्ट दे सकी और उसके आधार पर विधेयक पास करवा लिया गया तो अगले चुनाव यानी 2029 में एक साथ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में 1952 से 1967 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। अगर तब सात-आठ विधानसभाओं का कार्यकाल समय से पहले खत्म किया गया और उसके बाद से अब हर साल पांच-छह विधानसभा के चुनाव होते हैं। उन्होंने कहा कि जब साथ-साथ चुनाव हो रहे थे तब संघीय ढांचा था तो अब कैसे इसे नुकसान पहुंचेगा? उन्होंने एक साथ चुनाव होने से स्थानीय मुद्दे दब जाने के आरोप भी यह कहते हुए नकारे की जनता समझदार है। वह जानती है कि किसे वोट देना है। जेपीसी अध्यक्ष ने बताया कि मध्यावधि चुनाव होने पर उसका कार्यकाल बचे हुए वक्त तक रहने की व्यवस्था इस विधेयक में प्रस्तावित है। बचे हुए कार्यकाल तक के लिए बीच में चुनाव होने से चुनार्यों की संख्या बढ़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पंचायतों समेत स्थानीय निकायों में बचे हुए कार्यकाल तक ही बीच में चुनाव करवाए जाने की व्यवस्था है। हम इसका सफल प्रयोग कर चुके हैं। इसे देश भर में लागू किया जा सकता है। कार्यकाल के बीच में चुनाव की स्थितियों से बचने के लिए चौधरी ने सरकारों के स्थायी रहने को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि स्थायित्व के लिए और भी संशोधन किए जा सकते हैं। जैसे बचे कार्यकाल के पहले लोकसभा या विधानसभा भंग करने का अधिकार (भारत के संविधान का अनुच्छेद 85(2) और 174 (2)) में भी संशोधन का सुझाव भी समिति दे सकती है। उन्होंने कहा कि दल बदल कानून को और भी प्रभावशाली बनाया जा सकता है। इसके अलावा समिति इस पर भी विचार कर सकती है कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ ही विश्वास प्रस्ताव भी आए ताकि सरकार गिरते ही नई का गठन भी हो जाए। पीपी चौधरी ने कहा कि एक साथ चुनाव करवाने के मसले पर हम चुनाव आयोग से विस्तृत बातचीत करेंगे। हालांकि, उन्होंने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट में दावा किया है कि अगर छह महीने पहले उन्हें बता दिया जाए तो वे एक साथ चुनाव करवाने में सक्षम हैं। उन्होंने बार-बार चुनाव से मतदाताओं की भागीदारी में कमी आने की भी बात कही।

भारत-ब्रिटेन सीईटीए...

एमएसएमई, निर्यातकों और सेवा क्षेत्र को जबरदस्त लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला यह छठा मुक्त व्यापार समझौता है। इससे पहले भारत मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) और ओमान के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है। उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन के बीच सीईटीए लागू होने से भारतीय उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों, उद्योगों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप तथा युवा पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। इस करार से भारत के करीब 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटिश बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इसके अलावा ब्रिटेन से आने वाले कई उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा। इससे कीमतों में कमी आएगी।

## देश को इंफ्रास्ट्रक्चर...

छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगी। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से लगभग चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा। इसके परिणामस्वरूप दो लाख करोड़ रुपये का वार्षिक उत्पादन और एक लाख करोड़ रुपये का निर्यात संभव होगा। योजना के तहत रक्षा, अंतरिक्ष, ऑटोमोबाइल, दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और चिकित्सा उपकरण जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के लिए अत्याधुनिक चिप निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने बताया कि देश में पहले से स्वीकृत सेमीकॉन 1.0 कार्यक्रम के तहत 12 विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। तीन इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो चुका है, जबकि गुजरात के धोलेरा में टाटा का सेमीकंडक्टर संयंत्र 2028 तक उत्पादन शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा 315 विश्वविद्यालयों में चिप डिजाइन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अब तक लगभग 68 हजार छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये तीनों फैसले प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को नई मजबूती देंगे। उनके अनुसार आधुनिक परिवहन अवसंरचना, उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। साथ ही रोजगार सृजन, औद्योगिक निवेश, निर्यात वृद्धि और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। सरकार का मानना है कि इन निर्णयों से भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका और अधिक मजबूत करेगा तथा विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाएगा।

# दिल्ली में जाम, जलभराव से निपटने की तैयारी तेज, ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न एजेंसियों के साथ की समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते ट्रैफिक जाम और मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की। पुलिस मुख्यालय स्थित विमर्श कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई इस बैठक की अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) मनीष अग्रवाल ने की। बैठक में शहर के प्रमुख जाम वाले स्थानों पर यातायात सुधार, मानसून के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन और विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) संजय त्यागी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) दिनेश गुप्ता, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक (मुख्यालय-2 एवं आरएससी) एस.के. सिंह सहित दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), नगर निगम (एमसीडी), टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान विभिन्न एजेंसियों के समक्ष लंबित मुद्दों, अब तक की गई कार्रवाई और प्रस्तावित कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के चलते कई स्थानों पर यातायात सुधार संबंधी कार्यों में सकारात्मक प्रगति हुई है। साथ ही ऐसे स्थानों की भी समीक्षा की गई, जहां मानसून के दौरान जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या अधिक रहती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाकर चल रही आधारभूत परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। साथ ही विभागों के बीच लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान कर राजधानी में ट्रैफिक का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए।

विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) मनीष अग्रवाल ने सभी एजेंसियों से समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राजधानी में ट्रैफिक जाम, जलभराव और अन्य यातायात संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सभी विभागों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार भविष्य में भी इस तरह की नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखी जा सके और राजधानी में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके।

## पंजाब, कर्नाटक, दिल्ली की एसआईआर तारीखों में बदलाव, अगस्त तक बीएलओ जायेंगे घर–घर




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने पंजाब, कर्नाटक और दिल्ली की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़ी तारीखों में बदलाव किया है। चुनाव आयोग ने संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए तारीखों में बदलाव की घोषणा की है। इसके अनुसार दिल्ली और कर्नाटक में अब 08 अगस्त तक बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर फॉर्म वितरण एवं एकत्र कर सकेंगे। पहले यह तारीख 30 जून थी। इसके अलावा मतदाता केंद्रों के पुनर्वर्गीकरण को 08 अगस्त तक समाप्त करना होगा। दोनों राज्यों से जुड़ी मसौदा मतदाता सूची 17 अगस्त को जारी की जाएगी। इन पर 16 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराए जा सकते हैं और 15 अक्टूबर तक सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को जारी होगी।

वहीं, पंजाब में बीएलओ 03 अगस्त तक घर-घर जा सकते हैं। 03 अगस्त तक ही मतदान केन्द्रों का पुनर्रवर्गीकरण होगा। मसौदा मतदाता सूची 13 अगस्त को जारी की जाएगी 12 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। इनका निस्तारण 08 अक्टूबर तक किया जाना है। 12 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

## हर की पौड़ी से 'गॉड होम जर्नी' चैनल का शुभारंभ, अध्यात्म ही मानवता का स्थायी समाधान : मास्टरजी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी अपने मिशन 800 करोड़ के तहत हरिद्वार पहुंचे। बुधवार को प्रेस क्लब हरिद्वार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने अपने नए आध्यात्मिक यूट्यूब चैनल गॉड होम जर्नी के शुभारंभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चैनल का उद्घाटन 13 जुलाई को हरिद्वार हर की पौड़ी पर किया गया। उन्होंने कहा कि यह चैनल उन साधकों के लिए समर्पित है, जो आत्मज्ञान, मानसिक शांति और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को जानना चाहते हैं। चैनल पर प्रतिदिन उपलब्ध होने वाली आध्यात्मिक वाणियों और प्रवचनों को नियमित सुनने से व्यक्ति का सांसारिक मोह-माया से लगाव कम होता है तथा वह धीरे-धीरे सत-चित्त-आनंद की अवस्था की ओर अग्रसर होता है।

पत्रकार वार्ता में मास्टरजी ने वर्तमान समय में युवाओं के सामने बढ़ती मानसिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद, अनिद्रा, आत्महत्या के विचार और नशीले पदार्थों की लत जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल अध्यात्म के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं को और जीवन के वास्तविक स्वरूप को समझता है, तभी वह अपने असली अस्तित्व से जुड़ पाता है। यही जुड़ाव उसे हर परिस्थिति को स्वीकार करने की शक्ति देता है और उसके जीवन में मानसिक शांति तथा सकारात्मक परिवर्तन लाता है।

मास्टरजी ने बताया कि वर्ष 2007 में आत्म-साक्षात्कार प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपना जीवन मानव कल्याण और आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित कर दिया। पिछले 18 वर्षों से वे लाखों लोगों के साथ व्यक्तिगत रूप से अपने अनुभव और आध्यात्मिक ज्ञान को पूरी तरह निशुल्क साझा कर रहे हैं। उनके अनुसार इस दौरान उन्होंने देखा कि 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुर्गों में भी अध्यात्म के माध्यम से सकारात्मक बदलाव आया है। इन्हीं अनुभवों के आधार पर दिसंबर 2023 में उन्होंने 'मिशन 800 करोड़' की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य पृथ्वी पर रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक जीवन का वास्तविक ज्ञान और स्थायी खुशी का संदेश पहुंचाना है। इस अभियान का ध्येय वाक्य 'खुशी की गारंटी' है। उन्होंने बताया कि अब तक देशभर में लगभग 300 आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उनके प्रवचन भारतीय रक्षा बलों, पुलिस मुख्यालय, बार एसोसिएशन, विभिन्न विश्वविद्यालयों, वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव तथा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भी आयोजित हो चुके हैं। मास्टरजी ने कहा कि उनका संदेश सरल है, ह्लरोज एक वाणी और सारे दुख दूर।

# केंद्र ने ओडिशा व झारखंड में रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली,। केंद्र सरकार ने ओडिशा और झारखंड में रेल मंत्रालय की 3,907 करोड़ रुपये की लागत वाली दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दी। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में प्रस्तावित इन परियोजनाओं से रेलवे नेटवर्क में करीब 145 किलोमीटर की वृद्धि होगी तथा इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस परियोजना पर मुहर लगाई गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने पारादीप-हरिदासपुर रेलखंड के दोहरीकरण तथा राजखरसावां-डांगोआपोसी रेलखंड पर चौथी लाइन बिछाने की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं से लाइन क्षमता बढ़ेगी, जिससे रेल परिचालन अधिक कुशल और विश्वसनीय बनेगा तथा यातायात का दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप तैयार की गई हैं। इनका उद्देश्य मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाना है, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। इन परियोजनाओं से ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में स्थित लगभग 1,526 गांवों, जिनकी कुल आबादी करीब 14 लाख है, को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के आर्थिक विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा, जो प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रेल मंत्रालय के अनुसार क्षमता विस्तार से ललितगिरि बौद्ध परिसर, श्री बलदेवज्यू मंदिर और मेघाहातुबुरु पहाड़ियों जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क बेहतर होगा, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा सरकार ने बताया कि ये रेल मार्ग कोयला, लौह अयस्क, डोलोमाइट, चूना पत्थर और जिप्सम जैसी प्रमुख खनिज एवं औद्योगिक वस्तुओं के परिवहन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परियोजनाओं के पूरा होने पर माल ढुलाई क्षमता में 44 मिलियन टन प्रतिवर्ष की अतिरिक्त वृद्धि होगी। सरकार के अनुसार रेल परिवहन ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल माध्यम है। इन परियोजनाओं से देश की लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी, लगभग 6 करोड़ लीटर तेल आयात की बचत होगी तथा 29 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर पर्यावरणीय लाभ के समान है।

## महिला से कथित छेड़छाड़ पर बवाल, हरियाणा के दो युवकों की भीड़ ने की पिटाई, वीडियो वायरल

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित खड़खड़ी में देर रात महिला से कथित छेड़छाड़ के आरोप को लेकर जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि हरियाणा से आए कुछ यात्रियों ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और भीड़ ने दो युवकों की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला से कथित छेड़छाड़ की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने आरोपित युवकों को पकड़ लिया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। वायरल वीडियो में कई लोग युवकों की पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि कुछ महिलाएं उनके खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप लगाती नजर आ रही हैं। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की।

## सतीकुंड पुनरोद्धार परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप, अशोक त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से मांगा जवाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। भाजपा के वरिष्ठ नेता, हरिद्वार के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व मेला प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं श्रीगंगा सभा के पूर्व अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने सतीकुंड पुनरोद्धार परियोजना को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत वाले कार्य को 61 करोड़ रुपये में स्वीकृत कर गुजरात की एक कंपनी को सौंपा गया है। उन्होंने मेला अधिकारी सोनिका पर परोक्ष रूप से धमकी देने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पूरे मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की। त्रिपाठी ने कहा कि परियोजना की डीपीआर यूयूआईडीसी द्वारा तैयार की गई,



कार्यदायी संस्था एनबीसीसी को बनाया गया और ठेका अहमदाबाद की कंपनी को दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उत्तराखंड में सक्षम एजेंसियां मौजूद हैं तो बाहर की कंपनी को काम क्यों दिया गया। मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूरे मामले पर सार्वजनिक जवाब और डीपीआर सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सतीकुंड एक प्राचीन एवं पौराणिक तीर्थ है। कार्तिक पूर्णिमा पर यहां हरकी पैड़ी से भी अधिक श्रद्धालु स्नान और पूजा के लिए आते थे। तीर्थ का पुनरोद्धार होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेला अधिकारी सोनिका पर परोक्ष रूप से धमकी देने का आरोप लगाते हुए त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें डराने या गुमराह करने की कोशिश न की जाए। उन्होंने कहा कि वह 20 बार जेल जा चुके हैं और राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान भी जेल गए थे। पार्टी संगठन पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों से भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं की बात सुनने के लिए कोई मंच नहीं है। उत्तराखंड राज्य आंदोलन में हरिद्वार को राज्य में शामिल कराने में अपनी भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज हरिद्वार की उपेक्षा हो रही है। त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलने के कई प्रयास किए, लेकिन समय नहीं मिला।

## इस्तीफा नहीं, जिम्मेदारी निभा रहा हूं, बीकेटीसी कोई फ्रेंचाइजी नहीं : हेमंत द्विवेदी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) से जुड़े कथित अनियमितता प्रकरण को लेकर अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल पर मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोषी कोई भी हो, उसे कानून के अनुसार सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने गोदियाल को तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर सार्वजनिक बहस की एक बार फिर चुनौती दी है। यह बातें बुधवार को बीकेटीसी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को हेमंत द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मामला सामने आते ही संबंधित कर्मचारी को निलंबित किया गया,प्राथमिकी दर्ज कराई गई और सरकार ने उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और विभागीय स्तर पर अलग-अलग जांच चल रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के इस्तीफ़े के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर द्विवेदी ने अपने इस्तीफ़े की संभावना से इनकार करते हुए कहा,'बीकेटीसी कोई फ्रेंचाइजी नहीं है। मैं इस्तीफा नहीं, अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं।' उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दावा किया कि विवाद से जुड़े कर्मचारी की नियमित नियुक्ति वर्ष 2014 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में शासन ने मंदिर समिति में 34 पद स्वीकृत किए थे, जिनमें इंटरनेट कोऑर्डिनेटर का पद भी शामिल था। बाद में संबंधित कर्मचारी सहित अन्य अस्थायी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया गया। उनका आरोप था कि नियमितीकरण के बाद संबंधित कर्मचारी को नियमों के विपरीत उच्च वेतनमान और ग्रेड-पे का लाभ देने की प्रक्रिया अपनाई गई।

उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान कर्मचारियों की तैनाती अध्यक्ष नहीं, बल्कि मुख्य कार्याधिकारी द्वारा तैयार किए गए रोस्टर के आधार पर की जाती है। किसी कर्मचारी को अध्यक्ष का निजी स्टाफ बताना तथ्यों के विपरीत है। हेमंत द्विवेदी ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कार्यकाल में बीकेटीसी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए समिति की निधि का उपयोग अन्य कार्यों में किया गया। उनका आरोप था कि समिति की धनराशि से विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों, चमोली जिले के एक मंदिर और टिहरी जिले में सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ निर्णय ऐसे बोर्ड की बैठक में लिए गए, जिसमें अधिनियम के अनुसार आवश्यक कोरम पूरा नहीं था। एफआईआर दर्ज होने में देरी और संबंधित कर्मचारी को कथित क्लीन चिट दिए जाने के आरोपों पर द्विवेदी ने कहा कि तीन जुलाई को मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने मुख्य कार्याधिकारी को तत्काल जांच, सीसीटीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी स्तर पर संबंधित कर्मचारी को क्लीन चिट नहीं दी।

उन्होंने कहा कि सरकार का रुख पूरी तरह स्पष्ट है और जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि पूर्व के कार्यकाल में भी किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी भी जांच कराई जानी चाहिए।

द्विवेदी ने कहा कि चारधाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। मंदिरों की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत हो।

उन्होंने गणेश गोदियाल के चुनौती दोहराते हुए कहा कि वह बदरीनाथ और केदारनाथ धाम को साक्षी मानकर दस्तावेजों के आधार पर सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि तिथि और समय का निर्धारण कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करें,जबकि स्थान उन्होंने दोनों धाम प्रस्तावित किए हैं।

## अमृतसर में आतंकी साजिश नाकाम, आईएसआई का गुर्गा हैंड ग्रेनेड और पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक व्यक्ति को हैंड ग्रेनेड, 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार करके सीमा पार की आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि रूपनगर के गांव सुखसाल का रहने वाला सुमित कुमार उर्फ पंडित (24) इस समय अमृतसर के पंडोरी वड़ैच में रह रहा था। वह इंस्टाग्राम के जरिए सीमा पार के आईएसआई हैंडलरों के संपर्क में था और उसे कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए पुलिस संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने और इसमें शामिल अन्य सहयोगियों तथा हैंडलरों की पहचान के लिए आगे की जांच की जा रही है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने सुमित कुमार उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर लिया और शुरू में उसके कब्जे से एक ग्लॉक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।

# श्रम अधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर, श्रमिकों को योजनाओं व अधिकारों की दी गई विस्तृत जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। श्रम अधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को उप श्रमायुक्त कार्यालय सभागार में ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर सह एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को श्रम कानूनों, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन उप श्रमायुक्त राकेश रंजन, संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) प्रतिमा कुमारी, विभिन्न प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों, कार्यालय कर्मियों एवं कामगार यूनियनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



उप श्रमायुक्त राकेश रंजन ने जिले के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे महिला एवं पुरुष श्रमिकों का स्वागत करते हुए कहा कि विभाग का लक्ष्य सरकारी योजनाओं और श्रमिक अधिकारों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों से अपने-अपने पंचायतों में कम से कम 100 लोगों को श्रम कानूनों एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बाल श्रम को सामाजिक अभिशाप बताते हुए कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2026 से लागू नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार सामान्य नियोजन में अकुशल श्रमिकों के लिए 436 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 452 रुपये, कुशल के लिए 551 रुपये तथा अतिकुशल श्रमिकों के लिए 672 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किए गए हैं। यदि किसी श्रमिक को निर्धारित दर से कम मजदूरी दी जाती है तो वह श्रम विभाग में शिकायत दर्ज करा सकता है। संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) प्रतिमा कुमारी ने कहा कि श्रम विभाग की यह पहल श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। शिविर के दौरान बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना तथा बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। साथ ही ई-श्रम पोर्टल, प्रवासी कामगार ऐप, नए श्रम कानूनों और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिकों का निबंधन किया गया तथा उन्हें विभागीय प्रचार-प्रसार सामग्री, यात्रा भत्ता और एक दिन की अतिरिक्त मजदूरी उपलब्ध कराई गई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063